RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 288
नई दिल्ली, शनिवार, 28 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सुशील अब भी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवानः पूनिया

स्पोर्ट्स-10

# हमले की आशंकाओं के बीच काबुल से उड़ानें शुरू

- बाइडन ने हवाई अड्डे के बाहर हुए बम धमाकों में जान गंवाने वाले अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की प्रतिबद्धता जताई हमले में मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा हुई
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा-हम अपने नागरिकों और अफगान सहयोगियों को सुरक्षित निकालेंगे व 31 अगस्त की समय सीमा पर कायम रहेंगे



प्रतीकात्मक फोटो

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/काबुल

**अफगानिस्तान** पर तालिबान के कब्जे के बाद देश से भाग रहे हजारों हताश लोगों को निशाना बनाकर किए गए दो आत्मघाती बम धमाकों और इनमें 100 से ज्यादा लोगों की जान जाने के एक दिन बाद लोगों को निकालने के लिए राजधानी काबुल से उड़ानें शुक्रवार को फिर से शुरू हो गईं। अमेरिका का कहना है कि देश के सबसे लंबे युद्ध को समाप्त करने के लिए विदेशी सैनिकों की वापसी की मंगलवार की समय सीमा से पहले और हमले होने की आशंका है। काबुल से प्रस्थान करने वाले विमानों की आवाज़ और गूंजती प्रार्थना के बीच, हवाई अड्डे के बाहर व्याकुल भीड़ है। एक जगह हवाई अड्डे से करीब 500 मीटर की दूरी पर भारी हथियारों के साथ तालिबान के दर्जनों सदस्य किसी को भी आगे बढ़ने से रोक रहे थे।

अफगान और अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अगस्त 2011 के बाद से अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना के लिए सबसे घातक दिन में, काबुल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बृहस्पतिवार के बम धमाकों में कम से कम 95 अफगान और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए। एक अधिकारी ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर शुक्रवार को बताया कि वास्तविक मृतक संख्या ज्यादा हो सकती है क्योंकि अन्य लोगों ने मौके से शायद शवों को हटा लिया होगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि करीब 115 लोग मारे गए हैं। काबुल के वजीर अकबर खान अस्पताल के बाहर कम से कम 10 शव मैदान में पड़े हुए थे, जहां रिश्तेदारों ने बताया कि मुर्दाघरों ने और शव लेने से मना कर दिया है। अफगानों ने कहा कि मृतकों में से कई के शव लावारिस पड़े हैं क्योंकि परिवार के सदस्य दूरस्थ प्रांतों से आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि हम अमेरिकियों को सुरक्षित निकालेंगे, हम अपने अफगान सहयोगियों को बाहर निकालेंगे और हमारा अभियान जारी रहेगा, लेकिन मंगलवार 31 अगस्त की समय-सीमा बढ़ाने के अत्यधिक दबाव के बावजूद उन्होंने अपनी योजना पर कायम रहने के पीछे आतंकवादी हमलों को कारण बताया। बाइडन ने हमले में मारे गए 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की प्रतिबद्धता जतायी और इसके लिए जिम्मेदार आतंकवादियों से कहा कि हम तुम्हें मार गिरायेंगे ( शेष पेज 9 )

## हमारी मुख्य चिंता भारतीयों की सुरक्षा हैः सरकार

- स्वदेश लौटने की इच्छा रखने वाले अधिकांश भारतीयों को अफगानिस्तान से निकाला जा चुका है
- युद्धग्रस्त पड़ोसी देश पर है नई दिल्ली की सतर्क नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एक** दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से सभी भारतीय नागरिकों को निकालने का भरोसा देने के बाद सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने स्वदेश लौटने की इच्छा करने वाले तकरीबन सभी भारतीयों को वहां से निकाल लिया गया है।

नई दिल्ली ने साफ किया कि अफगास्तिान में हालात को देखते हुए तालिबान सरकार को मान्यता देना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत का पूरा ध्यान अफगानिस्तान में फंसे अपने नागरिकों को वापस लाने पर है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति पर लगातार सावधानीपूर्वक नजर रखे हुए हैं। यह उभरती हुई स्थिति है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत, अफगानिस्तान में तालिबान को मान्यता देगा, बागची ने कहा कि काबुल में किसी इकाई के सरकार बनाने को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं या स्पष्टता की कमी है। बागची ने कहा ( शेष पेज 9 )

## 'अमेरिकी अफसरों ने तालिबान को सौंपी मददगार अफगानों की सूची'

**एजेंसी।** वॉशिंगटन

**अफगानिस्तान** में अमेरिका के अधिकारियों ने तालिबान को उन अफगान नागरिकों को निशाना बनाने के लिए 'हत्या सूची' सौंप दी जिन्होंने देश में अमेरिकी बलों की सहायता की थी। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। 'पोलिटिको' के मुताबिक इस महीने की शुरुआत में तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा कर लेने के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने आतंकवादी समूह को अमेरिकी नागरिकों, ग्रीन कार्ड धारकों और अफगान सहयोगियों के नामों की सूची सौंप दी ताकि उन्हें काबुल में हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास तालिबान नियंत्रित इलाके में प्रवेश की अनुमति दी जाए। 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमले के बाद युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना और अन्य पश्चिमी बलों का सहयोग करने वाले अफगानों की तालिबान द्वारा बर्बरता से हत्या किए जाने के बावजूद यह निर्णय किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि तालिबान द्वारा देश पर कब्जा करने के बाद अफगानिस्तान की राजधानी में मची अफरा-तफरी के बीच हजारों नागरिकों को बाहर निकालने के बीच यह कदम उठाया गया।

# एक सितंबर से खुल जाएंगे कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल

- कॉलेज, विवि और कोचिंग सेंटर भी अगले माह की शुरुआत में खुलेंगे
- छठीं से आठवीं तक की कक्षाएं आठ सितंबर से होंगी शुरू



**संजय राय।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में एक सितंबर से चरणबद्ध तरीके से स्कूल खुलेंगे। इसके अलावा कोचिंग संस्थान विश्वविद्यालय और कॉलेज भी खोले जाएंगे। माता-पिता व अभिभावकों की मंजूरी के बिना बच्चों को स्कूल आने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। ऑफ लाइन के साथ ऑनलाइन भी क्लासेस जारी रहेंगी। स्कूलों में सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन होगा।


दिल्ली सरकार स्कूलों के लिए एसओपी जारी करेगी। पहले चरण के अनुभवों के आधार पर अन्य कक्षाओं को भी खोलने के बारे में फैसला लिया जाएगा। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की शुक्रवार को हुई बैठक में इस संबंध में फैसला किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना के कम होते मामलों के बीच पूरे एहतियात के साथ दिल्ली में अब धीरे-धीरे स्कूलों को खोला जा रहा है ताकि बच्चों की पढ़ाई के नुकसान को कम किया जा सके। हमें जिंदगी को वापस पटरी पर भी लाना है और बच्चों की सेहत और पढ़ाई, दोनों का ध्यान भी रखना है। उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल, एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने हिस्सा लिया।

इसके बाद सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में शिक्षण संस्थानों को खोलने की जानकारी साझा की। सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली समेत देशभर में कोरोना के मामलों में लगातार कमी आ रही है। इसे देखते हुए ये निर्णय लिया गया है कि जिस प्रकार चरणबद्ध तरीके से व्यावसायिक गतिविधियों को शुरू किया गया ( शेष पेज 9 )

# राजनीतिक खींचतान के बीच राहुल जाएंगे छत्तीसगढ़

- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के साथ मैराथन बैठक के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी जानकारी





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** की छत्तीसगढ़ इकाई में खींचतान और राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ लंबी बैठक के बाद कहा कि सभी राजनीतिक और राज्य की योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही उनके आमंत्रण पर राहुल गांधी अगले सप्ताह राज्य का दौरा करेंगे।

राहुल गांधी के साथ करीब साढ़े तीन घंटे की मैराथन बैठक के बाद बघेल ने मुख्यमंत्री पद के ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर सिर्फ यह कहा कि कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ने जो पिछले दिनों कहा था, उसके बाद कोई बात बाकी नहीं रह जाती। दरअसल, राहुल गांधी के साथ गत मंगलवार को हुई बघेल और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव की बैठक के बाद पुनिया ने कहा था कि नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। राहुल गांधी के आवास पर शुक्रवार को बघेल के साथ बैठक में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और पुनिया मौजूद थे। इस बीच, बघेल के समर्थक 30 से अधिक विधायक एवं पूर्व विधायक दिल्ली में मौजूद हैं और कांग्रेस मुख्यालय में वेणुगोपाल से मुलाकात कर रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा के मद्देनजर वे मुख्यमंत्री का समर्थन करने पहुंचे हैं। इससे पहले करीब 20 विधायकों ने कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इन विधायकों ने नेतृत्व परिवर्तन नहीं करने और बघेल को ही मुख्यमंत्री बनाये रखने की पैरवी की है। मुख्यमंत्री बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच चल रही तनातनी की स्थिति को देखते हुए विधायकों के दिल्ली पहुंचने से यह चर्चा गर्म है कि मुख्यमंत्री की ओर से कांग्रेस आलाकमान के समक्ष शक्ति प्रदर्शन करने का प्रयास है, हालांकि बघेल के करीबियों ने इससे इनकार किया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री का सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरा विश्वास है तथा शक्ति प्रदर्शन जैसी कोई बात नहीं है।

बघेल के समर्थक विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में हम छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं। हम आलाकमान से बात करेंगे। सभी विधायक एकजुट हैं। पिछले दिनों बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद बुधवार को रायपुर लौटने पर बघेल ने कहा था कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के आदेश से वह इस पद पर आसीन हुए हैं और उनके कहने पर तत्काल इस पद को त्याग देंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री पद के ढाई—ढाई वर्ष के बंटवारे का राग अलाप रहे लोग प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता लाने ( शेष पेज 9 )

# सिद्धू के सलाहकार मलविंदर सिंह माली ने छोड़ा पद

**भाषा।** चंडीगढ़



**कश्मीर** पर अपनी विवादित टिप्पणियों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे मलविंदर सिंह माली ने शुक्रवार को पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के सलाहकार का पद छोड़ दिया। हालांकि, माली ने इसे इस्तीफा नहीं कहा। माली ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, मैं विनम्रतापूर्वक कहता हूं कि मैं नवजोत सिंह सिद्धू को सुझाव देने के लिए दी गई अपनी सहमति वापस लेता हूं। माली ने एक अन्य फेसबुक पोस्ट में दावा किया कि उनके इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि उन्होंने कभी इस पद को स्वीकार नहीं किया था।

उन्होंने पंजाबी में किए गए एक पोस्ट में कहा, न तो कोई पद स्वीकार किया था और न ही किसी पद से इस्तीफा दिया है। पंजाब में सत्ता संघर्ष के बीच मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने रविवार को सिद्धू से कहा था कि वह अपने सलाहकारों को काबू में रखें। सिंह ने यह बात सिद्धू के दो सलाहकारों द्वारा कश्मीर और पाकिस्तान जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बेतुकी टिप्पणी किए जाने के बाद कही थी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पंजाब मामलों के प्रभारी हरीश रावत ने भी कहा था कि दोनों सलाहकारों को हटाए जाने की जरूरत है। सिद्धू ने 11 अगस्त को पूर्व सरकारी शिक्षक एवं राजनीतिक विश्लेषक माली और बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज के पूर्व रजिस्ट्रार प्यारे लाल गर्ग को अपना सलाहकार नियुक्त किया था। माली ने अपने पोस्ट में कहा, पंजाब विरोधी और सिख विरोधी ताकतें, जो शांतिपूर्ण और लंबे समय से चले आ रहे किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि में उभरे पंजाब मॉडल और पारदर्शिता एवं जवाबदेही की राजनीति को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं, उनकी उस वार्ता प्रक्रिया को पटरी से उतारने की नापाक मंशा है, जिसने आकार लेना शुरू किया है... हाथ बांधकर (ऐसी ताकतों के खिलाफ) लड़ना मेरे लिए अस्वीकार्य है और इसे खारिज करते हुए मैं विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूं कि मैं नवजोत सिंह सिद्धू को सुझाव देने के लिए अपनी सहमति वापस ( शेष पेज 9 )

## फैसला लेने नहीं दिया तो ईंट से ईंट बजा देंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने पार्टी नेतृत्व से कहा है कि उन्हें फैसले लेने की आजादी दी जाए, नहीं तो वह मुंहतोड़ जवाब देंगे। दूसरी तरफ, कांग्रेस काकहना है कि पार्टी की राज्य इकाइयों के प्रमुख कांग्रेस के मापदंडों और संविधान के दायरे में रहकर फैसले करने के लिए स्वतंत्र हैं। इस बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव और पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि अगर राज्य इकाई के प्रमुख फैसले नहीं करेंगे तो कौन करेगा। सिद्धू ने ( शेष पेज 9 )

## पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं रावत

**भाषा।** चंडीगढ़



उत्तराखंड में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि वह चाहते हैं कि उन्हें कांग्रेस के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए।उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव अभियान समिति के प्रमुख रावत ने कहा कि उनके मन में यह था कि राज्य विधानसभा चुनाव पर पूरा ध्यान लगाने के लिए वह पंजाब प्रदेश कांग्रेस की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने का आग्रह करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने ( शेष पेज 9 )

## असम के दीमा हसाओ में संदिग्ध उग्रवादियों ने पांच ट्रक चालकों की हत्या की

**दीफू/हाफलांग।** असम के दीमा हसाओ जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने कोयला ले जा रहे पांच ट्रक चालकों की हत्या कर दी और उनके वाहनों में आग लगा दी। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस ने बताया कि दियुनमुख पुलिस थाने से करीब पांच किलोमीटर दूर रंगेरबील इलाके में बृहस्पतिवार रात दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी के संदिग्ध उग्रवादियों ने ट्रकों पर गोलियां चलाई। पुलिस ने कहा कि उग्रवादियों ने दो ट्रक ड्राइवरों की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि तीन अन्य को उनके वाहनों के साथ जलाकर मार डाला। उन्होंने बताया कि ट्रक दीमा हसाओ के उमरांगशु से कोयला लेकर होजई जिले के लंका जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ट्रक मालिकों ने दावा किया कि उग्रवादियों ने उनसे पैसे की मांग की थी। उन्होंने अधिकारियों से पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,124 | ↑ 175 | |
| निफ्टी | 16,705 | ↑ 68 | |
| सोना | 46,312 | ↑ 99 | /10g |
| चांदी | 61,667 | ↑ 32 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आगरा में जहरीली शराब मामले में सात गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में जानलेवा जहरीली शराब की आपूर्ति मामले में पुलिस ने दो शराब ठेकों के मालिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज ने बताया कि जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले की जांच में सामने आया है किजहरीली शराब का एक गिरोह सक्रिय है जिसका सरगना दारा सिंह है,जो खेरागढ़ का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि सरकारी ठेकों के खुलने के पहले और बंद होने के बाद भी गांव में किराना की दुकानों पर शराब की बिक्री की जाती है और उसी के आधार पर पुलिस ने कार्वाई करते हुए शराब के दो ठेकों के मालिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

# खुदकुशी के लिए उकसाने में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

- जांच के लिए गठित एसआईटी की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई, हजरतगंज थाने में बसपा सांसद व पूर्व आईपीएस के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सुप्रीम** कोर्ट के सामने आत्मदाह करने वाली रेप पीड़िता के मामले में लखनऊ की हजरतगंज पुलिस ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को गोमती नगर के विराम खंड स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। अमिताभ को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में देर शाम अदालत में पेश किया गया।

प्रभारी सीजेएम सत्यवीर सिंह ने अमिताभ ठाकुर को नौ सितम्बर तक के लिए न्यायिक हिरातस में जेल भेज दिया। अमिताभ की यह गिरफ्तारी इस मामले में शासन के आदेश पर जांच के लिए गठित एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। अमिताभ ठाकुर व बसपा सांसद अतुल राय के खिलाफ शुक्रवार को ही एसएसआई दयाशंकर द्विवेदी की तहरीर पर आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी।

बसपा सांसद रेप के इसी मामले में दो साल से प्रयागराज जेल में बंद हैं। इसके पहले शुक्रवार की सुबह अमिताभ ठाकुर को विधानसभा चुनाव जनसंपर्क के लिए गोरखपुर जाने से पुलिस ने रोका था और घर पर ही नजरबंद किया गया था। अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी के दौरान जमकर हंगामा हुआ। अमिताभ ठाकुर को गिररफ्तार कर वाहन में बैठाने के लिए पुलिस वालों को मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान अमिताभ ठाकुर ( शेष पेज 9 )

# टीके से नहीं, कोविड-19 के बाद प्रतिकूल प्रभाव का खतरा अधिक

- ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने शोध में बताई टीकाकरण की महत्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जिन** लोगों ने अभी वैक्सीन नहीं लगवाई या जो साइड इफैक्ट का हवाला देकर टालते जा रहे हैं, वे यह जान लें कि संक्रमण के बाद रक्त जमने जैसी प्रतिकूल घटनाएं टीका लगने के बाद नहीं, बल्कि सार्स-कोव-2 की चपेट में आने बाद ज्यादा सामने आई हैं। यानी नुकसान वैक्सीन से नहीं, महामारी के संक्रमण से है। यह बात टीकाकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए ब्रिटेन में हुए एक शोध में कही गई है। प्रतिकूल घटनाएं मिलने के बाद कई देशों में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन, जिसे भारत में कोविशील्ड के रूप में जाना जाता है, के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (बीएमजे) में प्रकाशित शोध में 29 मिलियन से अधिक लोगों को शामिल किया गया, जिन्हें दिसंबर 2020 और अप्रैल 2021 के बीच टीके की पहली खुराक लगी चुकी थी। शोध के निष्कर्षों से पता चला कि हालांकि किसी भी टीके की पहली खुराक के बाद रक्त का थक्का जमने का खतरा अधिक रहा, लेकिन यह खतरा उन लोगों में इससे भी अधिक मिला जिन्हें सार्स-कोव-2 संक्रमण के कारण कोविड पॉजिटिव पाए गए। शोध पत्र की प्रमुख लेखक और यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड में क्लीनिकल एपिडेमियोलॉजी एंड जनरल प्रैक्टिस की प्रोफेसर जूलिया हिप्पीस्ले-कॉक्स ने कहा कि लोगों को कोविड वैक्सीन के बाद उभरने वाले खतरों के बारे में लोगों को जागरूक रहना चाहिए और किसी भी आशंका होने पर फौरन डॉक्टरों से सलाह लें, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज न करें कि सार्स-कोव-2 की चपेट में आने के बाद प्रतिकूल प्रभावों का अधिक खतरा रहता है और ये लंबे समय तक व्यक्ति को प्रभावित करते हैं। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में प्राइमरी केयर रिसर्च एंड डवलपमेंट के प्रोफेसर तथा उसर इंस्टीट्यूट के निदेशक अजीज शेख ने कहा कि 29 मिलियन से अधिक टीकाकरण वाले लोगों के डेटा का उपयोग करते हुए इस शोध से पता चला कि टीके की पहली खुराक के बाद खून के थक्के और अन्य रक्त विकारों का जोखिम बहुत कम है। शेख इस शोध पत्र के सह लेखक भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि टीके के मुकाबले कोविड संक्रमण के बाद प्रतिकूल प्रभाव का खतरा बहुत अधिक होता है।

# सीएम अशोक गहलोत की एंजियोप्लास्टी हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की शुक्रवार को जयपुर के सरकारी सवाई मान सिंह अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई। डाक्टरों के अनुसार वे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें दो तीन दिन पूर्ण आराम की सलाह दी गई है।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा सुधीर भंडारी ने बताया, मुख्यमंत्री की तीन मुख्य धमनियों में से एक में 90 प्रतिशत अवरोध मिला। उनकी एक धमनी की एंजियोप्लास्टी हुई। एक धमनी में स्टेंट लगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गहलोत अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द ही सामान्य कामकाज करने लगेंगे। भंडारी ने कहा, जैसे ही स्टेंट लगा, उनके सारे दिक्कत वाले लक्षण खत्म हो गए। वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। वह एक दो दिन में सामान्य रूप से काम करने लगेंगे। गहलोत (70) इस साल अप्रैल में कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। उसके बाद से वह कोरोना के बाद के प्रभावों का सामना कर रहे हैं। भंडारी ने बताया कि कांग्रेस नेता को गर्दन में दर्द के साथ छाती में हल्का दर्द था, उन्हें छाती, पीठ और दाहिने हाथ में भारीपन के असामान्य लक्षण थे और उनका ईसीजी नॉर्मल था। उन्होंने बताया कि उनके असामान्य लक्षण के साथ उन्हें कार्डियक वर्क-अप ( शेष पेज 9 )

# जेवर एयरपोर्ट के 2 रनवे 4 किलोमीटर लंबे होंगे

## स्विस कंपनी के प्रतिनिधिमंडल के किया दौरा, दयानतपुर गांव के पास बनेगा मुख्य द्वार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में बनने वाले रनवे 4 किलोमीटर लंबे होंगे और दो रनवे के बीच की दूरी 2 किलोमीटर होगी।

दयानतपुर गांव के पास एयरपोर्ट का मुख्य द्वार होगा। जेवर एयरपोर्ट की साइट में स्विस कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। कम्पनी अफसरों ने पूजा अर्चना की।

इसके बाद साइट पर मीटिंग हुई और इन तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। मिली जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट के लिए बनाई गई कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के दफ्तर का निर्माण बुधवार को शूरू हो गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर की विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड



प्रतीकात्मक फोटो

वाईआईएपीएल का 20 सदस्यीय दल गुरुवार को एयरपोर्ट साइट पर पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने साइट पर पूजा अर्चना की और काम की शुरुआत की है। इसमें वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ सेलमैन भी शामिल थे। सदस्यों ने यहां पर होने वाले कामों को लेकर चर्चा की है। वाईआईएपीएल ने अपना अस्थाई दफ्तर किशोरपुर गांव के पास बनाया है। यहीं पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पहुंचे और तमाम बिंदुओं पर चर्चा की। वाईआईएपीएल ने ट्विटर बताया था कि बुधवार को स्विट्जरलैंड से कंपनी के अधिकारी आएंगे लेकिन किन्हीं कारणों से यह दल गुरुवार को पहुंचा। इस दल में करीब 20 सदस्य शामिल रहे। आपको बता दें कि जेवर एयरपोर्ट की साइट पर काम शुरू हो गया है। पिछले दिनों साइट पर साफसफाई और समतलीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए चंद्र प्रकाश इंजीनियरिंग सीपीई नाम की कंपनी काम कर रही है।

कंपनी ने अपनी सारी मशीनरी मौके पर पहुंचा दी है। इसके अलावा किशोरपुर गांव के पास कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अस्थाई दफ्तर बना लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले चरण में साफ सफाई और समतलीकरण का काम होगा।

इसके साथ ही चारदिवारी वाईआईएपीएल का दफ्तर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल की बिल्डिंग बनाई जाएगी। शुरुआत में इन्हीं कामों की अनुमति दी गई है। उसी के अनुरूप यहां पर अब काम शुरू हो गया है।

### यात्री एक ही गेट से कर सकेंगे प्रवेश और निकासी

*एयरपोर्ट के मास्टर प्लान के मुताबिक दयानतपुर के समीप मुख्य दरवाजा बनाया जाएगा। यह देश का पहला एयरपोर्ट होगा जिसका प्रवेश और निकास एक ही तरफ होगा। एयरपोर्ट के पहले चरण का काम कई भागों में बांटकर किया जाएगा। रनवे की लंबाई करीब 4 किलोमीटर होगी और दो रनवे की बीच की दूरी 2 किलोमीटर होगी। यहां पर टर्मिनल बिल्डिंग कार्गो ईंधन फॉर्म वाहनों की पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन केंद्र आदि बनाया जाएगा। विकासकर्ता कंपनी यहां पर इनफर्मेशन सेंटर बनाएगी ताकि यहां आने वाले लोगों को एयरपोर्ट के निर्माण के बारे में सारी जानकारी मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में आए सदस्यों ने यहां पर होने वाले कामों की चर्चा की। कहां पर रनवे बनेगा, गेट किस तरफ होगा बाउंड्रीवाल का स्ट्रक्चर किस तरह से बनाया जाएगा। इन तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य यहां कई घंटे तक रहे। उन्होंने पूरे इलाके का जायजा लिया।*

जल्द ही एयरपोर्ट का शिलान्यास करवाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका शिलान्यास करने आएंगे। भव्य समारोह आयोजित करने के लिए तैयारियां चल रही हैं।

# यूनिटेक से वसूली आसान नहीं : सुप्रीम कोर्ट

- नोएडा अथॉरिटी को कहा, फ्लैट खरीदारों की तरफ देखिए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नोएडा प्राधिकरण और यूनिटेक समूह के बीच बकाया को लेकर चल रहे विवाद पर सुनवाई की।

अदालत ने कंपनी को प्राधिकरण का बकाया भुगतान करने के लिए



एक व्यावहारिक समाधान खोजने का निर्देश दिया है। अथॉरिटी ने कम्पनी से 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की मांग की है। केंद्र सरकार ने कम्पनी का नया प्रबंधन नियुक्त किया है। हालांकि नए प्रबन्धन ने तर्क दिया कि यह मांग समझौते की पूरी तरह से अवहेलना है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन लाना चाहिए, क्योंकि 15,000 घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए रियल एस्टेट कंपनी को पुनर्जीवित करना जरूरी था। जिन्होंने एक दशक पहले अपना पैसा निवेश किया था लेकिन अभी भी अपने घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जुर्माना और ब्याज जोड़कर 8,063 करोड़ रुपये की मांग यूनिटेक बिल्डर से की है।

# ग्रेनो प्राधिकरण के स्वच्छता अभियान में 50 तालाब साफ

**नोएडा।** प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के गांवों में स्थित तालाबों की सफाई करने का अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्राधिकरण अब तक 50 से अधिक तालाबों की सफाई करा चुका है। अगले 2 महीने में शेष सभी तालाबों की सफाई का लक्ष्य रखा गया है। ग्रेटर नोएडा में इस समय 144 तालाब है।

ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के आदेश पर ग्रेटर नोएडा में स्थित गांवों के तालाबों की सफाई का अभियान चल रहा है। ग्रेटर नोएडा के 119 गांवों में 144 तालाब स्थित हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम नियमित तौर पर तालाबों की सफाई करा रही है। रूपवास गांव के निवासी राजकुमार का कहना है कि तालाबों की सफाई होने से जल संचयन को भी बढ़ावा मिला है।

इससे गांव का भूजल स्तर भी सुधरेगा। तालाब की सफाई से गांवों की खूबसूरती भी बढ़ गई है। गांव धूम मानिकपुर निवासी उदय नागर का कहना है कि तालाब की सफाई के साथ ही डस्टबिन भी रख दी गई है। लोगों को डस्टबिन में कूडा डालने के लिए कहा गया है। प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने सभी वर्क सर्किल इंजीनियरों को सभी तालाबों की सफाई शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

# दिव्यांग महिला की हत्या में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली कासना क्षेत्र के घंघोला गांव में दिव्यांग महिला की गला दबाकर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मृतका की बहन की शिकायत पर आरोपी पति समेत पांच लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया था। आरोप है कि महिला के पति के दूसरी महिला से संबंध है। पत्नी से पीछा छुड़ाने के लिए पति वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। कोतवाली कासना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि घंघोला में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस जांच-पड़ताल कर रही थी।

## संक्षिप्त समाचार



वैक्सीनेशन का रजिस्ट्रेशन कराते हुए नागरिक।

### गाजियाबाद में टीकाकरण महाकुंभ का आयोजन

**गाजियाबाद।** हॉट सिटी गाजियाबाद में शुक्रवार को वैक्सीनेशन का महाकुंभ आयोजन किया गया। हिन्द नगर, सूर्य इन्क्लेव, नेहरू नगर एच ब्लाक में एक दिवसीय कैंप लगया गया। कैंप का रिबन काट कर राज्यमंत्री अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वालो ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेन्द्र मित्तल ने आयोजको से कहा कि वैक्सीन लगवाने आये सभी लोगो को जरूरत की सभी सुविधा दी जाये। आने वाले सभी लोगों को पीने का पानी, बैठने के लिए हवादार स्थान जैसी सुविधा होनी चाहिए। इसी क्रम में समाजसेवी अनुज मित्तल ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार कोरोना से सावधानी के लिए पूर्णरूप से सतर्क है। भाजपा के कार्यकर्ता तीसरी लहर के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश योगी के नेतृत्व में वेक्सिनेशन में प्रथम स्थान पर है। यदि हम सभी के नजदीक में किसी व्यक्ति ने वेक्सीन नही लगवायी है तो उसे वेक्सीन लगवाने के लिए हमे प्रेरित करना है। राजेन्द्र मित्तल ने जितेंद्र यादव, दयानंद बंसल को व्यवस्थित कैंप लगाने के लिए बधाई दी।

### ऋतु माहेश्वरी ने समस्याओं के निराकरण दिया आश्वासन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 75 के इंडोसम सोसायटी के निवासी सौरभ सक्सेना व अन्य क्षेत्रीय विधायक पंकज सिंह से मिलकर सर्फाबाद गांव के श्मशासन स्थल और सड़क पर कूड़े के ढेर व अन्य क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने इस संबंध में निवासियों की बैठक नोएडा अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी से करवाई। बैठक में ऋतु माहेश्वरी ने शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

### शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में सहारनपुर की शामली पर जीत

गाजियाबाद। मेरठ रोड स्थित एचआर आईटी मैदान में खेली गई 40 उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में सहारनपुर ने शामली को हराकर बालक वर्ग का खिताब जीता। जबकि गाजियाबाद को तीसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में गाजियाबाद विजेता बनी। मुजफ्फरनगर द्वितीय व बनारस को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संरक्षक चौधरी धर्मपाल सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान यह प्रतियोगित आयोजित की गई। एसोसिएशन के चुनाव भी संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति से अजय पाल सिंह प्रमुख अध्यक्ष, अंजुल अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद बिलाल, तारकेश्वर प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार कोषाध्यक्ष व शैलेश कुमार, अमर यादव सदस्य चुने गए ।

### भाजपा पदाधिकारी ने दी धर्म परिवर्तन की चेतावनी




**नोएडा।** भाजपा में जनपद मंत्री थाना सूरजपुर के शाहदरा गांव निवासी नवीन भाटी ने असामाजिक तत्वों से परेशान होकर सूरजपुर स्थित डीएम ऑफिस पर धरना प्रदर्शन के साथ धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी है। नवीन भाटी द्वारा प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ असामाजिक तत्व उनकी जान के पीछे पड़े हुए हैं। उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उनका कहना है कि वह पुलिस को कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन उस पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही झूठे मामलों में फंसाकर जिला कारागार में निरुद्ध कर दिया है।




# नोएडा कोविड अस्पताल में तैयारियों का लिया जायजा

**नोएडा।** कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह एलर्ट है। मुख्यमंत्री के आदेश पर राज्य के सभी 75 जिलों में स्वास्थ्य विभाग मॉक ड्रिल कर रहा है। इसके जरिए स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

राजधानी लखनऊ से एक टीम शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर-39 में स्थित कोविड अस्पताल पहुंची। यहां टीम के सदस्यों ने अस्पताल का मुआयना किया। मशीनें बेड लिफ्ट फायर और दूसरी बिंदुओं की जांच.पड़ताल की। गौतमबुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा ने बताया शासन के आदेश पर एक टीम आज कोविड अस्पताल का दौरा कर रही है। वे अस्पताल में लगी मशीनें पीडियाट्रिक बेड और मरीजों-तीमारदारों के लिए जरूरी सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं।

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद उपाध्याय/ चांदनी उपाध्याय/ एलबीजीयूआर00004365063 | फ्लैट नंबर 1504, 15वां तल, टावर –2, यूनिबेरा टावर्स, सेक्टर–1, प्लॉट नंबर जीएच–16एफ, ब्लॉक–डी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 55,50,194/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | विकास झा/खुशबू एलबीडीईएल00004270331 | फ्लैट नंबर 2108, 21वां तल, टावर –4 यूनिबेरा, प्लॉट नंबर जीएच–16एफ, ब्लॉक–बी, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 38,32,125/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | पवन कुमार/सुषमा कुमारी एलबीएनओडी00004276360 | फ्लैट नंबर 2204, 22वां तल, यूनिबेरा टावर –2, प्लॉट नंबर जीएच–16एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 62,46,230/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | सुशील कुमार पांडे/सीमा पांडे एलबीडीईएल00004251374 | फ्लैट नंबर 0704, 7वां तल, ब्लॉक–जी 5, प्लॉट नंबर 8, सेक्टर–1, ईको विलेज–1, टावर–जी 5, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 75,03,336/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | पूजा जुयाल/अंकित गुप्ता एलबीडीईएल00002938126 | फ्लैट नंबर 903, 9वां तल, टावर 5, टावर–3,4,5, प्लॉट नंबर जीएच–16 एफ, यूनिबेरा सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 38,87,637/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | राजीव कपूर/सुमन कपूर एलबीडीईएल00003365027 | फ्लैट नंबर 1402, टावर ए, 14वां तल, एम्स ग्रीन एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच–4, सेक्टर–4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 29,53,178/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | फैसल आरिफ/मुकर्रम अली एलबीएनओडी00002408962 | फ्लैट नंबर 901, 9वां तल, टावर –ए, प्लॉट नंबर जीएच–07ए, सेक्टर–चाई–5, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/26 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 47,32,644/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | प्रियंका तक्ष सूद/तक्ष कृष्णा दास एलबीएनओडी00002408121 | फ्लैट नंबर 1701, 17वां तल, टावर –1, प्लॉट नंबर जीएच–01सी, सनवर्ल्ड डवलपर्स प्रा. लि., सेक्टर–168, सन वर्ल्ड ऐरिस्टा, उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 1,15,23,162/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | सचिन/दीप्ति शर्मा एलबीएनओडी00004562504 | फ्लैट नंबर टी2–1004, 10वां तल, टावर –डी, "यूनिबेरा टावर" प्लॉट नंबर जीएच–16एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/25 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 42,20,955/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | सुरेन्द्र प्रसाद पांडे/उर्मिला पांडे एलबीएनओडी00004433543 | फ्लैट नंबर टी1–2102, 21वां तल, टावर –1, "यूनिबेरा टावर्स" प्लॉट नंबर जीएच–16एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/25 अगस्त, 2021 | 19–01–2021 रू. 33,47,060/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | फैसल आरिफ/मुकर्रम अली एलबीएनओडी00002394509 | फ्लैट नंबर 1101, 11वां तल, टावर –ए, कासा ग्रैंड, प्लॉट नंबर जीएच–07ए, सेक्टर–चाई–5, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/26 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 59,47,279/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | वर्तिका श्रीवास्तव/राकेश श्रीवास्तव एलबीएनओडी00002224780 एलबीएनओडी00002224771 एलबीएनओडी00002224778 | फ्लैट नंबर एस–506, 5वां तल, लाइफ सुइट गायत्री लाइफ, प्लॉट नंबर 1एफ, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 फ्लैट नंबर एस–505, 5वां तल, ब्लॉक लाइफ सुइट्स, गायत्री लाइफ, प्लॉट नंबर 1एफ, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा–201307 फ्लैट नंबर एस–504, 5वां तल, टावर लाइफ सुइट्स, गायत्री लाइफ, प्लॉट नंबर 1एफ, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा–201307/25 अगस्त, 2021 | 26–03–2021 रू. 62,64,366/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | विकास बंसल/सुमन बंसल एलबीएनओडी00002409680 | फ्लैट नंबर 557, 5वां तल, टावर –जी, गौड़ अतुल्यम, टावर एफ और जी, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–ओमीक्रोन 1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/26 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 18,67,169/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | सुरेन्द्र कुमार शर्मा/मदन पाल/ ललित कुमार शर्मा/राकेश कुमार शर्मा एलबीडीईएल00002424455 | प्लॉट नंबर 50, सेक्टर–अल्फा, ब्लॉक–बी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/26 अगस्त, 2021 | 12–04–2021 रू. 86,46,574/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | राजुल गर्ग/अनुपमा/ एलबीजीएचजेड00004917838 | प्लॉट नंबर 323, ब्लॉक–सी, सेक्टर–एक्सयू–III, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/26 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 40,20,459/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16. | सिद्धार्थ कुमार एलबीडीईएल00001765279 | फ्लैट नंबर 503, आम्रपाली ग्रैंड, 5वां तल, जीएच–09, जीटा–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/26 अगस्त, 2021 | 25–03–2021 रू. 12,26,540/– | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 27–08–2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# तीन तस्कर गिरफ्तार, लाखों की शराब बरामद

**गाजियाबाद।** आबकारी विभाग, जिला प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान हरियाणा राज्य से तस्करी कर लाखों की शराब ला रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

इस शराब को वह पश्चिमी यूपी के जिलों में आपूर्ति करने के लिए ला रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से लाखों रुपये को तस्करी की शराब बरामद की है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को आबकारी विभाग, पुलिस व प्रशासन की टीमों ने रामपार्क क्षेत्र में दबिश दी ।




पुलिस गिरफ्त में जब्त माल के साथ आरोपी।

# हवाई उड़ानों की सुरक्षा के लिए खतरा बना कूड़ा

**हिंडन एयर बेस**

- एयरफोर्स अधिकारियों ने जिला प्रशासन को लिखा पत्र



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा राजनगर एक्सटेंशन से सटे सीकरोड गांव के जंगल के गड्ढों में डाला जा रहा कूड़ा हिंडन एयरबेस के हवाई उड़ानों की सुरक्षा के लिए खतरा बनता जा रहा है।

लोगों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हिंडन एयरपोर्ट प्रशासन ने जिला प्रशासन को इस संबंध में दो बार में दो पत्र लिखे हैं और अवैध रूप से डाले जा रहे इस कूड़े को तत्काल बंद करने को कहा है। दरअसल नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा डंप करने के लिए कोई स्थान अभी तक चिन्हित नहीं है। नगर निगम ने राजनगर एक्सटेंशन से सटे सिकरोड गांव के पास अवैध रूप से कूड़ा डाल रहा है। इस कारण वहां पक्षी मंडराते रहते हैं।

हिंडन एयरफोर्स बेस का रनवे भी मात्र 6 किलोमीटर दूरी पर है। खास बात यह है कि फ्लाइट सेफ्टी एक्ट के मुताबिक 10 किलोमीटर परिधि में किसी भी प्रकार का कूड़ा डालना प्रतिबंधित है।

इस सम्बंध में हिंडन एयर बेस प्रशासन ने एक पत्र शिकायतकर्ता लिखा है। एक टीम द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमे पता चला है कि निगम द्वारा जो कूड़ा डम्प किया जा रहा है। वह एयर स्पेस नियमों का उल्लंघन है। इसको बंद करने के लिए डीएम को दो बार पत्र लिखा जा चुका है।

# मिशन शक्ति-3 : डीसीपी ने किया जेल का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण के तहत डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला जब जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंची तो महिला बंदियों ने सुविधाओं को लेकर उनसे गुहार लगाई। इस पर डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला ने महिला बंदियों को उनके बच्चों को रिश्तेदार के घर भिजवाने का भरोसा दिया है।

मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण के तहत डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला द्वारा जिला कारागार के महिला बंदी सुधार गृह बैरक का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी महिला सुरक्षा द्वारा महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों का हालचाल जाना। कारागार प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी महिला बंदियों से बातचीत की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल अधिकारियों को कुछ जरूरी दिशा निर्देश दिए व बंदियों की समस्याओं को भी सुना।

लंबे समय से जेल में बंद महिला बंदियों द्वारा अपनी बेल की समस्या को लेकर डीसीपी महिला सुरक्षा को भी अवगत कराया गया।

# एनजीटी की रोक के बाद भी सिटी क्लब का निर्माण चालू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी की रोक के बावजूद शहर की पॉश कॉलोनी राज नगर में पार्क की जमीन पर सिटी क्लब का निर्माण शुरू हो गया है। इस निर्माण के विरोध में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव और जीडीए के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर इस निर्माण पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

खास बात यह है कि पार्क में निर्माण को लेकर एनजीटी ने कुछ वर्ष पहले जीडीए की पार्क की जमीन पर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। यही नहीं एनजीटी ने प्रश्न गत पार्क और शहर के अन्य सभी ग्रीन बेल्ट को फिर से विकसित करने और



उन्हें पुराने रूप में लाने के निर्देश उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को आदेश दिए थे। जीडीए ,नगर निगम, यूपीएसआईडीसी और उत्तर प्रदेश सरकार को इस याचिका में पक्षकार बनाया गया था। प्रमुख सचिव को लिखे गए पत्र में पर्यावरणविद आकाश वशिष्ठ ने आरोप लगाया है, जीडीए ने राज नगर सेक्टर-7 में सिटी क्लब का निर्माण कार्य पुन: शुरु कर दिया है।

# लिफ्ट में 20 मिनट तक फंसी रही बुआ-भतीजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- दम घुटने से मासूम बच्ची हुई बेहोश

नोएडा के सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क में बुधवार की देर रात को करीब 12 बजे पी.टावर की लिफ्ट में बुआ और उनकी एक साल की भतीजी करीब 20 मिनट तक फंसी रही। महिला ने अलार्म भी बजाया लेकिन अलार्म ने काम नहीं किया।

20 मिनट तक घुटन और बिना बिजली के कारण एक साल की मासूम बच्ची बेहोश हो गई। जब इस मामले की जानकारी सोसाइटी के एओए से की गई तो पीड़ित परिवार के साथ बदतमीजी की है। इस मामले में अब परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

हाइड पार्क में हेमराज चंदेल अपने परिवार के साथ रहते है। उन्होंने बताया कि बुधवार की देर रात करीब 12 बजे परिवार में नीतू और उनकी एक साल की बच्ची अन्या नीचे टहलाने गई थी। देर रात को करीब 12:30 बजे तक दोनों में से कोई भी वापस नहीं आया तो उन्होंने दोनों की तलाश करना शुरू किया।

तलाश करते समय पता चला कि दोनों लिफ्ट में करीब 20 मिनट से फंसे हुए है। उन्होंने सोसाइटी के अन्य लोगों को सुरक्षाकर्मियों के साथ मिलकर किसी तरीक के उनको बाहर निकाला। नीतू का कहना है कि अपने फ्लैट में वापस जाते समय अचानक बिजली चली गई। जिसके कारण लिफ्ट रुक गई। उन्होंने अलार्म बटन काफी बार दबाया, लेकिन अलार्म बटन ने काम नहीं किया, उन्होंने मदद के लिए काफी आवाज लगाई लेकिन किसी से नहीं सुनी। इस दौरान उनके साथ एक साल की मासूम बच्ची बेहोश हो गई। इमरजेंसी लाइट नहीं होने के कारण से पंखा भी बंद हो गया। हेमराज चंदेल ने बताया कि पावर कट होने पर बैकअप के काम न करने से लिफ्ट का अलार्म नहीं बजता है। वहीं, लिफ्ट में लगा पंखा, सीसीटीवी कैमरा, इंटरकॉम, गार्ड के पास रखा फोन तक काम करना बंद कर देते हैं। लिफ्ट में इमरजेंसी लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। हेमराज चंदेल का कहना है कि जब गुरूवार को इस मामले की जानकारी सोसाइटी के एओए अध्यक्ष अश्विनी त्रिपाठी को दी थी। उन्होंने उनके साथ बदतमीजी की। जिसके बाद उन्होंने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार , 28 अगस्त, 2021



# होनहारों की प्रतिभा निखारेंगे देश के मेंटर

## सरकार ने सोनू सूद को बनाया ब्रांड एंबेसडर, जल्द जारी होंगे कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर तबके के होते हैं। इनके माता-पिता भी ज्यादा शिक्षित नहीं होते। उनका मार्ग दर्शन करने वाले भी

● प्रतिभावान बच्चों को किसी एक क्षेत्र में आगे बढ़ने में मिलेगी मदद: केजरीवाल

कम होते हैं। इन बच्चों को पता नहीं होता कि किस क्षेत्र में अपना भविष्य संवारे। उनकी इस दुविधा को दूर करने के मकसद से दिल्ली सरकार सितंबर में देश के मेंटोर कार्यक्रम शुरू करेगी। इसके लिए वह देश भर के विभिन्न क्षेत्रों के जानेमाने लोग को इस कार्यक्रम से जोड़ेगी।

ये लोग बच्चों को करियर में किस तरह आगे बढ़ना है, इसके बारे में उनका मार्गदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील की है कि वे आगे आएं और बच्चों के मेंटोर बने।



प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अभिनेता सोनू सूद।

दिल्ली सरकार के पायलट प्रोजेक्ट देश के मेंटर्स के ब्रांड अम्बेसडर फिल्म अभिनेता सोनू सूद होंगे। केजरीवाल ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया है। सूद के साथ एक साझा संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि देश के मेंटर्स पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर चल रहा था। इसकी सफलता को देखते जल्द ही इस कार्यक्रम को सितंबर में लॉन्च किया जाएगा। इसके तहत पढ़े लिखे लोग सरकारी स्कूलों के बच्चों के मेंटर बनेंगे और उन्हें गाइड करेंगे। सूद खुद भी बच्चों के मेंटर बनेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही एक फिल्म पॉलिसी भी लाने जा रहे हैं, जिसे लेकर वह सोनू से चर्चा करेंगे।

इस कार्यक्रम के जरिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को एक मेंटर खोजने में मदद मिलेगी, जो बच्चों में उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करेंगे। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए अपना नाम दर्ज कराने वाले मेंटर्स द्वारा बच्चों को उनके करियर से संबंधित सवालों के जवाब दिया जाएंगे।

दिल्ली सरकार को सोनू सूद के रूप में देश का मेंटर मिल गया है और वे इस कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए सहमत हो गए हैं। देश के मेंटर पहल का प्रमुख चेहरा बनने के बाद सोनू सूद ने देश भर के लोगों से अनुरोध किया कि वे आगे आएं और बच्चों की शिक्षा का समर्थन करें और देश को उज्जवल कल की ओर ले जाएं। इस बीच सियासत में प्रवेश और आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ने को लेकर एक सवाल के जवाब को सोनू बड़ी चतुराई के साथ टाल दिया। उन्होंने बताया राजनीति पर चर्चा नहीं हुई।

यह उससे भी बड़ा मुद्दा है। मालूम हो कि लॉकडाउन के कारण देशभर में फंसे लोगों को उनके घर पहुंचाने में मदद करने के बाद अभिनेता राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए थे।

### पंजाब व गोवा चुनावों में सोनू सूद की लोकप्रियता भुनाने की कोशिश : भाजपा

फिल्म अभिनेता सोनू सूद को देश के मेंटोर कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा आदेश गुप्ता ने कहा है कि मेंटोर प्रोग्राम हो, स्किल डेवलपमेंट या फिर शिक्षा लोन केजरीवाल ऐसे सभी प्रोग्राम केवल युवाओं को गुमराह करने के लिए बनाते हैं। इनमें से किसी योजना का लाभ युवाओं को आज तक नहीं मिला है। सूद को ब्रांड एंबेसडर बनाना युवाओं को योजना का लाभ देने के लिए नहीं बल्कि पंजाब, गोवा समेत अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों में उनकी छवि का लाभ उठाने के मकसद से की गयी है।

# छत्रसाल स्टेडियम में खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के लिए बनेंगे 64 कमरे

● पांच मंजिला इमारत के लिए रखी गई नींव, 20.92 करोड़ की आएगी लागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों एवं उनके कोच को बेहतर सुविधाएं देने के लिए छत्रसाल स्टेडियम में आवासीय हॉस्टल का निर्माण शुरू हो गया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को इसकी नींव रखी। कुल 20.92 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पांच मंजिला इस हॉस्टल में 64 कमरे बनाए जाएंगे। इस हॉस्टल में दो मैट वाले रेसलिंग हॉल, मेडिकल रूम, जिम, स्टीम बाथ के साथ-साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इस हॉस्टल का निर्माण कार्य लगभग 16 महीनों में पूरा हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हॉस्टल बनने से खिलाड़ियों को लाभ होगा। वे स्टेडियम में रहते हुए ही अपने खेल व ट्रेनिंग पर ध्यान दे सकेंगे। छत्रसाल स्टेडियम अब तक कुश्ती में देश को पांच ओलंपिक मेडल दे चुका है। इन आधुनिक सुविधाओं, हॉस्टल और कोचिंग के साथ स्टेडियम में आगे भी देश के लिए विश्वस्तरीय पहलवानों को तैयार किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। खिलाडियों ने ट्रेनिंग के दौरान मिशन एक्सीलेंस और प्ले एंड प्रोग्रेस स्कीम के तहत मिले आर्थिक सहयोग को लेकर दिल्ली सरकार का धन्यवाद किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब खिलाड़ी मेडल जीत कर लाते हैं तो उन्हें सभी सम्मानित करते है और करोड़ों के इनाम देते हैं, लेकिन जब खिलाड़ी मेडल लाने से पहले मैदान में ट्रेनिंग के दौरान पसीना बहाते हैं, उस समय उनकी मदद कोई नहीं करता।

दिल्ली सरकार ने इस परिपाटी को बदला है। सरकार 'प्ले एंड प्रोग्रेस' और 'मिशन एक्सीलेंस' कार्यक्रम के तहत बेहतर ट्रेनिंग और कोच और स्पोर्ट्स इक्विपमेंट के लिए आर्थिक मदद करती है।

# 30 विभागों की 450 सेवाओं का डिजिटलीकरण

● कारोबार में सुगमता को बढ़ावा देना : पांडे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने शासन में प्रमुख सुधार करते हुए लगभग 30 विभागों की 450 सेवाओं का डिजिटलीकरण किया है। इसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में जीवन जीने और कारोबार को बढ़ावा देना है।

डीएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक और परियोजना के नोडल अधिकारी विवेक पांडे ने शुक्रवार को बताया कि इस साल के शुरूआत में



व्यापार और आम नागरिकों से जुड़ी 596 सेवाओं की प्रक्रिया को आसान, युक्तिसंगत और डिजिटल बनाने के लिये एक कवायद शुरू की गई थी ताकि समय और लागत को कम किया जा सके। साथ ही जीवन जीने और कारोबार में सुगमता को बढ़ावा दिया जा सके।

इन 596 सेवाओं और कागजी कामकाज में से, 450 को 15 अगस्त तक सरलीकरण और डिजिटलीकरण के माध्यम से सुव्यवस्थित किया जा चुका है। इनमें से 210 सेवाएं सीधे आम लोगों की सेवाओं जैसे संपत्ति उत्परिवर्तन, जन्म प्रमाण पत्र, विभिन्न परिवहन विभाग सेवाओं, स्कूल पंजीकरण, व्यापार लाइसेंस आदि से संबंधित थीं। शेष 123 सेवाओं में से 110 श्रम विभाग से संबंधित थीं। इनमें से 95 सेवाओं को नयी श्रम संहिता में शामिल किया जाना था और विभिन्न विभागों की कुल 28 सेवाओं को युक्तिसंगत बनाया जाना था।

## दिल्ली में बुजुर्ग को लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी में एक वरिष्ठ नागरिक के साथ कथित रूप से लूटपाट करने के आरोप में 18 वर्षीय एक युवक और एक किशोर को पकड़ा गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनमें से एक की पहचान उसी इलाके के निवासी अजय के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि जहांगीरपुरी के ईई ब्लॉक के पास दो लोगों ने एक वरिष्ठ नागरिक से 1,050 रुपये लूट लिए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की गई और दोनों आरोपियों की पहचान कर ली गई। बाद में इलाके में छापेमारी की गई और उन्हें पकड़ लिया गया।

# डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के खिलाफ तैयारी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● उत्तरी निगम ने मॉसक्यूटो टर्मिनेटर एक्शन किया शुरू

उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा उत्तर रेलवे के सहयोग से शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली क्षेत्र में 'मॉसक्यूटो टर्मिनेटर एक्शन' का शुभारंभ किया गया। उत्तरी दिल्ली के महापौर इकबाल सिंह ने मॉसक्यूटो टर्मिनेटर ट्रेन को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मॉसक्यूटो टर्मिनेटर एक्शन द्वारा उत्तरी दिल्ली क्षेत्र में रेलवे लाइन के आसपास के इलाकों में मॉसक्यूटो टर्मिनेटर ट्रेन में रखे पॉवर स्प्रेयर द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा। मॉसक्यूटो टर्मिनेटर ट्रेन नई दिल्ली से चलकर, पुरानी दिल्ली, सदर बजार, सब्जी मंडी स्टेशन, अजादपुर, बादली एवं नरेला में रेलवे लाइन के आसपास कीटनाशक दवा का छिड़काव करेगी। उत्तरी दिल्ली के



महापौर, श्री राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मॉसक्यूटो टर्मिनेटर एक्शन निगम द्वारा रेलवे के सहयोग से डेंगू, मलेरिया एवं चिकुनगुनिया के खतरे को समाप्त करने का कारगर, गंभीर और प्रभावी कदम है।

## हुमायूंपुर गांव का नाम बदल हनुमानपुर करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सफदरजंग एन्क्लेव से भाजपा पार्षद राधिका अबरोल ने शुक्रवार को प्रस्ताव दिया कि हुमायूंपुर गांव का नाम बदलकर हनुमानपुर किया जाना चाहिए। उन्होंने दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के दक्षिण जोन की जोनल समिति की बैठक में यह प्रस्ताव रखा।

प्रस्ताव में अबरोल ने कहा मुगल काल के दौरान दिल्ली के सभी गांवों का नाम जबरन बदला गया था। सफदरजंग एन्क्लेव के वार्ड संख्या 61 में स्थित हुमायूंपुर गांव भी इसमें शामिल है जो एसडीएमसी के अधिकार क्षेत्र के तहत शहरीकृत गांव की श्रेणी में आता है। प्रस्ताव में कहा गया, हुमायूंपुर गांव के लोगों की लंबे समय से यह मांग है कि इसका नाम बदलकर हनुमानपुर रख दिया जाए।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने किया 25 सितंबर को भारत बंद का आह्वान

● केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ नौ माह से धरने पर बैठें हैं किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ जारी प्रदर्शनों की अगुवाई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने 25 सितंबर को भारत बंद का आह्वान किए जाने की शुक्रवार को घोषणा की।

एसकेएम ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य पिछले साल नवंबर से शुरू हुए किसान आंदोलन को और अधिक मजबूती और विस्तार देना है। दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एसकेएम के आशीष मित्तल ने कहा, हम 25 सितंबर को भारत बंद का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह पिछले साल इसी तारीख को आयोजित इसी तरह के बंद के बाद हो रहा है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह पिछले साल के बंद की तुलना में ज्यादा सफल रहेगा, जो कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बीच हुआ था।

शुक्रवार को संपन्न हुए किसानों के अखिल भारतीय सम्मेलन के समन्वयक ने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम सफल रहा और 22 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें न सिर्फ कृषि संघों के बल्कि महिलाओं, मजदूरों, आदिवासियों के साथ-साथ युवाओं और विद्यार्थियों के कल्याण के लिए काम करने वाले संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान, पिछले नौ महीनों से चल रहे किसानों के संघर्ष पर चर्चा और विचार-विमर्श हुआ, और कृषि कानूनों के खिलाफ उनके आंदोलन को अखिल भारतीय आंदोलन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

मित्तल ने कहा, सम्मेलन के दौरान, इस बात पर चर्चा की गई कि सरकार कैसे कॉरपोरेट समर्थक है और किसान पर हमला कर रही है। कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के विरोध प्रदर्शन को गुरुवार को नौ महीने पूरे हो गए। सरकार के साथ 10 दौर से अधिक की बातचीत भी दोनों पक्षों के बीच गतिरोध को तोड़ने में विफल रही है।

# नगर निगम के संपत्ति कर ऑफिस 28-29 को खुले रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

संपत्ति करदाताओं की सुविधा और संपत्ति कर समाहरण के तय लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य के लिए पूर्वी और दक्षिण दिल्ली नगर निगम के सभी संपत्ति कर कार्यालय 28 अगस्त 2021 (शनिवार) तथा 29 अगस्त 2021 (रविवार) के दिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुले रहेंगे।

बता दें कि संपत्तिकर भरने की आखिरी तिथि 31 अगस्त 2021 है। सभी संपत्ति करदाताओं से अनुरोध है कि वे अपना देय संपत्ति कर 31 अगस्त 2021 तक संपत्ति कर कार्यालयों में जमा करा दें। सभी कार्यालय सुबह 9बजे से शाम 5.30 तक खुले रहेगे।

ऑनलाइन संपत्तिकर जमा करने हेतु विशेष प्रबंध किये गये है और करदाताओं की सहायता के लिये विभाग द्वारा काउंटर भी लगाये गये है। संपत्तिकर भुगतान की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। करदाताओं 15 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने के लिए संपत्तिकर भुगतान की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 से पहले कर जमा करायें।

# कोविड-19 के 46 नए मामले, कोई मौत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को कोविड-19 के किसी मरीज की मौत नहीं हुई जबकि 46 नए मामले सामने आए। शहर के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण की दर 0.06 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय राजधानी में वैश्विक महामारी की दूसरी लहर शुरू होने के बाद से 17वीं बार ऐसा हुआ है जब किसी दिन में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 18 जुलाई, 24 जुलाई, 29 जुलाई, दो अगस्त, चार अगस्त, आठ अगस्त, 11 अगस्त और 12 अगस्त, 13 अगस्त ,16 अगस्त, 20 अगस्त, 21 अगस्त, 22 अगस्त, 23 अगस्त और 24 अगस्त और 26 अगस्त को भी कोविड-19 से किसी की मौत नहीं हुई थी।

इस साल दो मार्च को, शहर में कोरोना वायरस के कारण किसी की मौत नहीं हुई थी। उस दिन 217 नए मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 0.33 प्रतिशत थी।

# दिल्ली में लीजिए पहाड़ों वाले अद्भुत व्यंजनों का स्वाद

● हिमाचल भवन की कैंटीन में उपलब्ध होगा पारंपरिक पकवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हिमाचल के पहाड़ों के अद्भुत व्यंजनों का स्वाद अब दिल्ली व एनसीआर के लोगों को उनके शहर में उपलब्ध हो रहा है।

हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन का स्वाद देश की राजधानी दिल्ली के मंडी स्थित हिमाचल भवन के कैंटीन में उपलब्ध है। हिमाचल प्रदेश राज्य पर्यटन निगम ने इसी सप्ताह हिमाचली व्यंजनों से सजी थाली परोसना शुरू किया है। जिसमें 8 तरह के व्यंजन होंगे। हिमाचल भवन सिकंदरा रोड पर मध्य दिल्ली में मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के पास में स्थित है। हिमाचली व्यंजन न केवल अपने स्वाद के लिए बल्कि अपनी सादगी और पौष्टिकता के लिए भी लोकप्रिय हैं। अधिकतर व्यंजनों में प्याज टमाटर का उपयोग नहीं होता बल्कि दही या छाछ में ग्रेवी बनाई जाती है जो पाचन में सहायक होती है। मसाले भी विशेष पहाड़ के होते है जो खाने को खास स्वाद प्रदान करते हैं। थाली में शामिल राजमा मदरा और चम्ब्याली पलदा, मीठा भात चंगा और कांगड़ा जिलों के लोकप्रिय व्यंजन हैं, इसी प्रकार सेपु वड़ी जिला मंडी और तेलिया माश जिला बिलासपुर के लोकप्रिय व्यंजन हैं। सेपु वड़ी उड़द की दाल और पालक की ग्रेवी में बनाया जाने वाला अति स्वादिष्ट व्यंजन है जिसके बिना हिमाचली धाम अधूरा होता है। मीठा भात घी, शक्कर, केसर और मेवों के साथ बनता है।

हिमाचल भवन की कैंटीन में मेहमानों को पहले निश्चित व्यंजन परोसा जाता था। लेकिन इसमें बदलाव करते हुए अब आर्डर पर हिमाचली, चाइनीज, नार्थ इंडियन, साउथ इंडियन और नॉन वेज के साथ बेवरेज और डेजर्ट भी उपलब्ध होगा।



### थाली में होंगे ये लजीज भोजन

*हिमाचाल भवन की कैंटीन में हिमाचली व्यंजन राजमा मदरा, सेपु वड़ी, तेलिया माश, चम्ब्याली पलदा, खट्टा-मीठा रायता, मूंग की दाल, चने की दाल, मिस्सी रोटी, मीठा भात, सादे चावल और प्याज सिरके वाला अचार मिर्ची का आनंद ले सकेंगे। एकरसता से बचने के लिए हिमाचली थाली में व्यंजनों में भी बदलाव किया जाएगा। ताकि लोगों को हर बार नया स्वाद मिल सके। आर्डर पर विशेष प्रकार के हिमाचली व्यंजन भी अब कैंटीन में मिलेंगे जिनमे छाह मीट, बाथू की खीर, खट्टा कद्दू, चना मदरा, चिकन अनारदाना, कचालू का सालान और घंडयाली का खट्टा शामिल हैं।*


THE HOMES 81
Sector 81, Gurgaon

# LANDMARK THE HOMES 81
SECTOR-81, GURUGRAM (HARYANA)

## PROJECT APPROVED UNDER HARYANA GOVT. AFFORDABLE HOUSING POLICY 2013

Online applications are invited from general public for booking and allotment of 694 residential apartments in Affordable Housing Project in the name of "LANDMARK THE HOMES 81" proposed to be developed by M/s SRV Automotives Pvt. Ltd., as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Govt. of Haryana vide notification no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 and amendment thereof (details available at the department website i.e. www.tcpharyana.gov.in).

**PROJECT DETAILS:**

| | |
|---|---|
| 1. Colonizers/Developers: | M/s SRV Automotives Pvt. Ltd. |
| 2. Project Approvals: | License No. 4 of 2021 Dated: 02.03.2021<br>Building Plans Sanctioned Vide Memo No. ZP-1466/SD (DK)/2021/12887 DATED 02.06.2021.<br>RERA Registration No: 36 of 2021, Dated: 16.07.2021 |
| 3. Location: | Sector 81, Gurugram, Haryana |
| 4. Project Area: | 5.0 Acres comprising a total 694 nos. of apartments out of which 5% of apartments are reserved for management quota (35 apartments). Community Facilities: One Community Hall of 2046.83 sq. ft. & and One Aanganwadi cum creche of 2023.63 sq. ft. |
| 5. Facilities: | Gated Entry, Security Post, Drop off Zone, Ample Parking, Kids play area, Water body, Badminton Court, Lawn tennis, Commercial Complex |

**6. Details of Apartments offer for Public:**

| Unit Type | Unit Carpet Area (Sq.ft) | Unit Balcony Area (Sq.ft) | Total price of Unit (Rs.) | At the time of Online Application (Rs.) | No. of Units |
|---|---|---|---|---|---|
| Unit-1 (3bhk) | 645.48 | 143.82 | 2631920 | 129096 | 290 |
| Unit-2 (3bhk) | 644.86 | 152.34 | 2629440 | 128972 | 142 |
| Unit-3 (2bhk) | 559.82 | 179.33 | 2289280 | 111964 | 112 |
| Unit-4 (2bhk) | 566.61 | 124.16 | 2316440 | 113322 | 80 |
| Unit-5 (3bhk) | 645.26 | 338.08 | 2631040 | 129052 | 16 |
| Unit-6 (1bhk) | 348.04 | 85.34 | 1434830 | 69608 | 45 |
| Unit-7 (1bhk) | 398.86 | 85.34 | 1638110 | 79772 | 9 |

7. Applicable GST and cesses, levies & fees etc. shall be charged over & above the said total price of the unit)
8. **Payment Terms:**
   I. With online application: Booking amount i.e.5% of Total Price of unit
   II. On Allotment: 20% of Total Price of unit
   III. Balance: 75% of the Total amount payable in six equal half yearly instalments over a period of 3 years. Any default in payment will bear penal interest as provided in Rule 15 of the HRERA, rules, 2017.
9. **Parking:** Two wheeler parking with each apartment.
10. **Broad Specification of Apartment:**
**Flooring:** Vitrified/Ceramic Tiles, Wall Finish: Oil Bound distemper, Kitchen Details: SS Single bowl Sink, Granite top platform, Balcony Flooring: Anti Skid Tiles, Railing: M.S Steel, Window/External Door: UPVC/MS/Aluminum or equivalent, Door: Flush Doors, Bathroom Fittings :Chinaware or equivalent, C. P. Fittings: Modern & elegant, Electrical: ISI marked products for wirings, switches & circuits.
11. **Application Timelines:** Application will be filled online by registration on https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home starting from **6th August 2021** with the last date of submission extended from **27th August 2021** to **2nd September 2021.**
12. **ELIGIBILITY:**
**1.** Any person can apply but an applicant in a specify colony shall make only one application. 2. Any Person can apply, however, the PMAY beneficiaries, which include their spouse or dependent children, identified by the Urban Local Bodies Department, Haryana under "Pradhan Mantri Aawas Yojna - Housing for all programme shall be granted preference in allotment. First Priority shall be given to the identified beneficiaries of the said town followed by other PMAY beneficiaries of the state of Haryana. Thereafter, for the remaining flats, Persons which include their spouse or dependent children who do not own any flat/plot in any HUDA developed colony/sector or any licensed colony in any of the urban areas in Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given next Preference in allotment of flats. Any successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy in any other colony. In case he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice to retain only one flat. All such applicants shall submit an affidavit to this effect. 3. PAN Card & Aadhaar Card is mandatory.
13. **ALLOTMENT CRITERIA:**
**1.** The allotment of apartments shall be done through online draw in the presence of Committee consisting Deputy Commissioner or his representative (at least of the cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner (Circle office), DTP of the concerned District and the representative of concerned colonizer. 2. After fixation of date for online draw, an advertisement shall be issued by the Developer informing the applicant about the details regarding date/time and venue of the online draw in the same newspaper in which the original advertisement was issued. For detailed criteria and time frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicant may also refer to the details in the affordable housing policy 2013 notified by No. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (available at the department website i.e., **www. tcpharyana.gov.in)**
**2.** In the event the purchaser(s) wants to avail a loan facility from any bank, financial Institution or his/her employer to facilitate the purchase of the flat, the developer shall facilitate the process but shall not be held liable for any delay in payment or refusal to grant the loan to purchaser(s).

**M/s SRV Automotives Private Limited, CIN: U70100DL2005PTC134174**
**Corp. Office: Landmark House, Plot No. 65, Sector 44, Gurugram, Haryana – 122003**
**Please Contact – 8929887878**

# नागरिक अस्पताल : क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के नाम पर भी दिखावा

## नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड्स सर्टिफिकेट के लिए गत दिनों हुआ मूल्यांकन

## दिखाने के लिए अस्पताल को पूरी तरह से चमकाया गया था, अब स्थिति खराब

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में शौचालयों की दयनीय हालत।

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड्स (एनक्यूएएस) टीम द्वारा भले ही गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में सुविधाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया हो, लेकिन यहां हकीकत अलग है। जिस दिन यहां गुणवत्ता जांचने को मूल्यांकन हुआ, उस दिन और आज हालत बिल्कुल अलग है।

अस्पताल में एनक्यूएएस टीम को दिखाने के लिए वार्ड के भीतर मरीजों व स्टाफ के शौचालयों में हाथ धोने के लिए लिक्विड साबुन के नये डिस्पेंसर लगाए गए। पब्लिक टॉयलेट में भी इसी तरह से सुविधाएं दी गई। बीती 20 अगस्त को जैसे ही एनक्यूएएस टीम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये यहां की क्वालिटी का जायजा लिया। टीम के निरीक्षण के बाद अस्पताल के शौचालयों से लिक्विड साबुन के बॉक्स गायब हो गये। सिर्फ खाली डिस्पेंसर ही लगे रह गये हैं। कोई भी व्यक्ति शौचालय में जाने के बाद हाथ कैसे धोये, अब यह उसकी अपनी जिम्मेदारी है। मरीज और उनके तीमारदार यही चर्चा कर रहे हैं कि सब दिखावे के लिए ही किया गया था।

### अस्पताल के शौचालयों में और भी कई कमियां

**अस्पताल** के गेट नंबर-2 के पास बने शौचालय में भी डिस्पेंसर का खाली बॉक्स लगा है। यहां वॉश बेसिन के नीचे पाइप ही नहीं है। जब भी कोई हाथ धोता है तो पानी सीधे फर्श पर गिरता है और कपड़े भीग जाते हैं। इमरजेंसी में हालत इससे भी खराब हैं। यहां के पुरुष शौचालय में यूरिनल शीट में पानी का कनेक्शन नहीं है। यहां भी डिस्पेंसर से भी लिक्विड साबुन का बॉक्स नहीं है। इस शौचालय में लगी टॉयलेट शीट में पानी के पाइप यहां टूटे पड़े हैं। इमरजेंसी के पास तैनात कुछ स्टाफ सदस्यों ने भी कहा कि ये पाइप तो कई दिन से ऐसे ही निकले पड़े हैं। कोई सुधार नहीं करता।

### फटी व दाग लगी चादरें भी खोल रही पोल

**सिर्फ** शौचालयों पर ही बात खत्म नहीं हो जाती, बल्कि यहां मरीजों के बेड पर बिछाई जाने वाले चादरों व पहने जाने वाले गाउन की हालत भी खराब है। फटी और दाग लगी हुई चादरों को ही मरीजों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जिन कपड़ों या चादरों को घरों में भी फेंक दिया जाता है, उससे भी खराब चादरों को यहां मरीजों के लिए उपयोग किया जाता है। ऐसे ही स्टाफ द्वारा पहने जाने वाले गाउन की हालत है। अस्पताल की लॉन्ड्री के बाहर सूखती चादरों व गाउन देखकर पता लग जाता है कि अस्पताल में किस तरह से यहां क्वालिटी मैंटेन की जा रही है।

### मीडिया आइना दिखाए, जरूरी है : डॉ. नीरज यादव

**अस्पताल** की कमियों को लेकर जब डीएमएस डॉ. नीरज यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम दिखावा बिल्कुल भी नहीं करना चाहते। अगर कहीं सुविधा नहीं है तो वे अभी राउंड लेंगे। जो भी कमियां होंगी, उन्हें दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी हुई कि मीडिया उन्हें यह जानकारी दे रहा है। मीडिया आइना दिखाए, यह जरूरी है।

### ये बेसिक जरूरतें हैं, होनी चाहिए : डॉ. मनीष राठी

**अस्पताल** के डीएमएस डा. मनीष राठी से जब इस स्थिति पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। यह तो कॉमनसेंस है कि बाथरूम में साबुन हो। ये सब बेसिक जरूरतें हैं। दिखावा नहीं करना चाहिए। वे कल पर्सनली इसको देखकर ठीक कराएंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. नीरज देखते हैं, फिर भी वे खुद भी उनको पर्सनली बोलकर ठीक कराएंगे।

### क्वालिटी के 17 प्रतिशत अंक लेने होते हैं जरूरी

**गुरुग्राम** के नागरिक अस्पताल को वर्ष 2019 में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड्स (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेट मिला था। यानी एनक्यूएएस में अस्पताल एक्रिडेटेड हो गया था। नियम के अनुसार हर तीन साल में यह सर्टिफिकेट रिन्यू कराना होता है। यहां क्वालिटी परखने को अस्पताल में एनक्यूएएस ने जांच की, ताकि यह पता चल सके कि यहां स्टैंडर्ड मैंटेन है या नहीं। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड्स (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए कम से कम 17 प्रतिशत अंक हासिल करने होते हैं। टीम की जांच के बाद अस्पताल के डीएमएस डॉ. नीरज यादव को उम्मीद है कि अस्पताल को अच्छे नंबर मिलेंगे।



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में सूखते फटे गाउन व चादरें।

### पूरे अस्पताल का निरीक्षण होता तो खुलती पोल

**यह** तो गनीमत रही कि कोरोना की वजह से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड्स (एनक्यूएएस) की टीम ने फिजिकली पूरे अस्पताल का निरीक्षण नहीं किया। अगर ऐसा होता तो अस्पताल की इन शौचालयों के साथ-साथ और भी कमियां नजर आती।

# शहर के 500 मकान बचाने को कल होगी कमेटी की बैठक

## मकान किसी भी सूरत में गिरने नहीं दिए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** 500 मकानों पर वन विभाग की लटकी तलवार से बचाने के लिए रविवार को गठित कमेटी सदस्यों की बैठक होगी। जिसमें आगामी कार्रवाई की रणनीति बनाई जाएगी। शहर की आधा दर्जन कॉलोनियों के पांच सौ मकानों को टूटने से बचाने के लिए रविवार को कमेटी सदस्यों की बैठक होगी।

बैठक में कॉलोनियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रणनीति तैयार की जाएगी। उसके बाद सर्वसम्मति से लिए जाने वाले फैसलों को अमल में लाने का काम करेगी। कमेटी के सदस्य और व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज राघव ने बताया कि अब कमेटी मकानों के बचाव में ढाल बनकर काम करेगी। कमेटी सर्वसम्मति से फैसला लेकर राजनेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारी और सुप्रीम कोर्ट तक जाने की नीति तैयार करेगी। शहरवासी सतबीर पहलवान का कहना है कि मकानों को किसी भी सूरत में गिरने नहीं दिया जाएगा। हजारों लोगों को बेघर होने से बचाने के लिए तन, मन और धन की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### वन विभाग ने दिए 28 नोटिस

वन विभाग के रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गुरुवार को अरावली पहाड़ी से सटे गुरुग्राम नगर निगम के गांव गैरतपुरबॉस में 28 परिवारों को नोटिस दिए गए हैं। जिन्हें सात दिन के समय देते हुए अवैध कब्जा तुरन्त प्रभाव से हटाने के आदेश दिए हैं।

# अग्र महाकुंभ के जरिये मांगेंगे सत्ता में बराबर की भागीदारी

## गुरुग्राम में 26 सितम्बर को होगा विराट अग्र महाकुंभ

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा किया जा रहा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सदस्य।

**अग्रवाल** समाज के जनप्रतिनिधियों को सत्ता में बराबर की भागीदारी देने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा द्रोण नगरी गुरुग्राम में शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। आगामी 26 सितम्बर 2021 को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा यहां विराट अग्र महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर शुक्रवार को संस्था के सदस्यों ने विधायक सुधीर सिंगला के साथ उनके कार्यालय पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग गुरुग्राम पहुंचे।

यहां गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि सरकारों में वैश्य वर्ग का प्रयोग होता है, लेकिन राजनीति में बराबर की भागीदारी नहीं मिलती। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार आगामी 26 सितम्बर रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर-5 स्थित हुडा मैदान में विराट अग्र महाकुम्भ का आयोजन किया जाऐगा। पांच हजार से अधिक अग्र समाज के समूह के साथ हरियाणा के सभी अग्र विधायकों और देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ इस मांग को प्रबलता से रखा जायेगा।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जब भी समाज के किसी भी वर्ग को किसी परेशानी का सामना करना पड़ा है, या कोविड महामारी से परेशानी आन पड़ी है, तब-तब उन्होंने हर कीमत पर उसका निराकरण कराया है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन वैश्य समाज के हजारों संगठनों को मिलाकर देश का सबसे बड़ा समूह है। इस अग्र महाकुंभ सम्मेलन के लिए युवा जिला अध्यक्ष राजीव मित्तल को आयोजन का संयोजक मनोनीत किया गया।

साथ ही 11 सदस्यीय समिति में जिला अध्यक्ष सुन्दर दास अग्रवाल को अध्यक्ष तथा ईश्वर मित्तल को आयोजन का कोषाध्यक्ष बनाने की घोषणा की है। आयोजन समिति में हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष युवा सम्मेलन से अमित गोयल, पार्षद सुभाष सिंगला, प्रदेश सचिव विकास गुप्ता तथा अशोक गुप्ता, लीगल सेल के प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ अधिवक्ता धीरज गुप्ता, व्यापार सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार गजेन्द्र, महिला सम्मेलन जिला अध्यक्ष गुरुग्राम समता सिंगला, शहरी अध्यक्ष अजय जैन, जिला कोषाध्यक्ष युवा सम्मेलन सौरभ अग्रवाल को मण्डल का सदस्य बनाया गया है।

# पुल के उपर लगी स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस

## ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष लगाई गुहार

कैलाश मंगला। होडल



नेशनल हाइवे गांव बंचारी के पुल पर लगी स्ट्रीट लाइटें।

**भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से गांव बंचारी के निकट बने पुल पर लगी स्ट्रीट लाइटें शोपीस बनकर रह गई है। एनएचएआई प्रशासन द्वारा पुल के उपर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें पुल बनने के बाद एक बार भी शुरू नहीं हुई है। इन स्ट्रीट लाइटों में बिजली का कनेक्शन तक नहीं किया गया है जिससे की इन्हें जलाया जा सके। पुल के उपर लगी स्ट्रीट लाइटें न जलने के कारण सायं ढलते ही पुल पर पूरी तरह से अंधेरा छा जाता है और ग्रामीणों को हमेशा दुर्घटना व लूट का भय सताता रहता है। गांव बंचारी के ग्रामीणों ने स्थानीय क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर से लिखित शिकायत पर इन स्ट्रीट लाइटों को जलवाने की मांग की है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्रशासन जनता से रोड टैक्स के नाम पर मनचाही वसूली कर रहा है, लेकिन जनता को सुविधा देने में पूरी तरह से जीरो साबित हो रहा है। एनएचएआई द्वारा लगभग साल भर पहले गांव बंचारी के निकट पुल का निर्माण कराया गया था। उस पुल पर लगने वाली स्ट्रीट लाइटें पुल बनने के बाद से ही शोपीस बनी हुई हैं। साल भर बीतने के बावजूद भी हाइवे प्रशासन ने पुल के उपर लगी उन स्ट्रीट लाइटों में बिजली के कनेक्शन तक नहीं किए है जिसके कारण वह लाइटें हमेशा बंद रहती हैं। गांव बंचारी निवासर पूर्व सरपंच भुपराम, विष्णु पंडीत, मोहन श्याम, महिपाल पुजारी, कुलदीप पुजारी, सबरजीत, पूरन लाल भारद्वाज, रतीराम, जलराम के अलावा अन्य ग्रामीणों का कहना है कि हाइवे पुल पर लगी स्ट्रीट लाइटें न जलने के कारण सांय ढलते ही पुल पर अंधेरा छा जाता है। पुल पर अंधेरा होने के कारण कई बाद बदमाश वाहन चालकों से लूटपाट भी कर चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीणों को यहां हमेशा दुर्घटना का खतरा मंडराता रहता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंधेरा होने के बाद पुल की ओर जाते तक नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के उपर लगी स्ट्रीट लाइटें ना जलने के कारण कई लाइटें टूट भी चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार हाइवे व प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालयों में लिखित शिकायत देकर इन स्ट्रीट लाइटों को शुरू कराने की मांग की है, लेकिन कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। प्रशासनिक अधिकारियों की इस ओर अनदेखी को देख उन्होंने क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर से इन स्ट्रीट लाइटों को जलवाने की मांग की है।

# गूगल-पे से बैंक खाता जोड़ने के नाम पर लगाई 12.70 लाख की चपत

**गुरुग्राम।** बैंक खाते को गूगल-पे से जोड़ने के नाम पर एक अजनबी व्यक्ति ने दुकानदार को 12 लाख 70 हजार रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में फर्रूखनगर के बस अड्डे पर परचून की थोक की दुकान चलाने वाले पवन पुत्र ईश्वर दास कपूर ने कहा कि उसकी बस अड्डे पर मोहन लाल एंड संस नाम से किरयाने की दुकान है। जुलाई 2021 में उसके पास एक व्यक्ति आया। जिसने अपना नाम ननकू पुत्र रोशन लाल निवासी गांव कापरो जिला हिसार बताया। उसने कहा कि वह उनके बैंक खाते को गूगल-पे को एक्टिवेट करने आया है। उसके कहने पर दुकानदार ने अपने खाते संबंधी जानकारी उसे दे दी। एचडीएफसी बैंक के खाते को लिंक करने के लिए उसका एटीएम कार्ड भी लिया और गुगल-पे से खाता जोड़कर चला गया। 25 अगस्त को सीए गौरव जैन का फोन आया और कहा कि आईटीआर भरनी है, लेकिन खाते में पैसे नहीं हैं। उसने बैंक में जाकर खाते की डिटेल निकलवाई तो पता चला कि जब से युवक उसके पास आया था, तब से कई बार ट्रांजेक्शन करके उसके खाते से 12 लाख 70 हजार रुपये निकाले गये हैं। आरती नामक महिला के खाते में ट्रांजेक्शन हुई है। पीड़ित दुकानदार ने अपना खाता तुरंत बंद करा दिया। उसने शक जाहिर किया कि ननकू ने ही उसके खाते से सारी रकम ट्रांसफर की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जल संरक्षण प्राणी जगत के लिए लाभकारी : अशोक कुमार



**सोहना।** जल संसाधन मंत्रालय से आए सचिव अशोक कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र में बने चैक डैमों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों प्रकृति के प्रति लगाव देखकर अति प्रसन्नता जारी की। शुक्रवार को भोंडसी में स्थित नवज्योति इंडिया फाउंडेशन कार्यालय में जल संसाधन मंत्रालय से आए सचिव अशोक कुमार पहुंचे। नवज्योति इंडिया फाउंडेशन तत्वावधान में ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। अशोक कुमार को 'द रेन मैन' के नाम से भी जाना जाता है। उनके साथ नवज्योति इंडिया फाउंडेशन निदेशक चांदनी बेदी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। अशोक कुमार ने खंड के गांव सहजावास व गढ़ी बाजीदपुर का दौरा किया। सहजावास में अरावली पहाड़ी की तलहटी में बना चैक डैम को देखा। यह पानी बरसात के मौसम में अरावली पहाड़ी से बहकर आना वाला था। उसके बाद गांव गढ़ीबाजीदपुर में बना तालाब का निरीक्षण किया। फाउंडेशन की निदेशक चांदनी बेदी ने बताया कि ग्रामीणों का प्रकृति के प्रति लगाव व जल संरक्षण के प्रति जागरुकता देखकर अशोक कुमार काफी प्रसन्न नजर आए। निरीक्षण के बाद अशोक कुमार ने बताया कि गितरा भूजल प्राणी जगत के लिए खतरे की घंटी है, लेकिन ग्रामीणों ने जल का सदउपयोग करके अन्य गांव के लोगों को प्रेरणा देने का कार्य किया है। आस पास के गांवों में रहने वाले नागरिकों को सबक लेना चाहिए। ताकि भविष्य में पानी की किल्लत न हो।

### नए सत्र में विद्यार्थियों को मिलेगी पत्रकारिता की शिक्षा

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में नए सत्र 2021-22 से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में स्नातक पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने पत्र जारी कर बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (बीजेएमसी) कोर्स आरम्भ करने की अनुमति प्रदान कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग पर इस सत्र से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में स्नातक कोर्स आरम्भ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। टेलीविजन, रेडियो, समाचार-पत्र, सिनेमा आदि क्षेत्रों में रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। इस अवसर पर जनसंचार के प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जनसंचार एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों को प्रायोगिक शिक्षा प्रदान कर मीडिया उद्योग में काम करने के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें महाविद्यालय द्वारा आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने उच्चतर शिक्षा विभाग का नया कोर्स आरम्भ करने पर आभार व्यक्त किया।

### तेंदुआ होने की खबर से दहशत, पुलिस ने किया रेस्क्यू



**सोहना।** नगर परिषद के गांव लाखूवास के जंगल में तेंदुआ होने की सूचना पुलिस और वन्य जीव प्राणी विभाग को दी गई। पुलिस और वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम ने मिलकर रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान तेंदुआ के खोज नहीं मिले। शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे गांव लाखूवास के जंगल में तेंदुआ होने की आशंका जताई गई। गांव के पूर्व सरपंच रामनारायण के खेतों पर काम करने वाले गांव उदाका निवासी इलियास ने बताया कि उसकी पत्नी, पुत्र वधु और 10 वर्षीय बेटी खेतों पर आई थीं। इलियास ने बताया कि उसकी बेटी पर तेंदुआ ने झपटा मारने की कोशिश की, लेकिन उसकी बेटी के चिल्लाने से तेंदुआ भाग गया। गांव के निवासी मामचंद ने बताया कि करीब छह दिन पहले उसने भी तेंदुआ करीब एक एकड़ दूरी से देखा था। जिसकी उम्र डेढ़ से दो वर्ष के बीच की होगी। जिसकी ऊंचाई दो से ढाई फुट थी। पूर्व सरपंच रामनारायण ने सिटी थाना पुलिस को जंगल में तेंदुआ आने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वन्य जीव प्राणी विभाग कर्मचारियों के साथ खेतों में करीब एक घंटे तक रेस्क्यू किया। एसआई रज्जाक खान ने बताया कि वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम ने तेंदुआ होने की संभावनाओं को नकार दिया है। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए पैरों के निशानों को नील गाय व अन्य किसी जानवर के होने बताए हैं।

### रेडक्रॉस सचिव ने की नगराधीश से मुलाकात

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सेक्टर-23 में बनाए जाने वाले वेयर हाउस को लेकर सोसायटी के कार्यकारी सचिव विकास कुमार ने नगराधीश सिद्धार्थ दहिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से बताया।नगराधीश सिद्धार्थ दहिया ने कहा कि इस वेयर हाउस का निर्माण कार्य निश्चित अवधि में पूरा हो। सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के कंधों पर समाजसेवा की पूरी जिम्मेदारी है। चाहे कोरोना काल हो या कोई अन्य आपदा, रेडक्रॉस सोसायटी सदा आगे खड़ी रही है। कोरोना में खाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए दिन-रात वॉलंटियर तैनात रहे। नगराधीश ने कहा कि अपने कार्यों को गति देते हुए रेडक्रॉस ने समाज में नाम कमाया है। भविष्य में भी ऐसा काम जारी रहना चाहिए। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि इस काम को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए पूरा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में काम को पूरी योजना के साथ सिरे चढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के कार्यों में निरंतर रेडक्रॉस की भूमिका रहती है। उन्होंने निष्ठावान टीम को भी कार्यों के सही संचालन का श्रेय दिया।

# डीसी ने तीर चलाकर किया खेलो हरियाणा स्पर्धा का आगाज

## जिला गुरुग्राम में तीन दिवसीय राज्य प्रतियोगिता हुई शुरू

## खेलो हरियाणा के तहत चार खेल गुरुग्राम में हो रहे

## इन चार खेलों में 22 जिलों के 1679 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में खेलो हरियाणा के तहत तीन दिवसीय राज्य प्रतियोगिता के शुभारंभ पर तीर चलाते डीसी डॉ. यश गर्ग।

**हरियाणा** में शुक्रवार से तीन दिवसीय 'खेलो हरियाणा' प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। खेलो हरियाणा कार्यक्रम के तहत मुख्य आयोजन जिला फरीदाबाद में किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी की जा रही है। इसी कड़ी में जिला गुरुग्राम को चार खेलों की मेजबानी मिली है। शुक्रवार को डीसी डॉ. यश गर्ग ने तीर चलाकर स्पर्धा का शुभारंभ किया।

सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में इन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। डॉ. यश गर्ग ने खेलो हरियाणा का ध्वज फहराया और सभी 22 जिलों की टीमों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने शुभारंभ के बाद अपन संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इसके बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। खेल हमे शारीरिक मजबूती के साथ साथ अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिसकी सफलता आपको नई ऊंचाइयों पर ले जाती है। टोकियो ओलंपिक इसका प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए खेलों में अपने प्रदेश का नाम रोशन करें। इस दौरान उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने मैदान में जाकर एक-एक कर सभी जिलों के खिलाड़ियों से परिचय कर उनको आगामी प्रतियोगिताओं के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

जिला में खेलो हरियाणा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला में आयोजित होने वाली उपरोक्त चार प्रतियोगिताओं में प्रदेश के 22 जिलों के एक हजार 679 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के तीरंदाजी व हैंडबॉल का आयोजन ताऊ देवीलाल स्टेडियम में किया जाएगा। वहीं तैराकी प्रतियोगिता सेक्टर-29 स्थित हुडा जिमखाना क्लब में आयोजित की जाएगी। कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। गुरुग्राम मंडल के खेल उपनिदेशक राममेहर सिंह, खेल मुख्यालय के उपनिदेशक सतबीर सिंह सहित जिला खेल अधिकार जेजी बैनर्जी सहित खेल विभाग के अन्य अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली अपना बनाएं पेपर लैस : नगराधीश

## ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने को लेकर नगराधीश ने ली अधिकारियों की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेते नगराधीश सिद्धार्थ दहिया।

**नगराधीश** सिद्धार्थ दहिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में उन्होंने ई-ऑफिस को लेकर ढुलमुल रवैया रखने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए अपने कार्यालय में इसे लागू करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-ऑफिस लागू करने को लेकर अधिकारियों के लिए आगामी गुरुवार को फिर से बैठक रखी गई है। उन्हें ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति के बारे में एक्शन टेकन रिपोर्ट साथ लाने को कहा गया है। यदि किसी को ई-ऑफिस के प्रशिक्षण संबंधी भी कोई संशय हो तो वे इसे बैठक में दूर कर सकते हैं। बैठक में सभी विभागों से आए अधिकारियों व कर्मचारियों से जवाब-तलब करते हुए ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली पर काम करना सुविधाजनक है, केवल शुरू करने की देर है। इस प्रणाली पर आप किसी भी समय कहीं भी फाईलों का निपटारा ऑनलाईन कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों में सरकारी कार्यों से संबंधित फाइलों की फिजिकल मूवमेंट खत्म करें और केवल ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन फाइलें चलाएं। उन्होंने अधिकारियों को इसे अपने रोजमर्रा के कार्य का हिस्सा बनाने के आदेश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी का ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने में किसी प्रकार की परेशानी आ रही है तो वे टैक्नीकल टीम का स्पोर्ट ले सकते हैं। मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी अरविंद सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर की बंद सड़कों के कारण पब्लिक हो रही परेशान

**कविता। फरीदाबाद**

**शहर** में बंद सड़कों के कारण लोगों को लम्बे जाम का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही शहर के एनआईटी इलाके में देखने को मिल रहा है।

हार्डवेयर चौक से प्याली चौक तक की एक तरफ की सड़क अधूरे निर्माण के कारण लम्बे समय से बंद है। जो वाहन प्याली चौक से दो नम्बर वाली पंचकुईया रोड का रुख करते थे। उन्हें भी रोककर वापस लौटाया जा रहा है। ऐसे में वाहन चालकों को एनएच-तीन से लम्बा चक्कर काटकर एनआईटी में आने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिस कारण अनाज मंडी रोड पर और एनआईटी स्थित एक-दो चौक से काली माता मंदिर तक लम्बा जाम झेलना पड़ रहा है। हालत यह है कि दस से 15 मिनट का रास्ता उन्हें एक घंटे में तय करना पड़ता है।

जानकारी के मुताबिक प्याली से हार्डवेयर रोड एक तरफ सड़क बनाई जाने के कारण पिछले कुछ महीनों से बंद किया हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इसके साइड में एक तरफ से सड़क चालू है, लेकिन वह पूरी तरह से टूटी हुई है।



जिससे उस पर हमेशा जाम रहता है। इसलिए ऑटो, बाइक और कार चालक समेत अन्य वाहन या तो अनाज मंडी की तरफ वाली सड़क से या फिर पंचकुइया रोड यानी फर्नीचर मार्केट से होकर गुजरते हैं। कुछ वाहन चालक सेक्टर 22 श्मशान घाट के निकट वाली सड़क का इस्तेमाल करते हैं। जिस कारण इन सभी रास्तों पर लम्बा जाम लग जाता है, लेकिन पुलिस के द्वारा पंचकुइया रोड को बंद कर दिया जाता है। जिससे वाहन चालकों को इस महंगाई में लम्बे जाम और लम्बा चक्कर काट कर एनआईटी एरिया में पहुंचना पड़ता है। जिसके कारण लोग परेशान हो रहे हैं।

### नहीं बन रही सड़क

**लोगों** का कहना है कि प्याली और हार्डवेयर रोड केवल 500 मीटर की है, जिसके बन जाने से सारी परेशानियां समाप्त हो जाएगी, लेकिन इस सड़क को बनाए जाने का काम कभी रोक दिया जाता है, तो कभी शुरू कर दिया जाता है। ऐसे में पिछले करीब 4 से 6 महीने में भी इस सड़क का काम अधूरा पड़ा है। जिसके कारण यहां सड़क से निकलना दुर्भर हो रहा है। शहर में जगह-जगह जाम लगता है, तो वहीं हार्डवेयर चौक पर धूल-मिट्टी से प्रदूषण यहां से गुजरने वालों के लिए हानिकारण साबित हो रहा है।

# ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी ला रहे हैं पदक : गुर्जर

## खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**भारत** सरकार के केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत होती है, परंतु हारने के वाले खिलाड़ी को जीतने वाले खिलाड़ी से प्रेरणा लेनी चाहिए और वह प्रेरणा लेकर आगामी खेलों में उससे बेहतर प्रदर्शन करके अवश्य जीतेगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने यह बात शुक्रवार को स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सफलता के लिए दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत जरूरी होती है। दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है। चाहे वह खिलाड़ी हो, चाहे बड़ा नेता हो या अन्य किसी भी क्षेत्र में कार्य करने वाला युवा हो उसे दृढ़ संकल्प के साथ मेहनत करनी होगी।



केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सबसे पहले राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए खिलाड़ियों का जिला फरीदाबाद वासियों की तरफ से तहेदिल से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश में हरियाणा को सैनिक और खिलाड़ियों की भूमि कहा जाता है। भारतीय सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा हरियाणा का है और इसी प्रकार खेलों में भी ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल, ब्रोंज मेडल जीत कर लाने वाले खिलाड़ी हरियाणा के ही होते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ओलंपिक खेलों में देश का पहला गोल्ड मेडल हरियाणा के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा द्वारा प्राप्त किया गया है। वह इसका जीता जागता उदाहरण है।

इसके अलावा रेसलिंग के रवि दहिया, पुनिया और हॉकी के खिलाड़ियों को सहित अनेक ऐसे खिलाड़ी हैं जो कि हरियाणा से संबंध रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सैनिक और खिलाड़ियों पर हमें नाज है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत का भविष्य मेरे सामने उपस्थित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से बैठे हैं। मैं उन्हें बधाई देता हूं कि वह अपना बेहतर प्रदर्शन करके में देश, प्रदेश,जिला, गांव और परिवार रोशन का नाम रोशन करेंगे। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों व मुख्य मेहमानों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रशासन द्वारा इनके रहन-सहन व खानपान में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। खिलाड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

खेल विभाग के उपनिदेशक गजराज सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की बेहतर खेल नीति की बदौलत से ही हरियाणा के खिलाड़ी देश में ही नहीं विश्व में हरियाणा की अलग पहचान बनाए हुए है। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, अतिरिक्त सतवीर मान, एसडीएम बल्लभगढ़ अपराजिता, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एमसीएफ के ज्वॉइंट कमिश्नर अनिल यादव, जिला खेल अधिकारी रमेश वर्मा सहित अन्य खेल प्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# वैक्सीनेशन मेगा कैंप में 72,840 लोगों ने लगवाई डोज



**फरीदाबाद।** जिले में वैक्सीनेशन मेगा कैम्प का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसके तहत 72,840 लोगों को डोज लगाई गई। जिसमें सैकेंड डोज अधिक से अधिक लगाई गई। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि जिले में 60 हजार डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें 40 हजार डोज सैकेंड और शेष प्रथम डोज लगाए जाने का लक्ष्य था, लेकिन इसमें सैकेंड डोज पर अधिक से अधिक जोर दिया जा रहा था। ताकि जो लोग रह गए हैं और जिन लोगों की डोज लगवाने की तिथि निकल चुकी है।

वह जिले में लगने वाले शिविरों में डोज लगवा सके। इस दौरान 72,840 लोगों ने डोज लगवाई। जोकि जिले में चौकाने वाले आंकड़े साबित हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान निजी अस्पतालों में 1463 लोगों ने ही डोज लगवाई। जिले में 60 से अधिक शिविर लगाए गए थे। जिसमें 3 हेल्थ केयर वर्कर, 7 फ्रंट लाईन वर्करों के अलावा 18 प्लस आयुवर्ग में 48554 और 45 प्लस आयुवर्ग में 24277 लोगों ने डोज लगवाई। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि वैक्सीनेशन के साथ कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करें। क्योंकि तीसरी लहर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन के साथ कोविड नियमों का पालन करना आवश्यक है।

**आया एक मरीज :** कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाने के साथ ही जिले में इस बीमारी के मरीजों की संख्या कम हो गई है। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि जिले में कोरोना का शुक्रवार को एक ही मरीज सामने आया है। वहीं फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या दो मरीजों के ठीक होने से सात पर है। जिसमें एक अस्पताल में भर्ती है और 6 होम आईसोलेशन में है। जिले में फिलहाल रिकवरी रेट 99.8 प्रतिशत पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में 2812 मरीजों के सैम्पल जांच की गई। जिसमें फिलहाल 765 लोगों की रिपोर्ट आना शेष है।

## संक्षिप्त समाचार

### 117 आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण पूरा : डीसी



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में शुक्रवार को गत 23 अगस्त से महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व वर्करों को एक-एक सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा गया है। प्रशिक्षण में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व वर्करों को प्ले स्कूल के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बच्चों के शारीरिक मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और भाषा संबंधी विकास सर्वांगीण के लिए टिप्स दिए हैं। यह प्रशिक्षण जिला के आंगनबाड़ी केंद्रों में बनाए जाने वाले प्ले स्कूल के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की हिदायतों के अनुसार जिला में 117 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल में कन्वर्ट किया जाना है। जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य आरंभ कर दिया है। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता शर्मा ने बताया कि जिला फरीदाबाद के 1215 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व वर्करों को गत 23 अगस्त सोमवार से 15 स्कूलों और तीन बारात घरों में 27 अगस्त तक सप्ताहिक प्रशिक्षण पूर किया है। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व वर्करों को 3 से 6 वर्ष की आयु के प्रीस्कूल के बच्चों सर्वांगीण विकास के टिप्स दिए हैं। इसमें शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा का विकास, मानसिक विकास, भावनात्मक विकास और खेल खेल में पढ़ना, रंगों, फूट, सब्जियों, पशुओं व पक्षियों के नाम याद करना शामिल हैं। इसके अलावा पोइम और कविताएं सिखाना तथा मुक्खटा बनाने सहित अन्य लिखाई पढ़ाई बारे बच्चों को प्रेरित कर उन्हें मानसिक, शारीरिक व भावात्मक भाषा के रूप से तैयार कैसे किया जाएगा बारे भी बारीकी से जानकारी दी गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व वर्करों को ये प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाराबाद शहरी क्षेत्र के 220 आंगनवाड़ी केंद्रों कार्यरत कार्यकर्ता व वर्करों को के प्रशिक्षण के 6 बैच बनाए गए हैं।

### 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने व्यापारी से 10 लाख रुपये की रंगदारी के मामले को सुलझाते हुए आरोपी को काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान आयुष पुत्र राजेश निवासी आदर्श नगर फरीदाबाद के रूप में हुई है। बता दें कि एक व्यापारी ने पुलिस को शिकायत दी थी, कि उनके पास एक फोन आया जो कि विदेशी नंबर जैसा दिखता था। कॉल करने वाले ने 10 लाख रुपये फिरौती मांगी और ना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। जिस पर नाम पता ना मालूम आरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में रंगदारी मांगने के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने मामला जल्द सुलझाने और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए निर्देश एसीपी क्राइम अनिल यादव के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 को दिए थे। क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने मामले पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए तकनीकी माध्यम से एवं अपने सूत्रों के माध्यम से आरोपी को धर दबोचा है। आरोपी ने 20,000 रुपये से फिरौती मांगनी शुरू की थी और फिर व्यापारी के मना करने पर बढ़ाते बढ़ाते 10 लाख रुपये कर दी थी। प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 इंस्पेक्टर विमल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी से वारदात में इस्तेमाल ओप्पो एंड्राइड मोबाइल बरामद कर आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

### लूट और रंगदारी में संलिप्त निंदर गाड़ी छोड़कर फरार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ने व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले आरोपी निंदर की तलाश तेज कर दी है। आरोपी के खिलाफ हाल ही में एक व्यापारी से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया था। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि आरोपी खेड़ी पुल स्थित मौजूद है क्राइम ब्रांच की टीम ने खेड़ी पुल एरिया में सर्च अभियान चलाया जोकि आरोपी को इस बारे में भनक लग गई और आरोपी अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी निंदर की गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। क्राइम ब्रांच फरीदाबाद टीमें आरोपी निंदर की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही हैं। बता दें कि आरोपी को इसी वर्ष जनवरी माह में क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने नाजायज असला सहित गिरफ्तार किया था इस दौरान आरोपी से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए थे। यह मामला आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत थाना सेक्टर 31 में दर्ज किया था। अभी आरोपी जमानत पर चल रहा था। इससे पहले भी आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 और क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अप्रैल 2019 में एक पिस्तौल और पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाना तिगांव में मारपीट, लूट, रंगदारी, जान से मारने की धमकी के तहत कई मामले दर्ज हैं।

### थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो के लिए बना सेंटर



**फरीदाबाद।** थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए निशुल्क रक्त चढ़ाने व उनका चेकअप करने के लिए अत्याधुनिक सेंटर भगवान महावीर थैलेसीमिया सेंटर का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनूप मित्तल ने ए-3 सेंट्रल ग्रीन केसी रोड में किया। सेंटर बनाने में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल व दिल्ली राउंड टेबल पांच का सहयोग रहा। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ आनर डीके सिंह रहे। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान हरीश रतरा ने बताया कि फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया का हमेशा ही प्रयास रहा है। थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो रक्त चढ़ाने की सुविधा बच्चों को उनके निवास के आसपास ही उनलब्ध हो। यह नया सेंटर उसी कड़ी का एक हिस्सा है। संस्था के महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बताया कि बच्चों को चेकअप हर महीने देश के जाने माने डाक्टरों द्वारा किया जाता है। संस्था के पास कोई ऐसी जगह नहीं थी जहां सुविधापूर्वक चेकअप किया जा सके। संस्था के पदाधिकारियों ने मुकेश अग्रवाल, वीर एलसी मेहता और वीर एके जैन से प्रार्थना की थी जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर महावीर हॉस्पिटल में रक्त चढ़ाने के साथ-साथ एक हाल का भी प्रबन्ध करा दिया। मुकेश अग्रवाल, विजय रहेजा, रजनीश मित्तल, आशीष कपूर, वीर एसके जैन, वीर एमके जैन, वीर एलसी मेहता, वीर अजय जैन, फॉउण्डेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा, लोचन भाटिया, गुरध्यान अदलखा की गरिमामय उपस्तिथि रही।

### पत्नी की हत्या कर खुद को किया पुलिस के हवाले

**फरीदाबाद।** थाना सूरजकुंड प्रबन्धक ने बताया कि उनको दिल्ली कालिंदी कुंज थाने से एक सूचना प्राप्त हुई की आरोपी निजामुद्दीन निवासी जेतपूर दिल्ली ने अपनी पत्नी राविया जोकि सिविल डिफेंस में नौकरी करती थी उसकी कल शाम 26 अगस्त को चाकू से हत्या कर दी थी। जिस सूचना पर थाना पुलिस तुरन्त पाली रोड पर पहूंची वहां पर लड़की की लाश ढूंढी तो लड़की की लाश रोड से 10-15 फीट साइड में मिली। लड़की की लाश पर गले पर कटने के निशान थे। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही लड़की के परिजन थाना सूरजकुंड में आये। लड़की के पिता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि लड़की का पोस्टमार्टम बादशाह खान अस्पताल से कराया जा रहा है। लड़की के पिता ने बताया कि आरोपी निजामुद्दीन ने उसकी लड़की की नौकरी लगवाने में मदद की थी। आरोपी निजामुद्दीन ने उसकी लड़की से शादी कर रखी है या नहीं इस बारे में उनको मालूम नहीं है। आरोपी लड़की के घर कई बार आता जाता था।

# भाजपा ने हमेशा गरीबों को उजाड़ने का काम किया है : आनंद कौशिक



**फरीदाबाद।** वार्ड 13 के अंतर्गत आने वाली इंद्रा नगर में रेलवे प्रशासन द्वारा सैकड़ों झुग्गी-झोपड़ियों को तोड़ दिया गया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने तोड़फोड़ का विरोध किया और भाजपा सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए पीड़ितों से मुलाकात की।

कौशिक ने कहा कांग्रेस के राज में किसी गरीब को उजाड़ने का काम नहीं किया गया था, मगर जब से हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी है, हर रोज स्लम कॉलोनी में रहने वाले गरीबों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। अभी हाल ही में जिला फरीदाबाद में खोरी गांव से लाखों लोगों को उजाड़ा गया है। उन लोगों के आंसू अभी सूखे भी नहीं हैं कि रेलवे प्रशासन ने इंद्रा नगर से सैकड़ों मकानों को तोड़ दिया है। भाजपा ने शुरू से ही गरीबों को उजाड़ने का काम किया है न की बसाने का।

उन्होंने कहाकि अगर सरकार गरीबो के मकान को तोड़ती है तो उससे पहले उन्हें पहले बसाया जाए। कौशिक ने मकान टूटने से दुखी परेशान लोगों से मुलाकात करते हुए कहा बहुत जल्द जिला कांग्रेस की तरफ से इस मामले को विधानसभा में उठाया जाएगा और सरकार से मांग की जाएगी जिन लोगों के आशियाने टूटे हैं उनको कहीं बसाया जाए। इस मौके पर कौशिक के साथ रंधावा फागना, सोनू वत्स, प्रीतम प्रधान, चन्द्र पाल, जाकिर खान, शौकत अली, मदन प्रधान, चन्दन, मालवती, लाडो देवी और लक्ष्मी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेल पैसेंजर्स एसोसिएशन ने डीआरएम से की मुलाकात

**फरीदाबाद।** रेल पैसेंजर्स वेलफेयर असोसिएशन के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) डिम्पी गर्ग से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में मिला। पदाधिकारियों ने डीआरएम को यात्रियों से संबंधी समस्याओं का मांग पत्र सौंपा, जिसमें मुख्य रूप से मासिक पास बनवाना और लोकल ट्रेन चलाने की मांग की। डीआरएम ने पदाधिकारियों को अगले माह से मासिक पास की सुविधा शुरू करने का आश्वासन दिया है।

रेल पैसेंजर्स एसोसिएशन पलवल के प्रधान प्रकाश मंगला गुरुवार को पदाधिकारियों के साथ दिल्ली डीआरएम कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने डीआरएम डिम्पी गर्ग को बताया कि पलवल और फरीदाबाद से हजारों की संख्या में यात्री दिल्ली आते-जाते हैं। मासिक पास सुविधा न होने के कारण यात्रियों को हर रोज लाइन में लगना पड़ता है। इससे यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसके अलावा पदाधिकारियों ने डीआरएम से लोकल ट्रेन चलाने की मांग की। पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि जनता एक्सप्रेस और तूफान एक्सप्रेस भी कोविड के कारण बंद कर दी गई थीं।

# आयुष्मान भारत ने एक और मरीज का पैर कटने से बचाया

## यूनिवर्सल अस्पताल ने किया सफल इलाज

**फरीदाबाद।** भारत सरकार की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत ने एक और गरीब मरीज का पैर कटने से बचा लिया, जिसका यूनिवर्सल अस्पताल द्वारा सफल इलाज किया गया। पलवल निवासी जयपाल सिंह जिसके पैर की रक्तवाहिनी 100 प्रतिशत बंद हो गई थीं, जिसकी वजह से दोनों पैरों के अंदर खून का बहाव बिलकुल नहीं हो रहा था।

मरीज 10 मिनट भी नहीं चल पाता था और उसके पैरों में भयंकर दर्द होता था। मरीज ने कई अस्पतालों में संपर्क किया तो उसे बताया कि पैर की नस 100 प्रतिशत बंद हैं जिसका इलाज संभव नहीं है। दवाइयों से इलाज करने के लिए कहा गया परंतु मरीज को आराम नहीं आया और धीरे धीरे मरीज का पैर आगे से काला पड़ने लगा। इसके बाद वह एम्स (ऑल इंडिया मेडिकल साइंस इंस्टीट्यूट) अस्पताल गया, वहां भी उसे पैर काटने की सलाह दी गई। इसके बाद मरीज यूनिवर्सल



अस्पताल में डॉ. शैलेष जैन से मिला। अस्पताल में उसकी एंजियोग्राफी की तो पाया कि उसके पैर की नस पूरी तरह से बंद है परन्तु पैरों की नस आगे धीरे-धीरे बनने की कोशिश कर रही थी, मरीज को बाइपास सर्जरी का ऑप्शन सुझाया। बाइपास सर्जरी के अंदर अमूमन लाख से डेढ़ लाख रुपये खर्चा आता है। चूंकि मरीज बहुत गरीब है और उसके पास भारत सरकार की स्वास्थ्य सेवा आयुष्मान भारत का कार्ड था तो उसका ऑपरेशन इस स्वास्थ्य योजना के तहत किया गया और मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। उसकी गर्दन के पास से एक नई नस निकालकर पैर से जोड़ी गई और पैर के अंदर खून का बहाव शुरू किया गया।

## इंटर्नशिप के अवसर देने के लिए यूटोपियन ड्रीम्स से समझौता

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने सॉफ्टवेयर प्रदाता कंपनी यूटोपियन ड्रीम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए।

समझौता पर जेसी बोस विवि की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और यूटोपियन ड्रीम्स निजी लिमिटेड की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास चंद ने हस्ताक्षर किये। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजीव कुमार, डिप्टी टीपीओ डॉ. ज्योति वर्मा और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली भी उपस्थित थीं। सहभागिता पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित औद्योगिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए विवि अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को अपग्रेड करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने आशा जताई कि इस सहभागिता से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में मदद मिलेगी और कौशल विकास होगा।

# सरकार कुंभकरण की नींद त्याग वादों को पूरा करें

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**प्रदेश** की 59 नगर पालिकाओं, 21 नगर परिषदों और 10 नगर निगमों के नियमितए अनुबंधित, ठेका प्रथा में कार्यरत चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों और अग्निशमन विभाग के 15 सो कर्मचारियों सहित 40 हजार कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर की मुकम्मल हड़ताल, कार्यालय से लेकर फील्ड में सफाई, बागवानी, मेंटिनेंस, सीवर, सहित स्थानीय निकायों से सम्बन्धित सभी कामकाज ठप रहा।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने हड़ताल की सफलता का दावा करते हुए कहा कि सामूहिक अवकाश लेकर की गई हड़ताल सरकार को भविष्य में बड़े आंदोलन की चेतावनी है। यदि सरकार ने इस हड़ताल से सबक लेकर कुंभकरणी नींद नहीं त्यागी और पूर्व में 24 अप्रेल



ओर 25 अगस्त 2020 को किए गए समझौतों को लागू नहीं किया तथा 30 जुलाई के मांग पत्र पर बातचीत कर मांगों का समाधान नहीं किया तो सरकार को एक बार फिर पालिका कर्मचारियों की 1996-97 जैसी लम्बी हड़ताल का सामना करना पड़ेगा। शास्त्री ने कहा कि कर्मचारी हड़ताल करके प्रदेश की जनता को परेशान नहीं करना चाहते इसलिए आगामी 12 सितंबर को मुख्यमंत्री के करनाल स्थित आवास पर शंखए घड़ियाल, थाली, बजा कर प्रदर्शन करेंगे। यदि सरकार ने इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं किया तो संघ जल्द राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर हड़ताल का निर्णय लेगा।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, महासचिव मांगेराम तिगरा, उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, अग्निशमन विभाग के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह ने कहा कि संघ ने सरकार को विगत 30 जुलाई आंदोलन का नोटिस एवं मांग पत्र भेजते हुए अनुरोध किया था कि सरकार कर्मचारियों की मानी गई मांगों को लागू करें एवं मांग पत्र पर बैठकर बातचीत कर मांगों का समाधान करें, लेकिन सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा व अनसुना कर रही है।

शास्त्री ने केंद्र सरकार द्वारा सरकारी संपत्तियों को बेचने के खिलाफ अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर जिला मुख्यालयों पर एक सितंबर को किये जाने वाले प्रदर्शनों में भी पालिकाओं, परिषदों एवं नगर निगमों के कर्मचारी को बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है। शास्त्री ने कहा कि सरकार अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग से निकालकर राजस्व मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग में शामिल करने जा रही है। संघ 12 सितंबर को मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग में ही अग्निशमन सेवाओं को रखने की भी मांग करेंगे।

# अभद्र व्यवहार करने वाले डॉक्टर को करें सस्पेंड : नागर

**फरीदाबाद।** तिगांव के सामुदायिक अस्पताल केंद्र में तैनात डा. अजय गोयल द्वारा वैक्सीनेशन व इलाज करवाने आने वाले ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार का मामला अब तूल पकड़ गया है। इस मामले में तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को पत्र लिखकर उक्त डाक्टर का तुरंत यहां से तबादला किए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को सेक्टर-17 स्थित अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ललित नागर ने कहा कि उन्हें काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि सरकारी अस्पताल में तैनात डा. अजय गोयल अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले बुजुर्ग, महिलाओं व युवाओं से बदसलूकी करते है, उन्हें इस तरह दुत्कारते है, जैसे वह अस्पताल में इलाज नहीं



बल्कि उनसे भीख मांगने आ रहे हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें यहां लोगों की सेवा के लिए तैनात किया है न कि उनके साथ बदसलूकी करने के लिए। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भी जब एक परिवार अस्पताल में वैक्सीनेशन के लिए आया तो डा. अजय गोयल ने उन्हें कमरे में घुसने पर दुत्कारा और इतना तक कह दिया अगर वह यहां से नहीं निकले तो उन्हें वह धक्के मारकर बाहर निकलवा देंगे। नागर ने कहा कि डाक्टर भगवान का दूसरा रूप होते है, लेकिन डा. गोयल के व्यवहार ने इस शब्दों को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है।

## सुरक्षा उपाय
### ई-वीजा का प्रावधान

**भारत** ने उन अफगानों के लिए केवल ई-वीसा का प्राविधान किया है जो तालिबान से बचने के लिए विदेश भाग रहे हैं। सरकार ने भारत भाग कर आने वाले अफगा न नागरिकों को केवल ई-वीसा जारी करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य काबुल हवाईअड्डे पर व्याप्त अराजकता की स्थिति का लाभ उठा कर आतंकवादियों व हत्यारों का भारत या किसी अन्य देश में शरणार्थी की तरह आना रोकना है। एक अच्छा कदम उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन अफगान नागरिकों को जारी सारे वीसा रद्द कर दिए हैं जो वर्तमान समय में भारत में नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप अफगान संसद की एक महिला सदस्य को भी नई दिल्ली से वापस भेज दिया गया जो इस्तांबूल से आई थीं। सरकारी कदम आवश्यक है और यह इन खबरों के बाद उठाया गया है कि काबुल में एक एजेंसी पर हमला कर कुछ अफगान पासपोर्ट छीन लिए गए जिन पर भारतीय वीसा की मुहर लगी थी। अब सभी वीसा के अवैध होने के बाद भारत की यात्रा करने वाले अफगानों को ई-वीसा की प्रार्थना करनी होगी। भारत सरकार का यह निर्णय व्यावहारिक है क्योंकि अमेरिका व ब्रिटेन समेत दुनिया की अनेक खुफिया एजेंसियों ने अपनी सरकारों को चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान के आतंकी समूह काबुल से जल्दबाजी में भागने का लाभ उठा कर विद्रोहियों, लड़ाकुओं, आतंकियों व स्लीपर सेल सदस्यों को भावी प्रयोग के लिए विभिन्न देशों में भेजने की योजना बना रहे हैं। मूल रूप से यह चेतावनी पेंटागन ने अमेरिका को दी थी कि काबुल से पलायन करने वाले हजारों लोगों में आतंकवादी सफलता से घुसपैठ कर चुके हैं और वे यूरोप, अमेरिका व अन्य देशों को जाने वाले विमानों में सवार हो चुके हैं। यहां तक कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को चेतावनी दी थी कि 'आतंकी इस स्थिति का लाभ उठाने का प्रयास कर सकते हैं।' पश्चिमी मीडिया के अनुसार पलायन करने वाले लगभग 100 लोग खुफिया विभाग की निगरानी में हो सकते हैं क्योंकि उन पर आईएस जैसे आतंकी समूहों से संपर्क रखने का संदेह है। पलायन करने वालों की अमेरिका व यूरोप में उड़ानों को मध्यपूर्व या खास यूरोपीय सैनिक हवाईअड्डों पर उतारा गया ताकि पलायन करने वालों की गहन खुफिया जांच हो सके। कुछ दिनों पहले इस जांच के उस समय अच्छे नतीजे सामने आए थे जब हवाईअड्डे पर अफगानिस्तान के इस्लामिक स्टेट से संदिग्ध संपर्क की आशंका वाले एक पलायनकर्ता को हिरासत में लिया गया था। पेंटागन की सूचनाओं के आधार पर पश्चिमी मीडिया का दावा है कि लगभग 100 पलायनकर्ता संदिग्ध आतंकी हो सकते हैं जिनके संबंध संभवत: आईएसआईएस आतंकी समूह से हैं।



ब्रिटेन में भी ऐसे 6 पलायनकर्ता पाए गए जो ब्रिटेन के लिए 'सीधा खतरा' हैं। इन सभी देशों ने अब विशेष आप्रवास वीसा पर जोर दिया है जो केवल काबुल से बाहर जाने वालों के लिए आनलाइन उपलब्ध हैं। भारत के मामले में अतिरिक्त सावधानी और ज्यादा जरूरी है। वर्तमान समय में भारत आने वाले हत्यारे समूहों या इस्लामवादी आतंकी समूहों के प्रशिक्षित लड़ाकों की पहचान कठिन हो गई है जो भविष्य में अलगाववादी और हिंसक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इसे देखते हुए कश्मीर, गुजरात व राजस्थान की सीमाओं पर सुरक्षा और कड़ी की गई है तथा इसे आधुनिक बनाया गया है। जम्मू में ड्रोन हमलों की हालिया घटनाओं के बाद सतर्कता पहले से ही काफी अधिक है। पिछले कुछ महीनों से अफगानिस्तान में बढ़ती अस्थिरता से खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया है और वे तालिबान से बचने के लिए भागते अफगानियों के रूप में भारत में प्रवेश की तैयारी करने वाले आतंकियों पर नजर रख रही हैं।

# कृषि ऋण माफी की अनुचित परिपाटी

**इस तरह की रियायतें काफी हद तक अयोग्य लोगों को लाभान्वित करती हैं, केंद्र और राज्यों के बजट को तनाव में लाती हैं और बैंकों के एनपीए को बढ़ाती हैं।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



राजस्थान में एक जिला प्रशासन द्वारा कई सरकारी बैंकों को उनके बकाया की वसूली के लिए किसानों की भूमि की नीलामी का आदेश देने की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। भूमि ही एकमात्र संपत्ति है जो एक किसान, विशेष रूप से छोटे और सीमांत, के पास है और यदि इसे ले लिया जाता है, तो इससे व्यक्ति की आजीविका कमाने की क्षमता को स्थायी रूप से खत्म हो जाएगी।

किसानों का बकाया इसलिए जमा हो गया क्योंकि 2018 के विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्ज माफी का वादा किया था और वह भी उनकी पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के दस दिनों के भीतर। हालांकि, इसने वादा पूरा नहीं किया है – अपना आधा कार्यकाल पूरा करने के बाद भी नहीं – जिससे वर्तमान भयावह स्थिति पैदा हो गई है। किसानों की कर्जमाफी का वादा करने वाली कांग्रेस अकेली नहीं है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सहित हर प्रमुख राजनीतिक दल ने इसका वादा किया है। उत्तर प्रदेश (2017) में, उन्होंने सभी छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण माफ करने और शून्य ब्याज दर पर नए ऋण देने का वादा किया था (जैसा कि 7 प्रतिशत लागू और 4 प्रतिशत समय पर भुगतान करने वालों के लिए)। महाराष्ट्र, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश अन्य प्रमुख राज्य हैं जहां हजारों करोड़ रुपये की कर्जमाफी का वादा किया गया था।

हमें राज्य के खजाने, केंद्र और बैंकों, विशेष रूप से पीएसबी सहित विभिन्न हितधारकों के लिए इस तरह की लापरवाह प्रवृत्ति के निहितार्थों पर विचार करने की आवश्यकता है। मूल रूप से, ऋण माफी कष्टदायी परिस्थितियों में दी जाती है, जैसे एक अभूतपूर्व सूखा या बाढ़, या एक बड़े पैमाने पर कीट का हमला जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में भारी कमी आती है, या खड़ी फसल को व्यापक नुकसान होता है। ऐसी परिस्थितियां अपवाद हैं। हम जो देखते हैं वह अपवाद सामान्य होता जा रहा है। जब भी कोई चुनाव होता है, राजनीतिक दल कृषि ऋण माफी की पेशकश करते हैं। एकमात्र उद्देश्य किसानों के लिए कोई वास्तविक चिंता प्रदर्शित करने के बजाय उनका वोट प्राप्त करना है। यह किसानों की मानसिकता को काफी हद तक बदल देता है जिससे वे हर बार चुनाव होने पर कर्ज माफी की उम्मीद करते हैं। इसलिए, वे वापस भुगतान करना बंद कर देते है, यहां तक कि जो किसान भुगतान कर सकते हैं वे भी इस बैंडबाजे में शामिल हो सकते हैं। यह खतरनाक है क्योंकि यह भुगतान न करने के एक पंथ को जन्म देता है – विशेष रूप से पीएसबी के बड़े एनपीए बनाने का एक संभावित स्रोत।

भुगतान न करने का विचार हमारे दिमाग में भी नहीं आना चाहिए क्योंकि यह स्थायी बैंकिंग की नींव पर प्रहार करता है। शायद, यह केवल उन छोटे और सीमांत किसानों के लिए माफ किया जा सकता है जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की भूमि है, जो गंभीर वित्तीय संकट में हैं। विडंबना यह है कि आम तौर पर कर्जमाफी से कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां तक कि उन राज्यों में भी जहां वादे में केवल छोटे और सीमांत किसानों के लिए का उल्लेख है – जैसा कि 2017 में यूपी में हुआ था – बड़े किसान इससे बचने के तरीके खोजते हैं। आरबीआई के आंतरिक कार्य समूह के एक अध्ययन के अनुसार, 2016-17 के दौरान, 10 हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले बड़े किसान फसल ऋण के 41 प्रतिशत (ये अल्पकालिक ऋण हैं जिनका उपयोग कृषि-आदानों की खरीद के वित्तपोषण के लिए किया जाता है) के साथ किया गया। क्योंकि वे किसानों की कुल संख्या का मात्र 0.6 प्रतिशत हैं। अर्ध-मध्यम और मध्यम किसान, जो 2 -10 हेक्टेयर के बीच के मालिक हैं (वे सभी का 13.2 प्रतिशत हैं) को शेष 59 प्रतिशत का बड़ा हिस्सा मिला। दूसरी ओर, छोटे और सीमांत किसानों (वे कुल संख्या का 86.2 प्रतिशत हैं) को बहुत कम मिला; वास्तव में, उनमें से लगभग 41 प्रतिशत के पास बैंकों तक पहुंच नहीं है।

यहां तक कि निवेश ऋण के संबंध में (यह अनिवार्य रूप से संपत्ति के निर्माण के लिए दीर्घकालिक उपयोग किया जाता है), इसका एक बड़ा हिस्सा मध्यम और बड़े किसानों को भी जाता है। किसानों की आय की स्थिति : त्वरित विकास के लिए रणनीतियां समिति के अनुसार, छोटे और सीमांत किसान अपने निवेश का क्रमश: 30.8 प्रतिशत और 52.1 प्रतिशत संपत्ति में अनौपचारिक स्रोतों जैसे कि साहूकारों, व्यापारियों और इनपुट डीलरों के माध्यम से वित्तपोषित करते हैं। बैंकों तक पहुंच नहीं है।

जैसा कि आरबीआई के अध्ययन में सामने आया है, मध्यम और बड़े किसानों ने बैंकों से कम दरों पर उधार लिया है (यदि समय पर ऋण का भुगतान किया जाता है तो यह प्रभावी रूप से 4 प्रतिशत तक काम करता है), इस पैसे को छोटे किसानों को उधार दें। / सीमांत किसानों को बहुत अधिक दर पर, जिससे मध्यस्थता से भारी लाभ होता है। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कई राज्यों में, फसल ऋण की मात्रा सभी कृषि-आदानों के मूल्य से अधिक थी (आंध्र प्रदेश में, 2015-2017 के दौरान, यह कृषि-आदानों के मूल्य का 7.5 गुना था)। यह देखते हुए कि फसल ऋण ज्यादातर कृषि-आदानों को खरीदने के लिए लिया जाता है, जब पूर्व का मूल्य बाद वाले से अधिक हो जाता है, तो यह धन को गैर-कृषि उपयोगों के लिए मोड़ने की ओर इशारा करता है। ऐसे परिदृश्य में, जब मध्यम और बड़े किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर बैंक ऋण लिया जा रहा है, जब ऋण माफी दी जाती है, तो इसका लाभ का अनुपातहीन रूप से उच्च हिस्सा भी उन्हें मिलेगा। इसके अलावा, एक हद तक खेती के लिए रियायती ऋण गैर-किसानों या बेईमान व्यक्तियों द्वारा विनियोजित किया जाता है, वे राज्य सरकार द्वारा घोषित उदारता से भी लाभान्वित होते हैं।

स्पष्ट रूप से, कृषि ऋण माफी से अपेक्षित राहत उस दिशा में नहीं जा रही है (छोटे और सीमांत किसानों को पढ़ें)। साथ ही, यह राज्यों के बजट पर भारी बोझ डालता है जिससे राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम के तहत अनिवार्य राजकोषीय घाटे लक्ष्य पर टिके रहने की उनकी क्षमता प्रभावित होती है। चुनाव में किए गए वादों की एक शाखा होने के नाते और पार्टी की सनक और कल्पनाओं पर (किसी भी नियोजित अभ्यास द्वारा समर्थित नहीं) होने के कारण, एफडी पर परिणामी दायित्व और प्रभाव पूरी तरह से अप्रत्याशित और बेकाबू है। यह राजकोषीय मजबूती की कवायद का मजाक बनाता है।

साथ ही, एफआरबीएम अधिनियम की कठोरता से मजबूर और दायित्व पर लगाम लगाने के लिए बेताब, कुछ राज्य वादे का सम्मान करने से बचने के लिए बलि का बकरा भी ढूंढते हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान में, सरकार अब तर्क देती है कि ऋण माफी केवल उन किसानों के लिए थी जिन्होंने सहकारी बैंकों से ऋण लिया था (वास्तविकता यह है कि राहुल गांधी ने वादा करते समय किसी भी शर्त का उल्लेख नहीं किया था)।

सरकारी बैंकों से लिए गए कर्ज पर राज्य सरकार चाहती है कि वे इस कर्ज को माफ कर दें। इसी तरह की मांग टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति) ने 2018 में राज्य के चुनावों में किए गए अपने वादे को पूरा करने के लिए की थी। ये मांगें केवल केंद्र की एफडी को बढ़ाती हैं क्योंकि अंतत: इसे पीएसबी को बजटीय समर्थन देना पड़ता है, जिनकी पूंजी का क्षरण होता है। निष्कर्ष के तौर पर, कृषि ऋण माफी बड़े पैमाने पर अयोग्य लोगों को लाभान्वित करती है, राज्यों और केंद्रीय बजटों को तनाव में लाती है और बैंकों के एनपीए को बढ़ाती है। इसके अलावा, यह एक भ्रष्ट प्रथा है क्योंकि इसका वादा करके पार्टियां राज्य के संसाधनों का लाभ उठाकर मतदाताओं को लुभाती हैं। राज्यों को इस अस्वास्थ्यकर प्रथा से दूर रहना चाहिए, और यदि आवश्यक हो, तो केंद्र को ऐसा करने के लिए एक कानून पारित करना चाहिए। जहां तक गरीब किसानों की मदद करने का सवाल है, सरकार को कृषि-सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिए, जिसमें ऋण और फसल बीमा शामिल हैं।

# स्वतंत्रता प्राप्ति और देश का विभाजन

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



कुछ दिन पहले स्वतंत्रता दिवस बीतने के बाद अब भारत औपनिवेशिक शासन से मुक्त होने के पश्चात स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। हमारे प्रधानमंत्री ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में घोषित कर दिया है जो पड़ोसी पाकिस्तान का स्वतंत्रता दिवस है। विभाजन को याद करना पूर्णत: उचित है। इस मानवीय त्रासदी को मुहम्मद अली जिन्ना ने 23 मार्च, 1940 को जन्म दिया था। इस दिन मुस्लिम लीग के अधिवेशन में भारत विभाजन का प्रस्ताव पास किया गया था। इसके एक दिन पहले जिन्ना के भाषण से स्पष्ट हो गया था कि कायदे आजम अपनी पैरवी के प्रति पूरी तरह स्पष्ट थे। जिन्ना ने दावा किया था कि 'मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं हैं, हम एक देश हैं।' उन्होंने यह भी कहा था, 'हिंदू और मुसलमान बिल्कुल अलग तथा अलग सभ्यतायें हैं और वे अपनी प्रेरणा इतिहास के अलग-अलग स्रोतों से प्राप्त करते हैं। उनके प्राचीन ग्रंथ अलग अलग हैं। अक्सर एक का नायक दूसरे का दुश्मन होता है और उनकी विजय तथा पराजय भी एक दूसरे में उलझी हैं। एक राज्य के अंतर्गत दोनों को एक देश के रूप में रखने से मतभेद बढ़ेगा तथा अंतत: धागा टूट जाएगा। 1,200 सालों का इतिहास एकजुटता प्राप्त करने में विफल रहा है तथा भारत हमेशा हिंदू भारत व मुस्लिम भारत में विभाजित रहा है। इसलिए उनके अलग घर, क्षेत्र तथा राज्य होने चाहिए।' जिन्ना और उनकी लीग के लिए यह अकाट्य तर्क था।

जिन्ना केवल लफ्फाजी तक सीमित नहीं रहे। अंग्रेजों को यह समझाने के लिए कि दोनों समुदाय एक देश में साथ-साथ नहीं रह सकते हैं, उन्होंने कोलकाता में 16 अगस्त, 1946 को 'डाइरेक्ट एक्शन' की शुरुआत कर दी। इससे न केवल बंगाल में दंगे फूट पड़े, बल्कि वे बिहार में भागलपुर तक फैल गए।

जिन्ना विशिष्ट वर्ग के व्यक्ति थे। वे हमेशा सैविले रो सूट पहनते थे तथा मुस्लिम राजनीति में शामिल होने के पहले उन्होंने कभी पैजामा या शेरवानी नहीं पहनी थी, वे नमाज पढ़ना नहीं जानते थे और पोर्क का आनन्द उठाते थे। इस प्रकार उनकी यह पैरवी पूरी तरह यू-टर्न थी। कायदे आजम के छोटे भाई अहमद अली मेरे ममेरे बाबा के मित्र थे और अक्सर मिलते थे। उन्होंने मेरे बाबा को बताया था कि दोनों भाई सांस्कृतिक रूप से पारसी थे और अपनी इच्छानुसार खाते पीते थे। मुहम्मद अली जिन्ना ने सुंदर पारसी लड़की रूटी पेटिट से विवाह किया था।



बाद में द स्टेटसमैन के संपादक बने प्राण चोपड़ा ने एक रिपोर्टर के रूप में जालंधर में मुस्लिम लीग की एक रैली उस समय देखी थी जब वे 1945-46 में अभियान की कवरेज कर रहे थे। इससे स्पष्ट हो गया था कि उस समय जिन्ना देश के मुसलमानों के आदर्श बन गए थे। वे भीड़ को केवल अंग्रेजी में संबोधित कर सकते थे। उनको उर्दू नहीं आती थी और वे अंग्रेजी के अलावा केवल देशी गुजराती बोल सकते थे। उनके भाषण के बीच में जब अजान होती तो भीड़ नमाज पढ़ने में लग जाती, पर जिन्ना एक कुर्सी पर बैठ कर सिगार पीते तथा भीड़ के वापस लौटने के बाद अपना भाषण फिर शुरू करते। लेकिन कोई इसकी चिन्ता नहीं करता था। उनके लिए जिन्ना एक मसीहा थे और वे उनकी सर्वाधिक इच्छित चीज देने वाले थे। यह अंग्रेजों के चले जाने के बाद हिंदू प्रभुत्व से मुक्ति थी। उनके लिए जिन्ना के सिगार पीने या पोर्क खाने जैसी छोटी-मोटी चीजों का कोई महत्व नहीं था।

जिन्ना ब्रिटिश साम्राज्य के सर्वाधिक महंगे बैरिस्टर थे तथा अदालत में शानदार वकील के रूप में दिखते थे, लेकिन यह उनकी सीमा थी। उनके लिए मुस्लिम लीग और मुस्लिम समर्थक केवल मुवक्किल थे। इस मामले में उनकी अंतिम फीस उनको इतिहास में अपने समुदाय के लिए एक नया देश देने वाले के रूप में प्रशिद्धि देने वाली थी। हालांकि, मुसलमानों में अलग देश पाने की इच्छा जिन्ना से पहले भी थी, पर उन्होंने इसे प्रभावी रूप से अभिव्यक्त किया था। उन्होंने विजय पाने के लिए हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की तथा अंग्रेजों को विश्वास दिला दिया कि विभाजन जरूरी है। जिन्ना मुसलमानों से केवल अंग्रेजी में बात करते थे, जैसा कि वे गुजरातियों को छोड़ कर अपने सभी मुवक्किलों से करते थे। जवाहरलाल नेहरू के उलट जिन्ना ने लार्ड माउंटबेटन को एक साल गवर्नर जनरल बनाने का प्रस्ताव नहीं किया था और यह पद उन्होंने अपने लिए रखा था।

मुस्लिम लीग नेताओं के मन में विभाजन के पहले यह विचार पूरी तरह स्पष्ट था कि भारतीय रियासतों के सभी या अधिकांश मुसलमानों को पाकिस्तान में बसाया जाएगा। 1946 व 1947 में जिन्ना और उनके वरिष्ठ साथियों ने विभाजन के समय जनसंख्या के हस्तांतरण की मांग की थी। प्रेस के माध्यम से की गई उनकी अपील 26 नवंबर, 1946 को 'द डान' के पहले पेज पर छपी थी जो उस समय भी दिल्ली से प्रकाशित होता था। उसी साल 19 दिसंबर को राजा गजनफर अली ने डान को बताया था कि भारत का जनसंख्या मानचित्र बदलना चाहिए। लीग के पंजाब अध्यक्ष ने एक बयान में कहा था कि जनसंख्या का ऐसा हस्तांतरण अच्छी चीज है। सार्वजनिक रूप से इस पर सहमति प्रकट करने वाले अन्य नेताओं में मद्रास के सर मुहम्मद इस्माइल व सिंध के सैयद इलाही बख्श शामिल थे। इन नेताओं के साथ दूसरे लोगों का भी मानना था कि अगर हिंदू और मुसलमान एकसाथ रह सकते थे तो विभाजन की जरूरत क्या थी? पंजाब उच्च न्यायालय के अंग तथा आईसीएस जस्टिस गोपाल दास खोसला का भी मानना था कि जनसंख्या का हस्तांतरण विभाजन का अभिन्न अंग था।

यह दृष्टिकोण केवल जिन्ना और मुस्लिम लीग नेताओं तक सीमित नहीं था। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी पुस्तक 'इंडिया डिवाइडेड' में भी इसी दृष्टिकोण की पैरवी की है। उन्होंने प्रस्ताव किया था कि भारत के उन मुसलमानों तथा पाकिस्तान के हिंदुओं और सिखों को नई दिल्ली और कराची द्वारा वीसा जारी किए जाएं जो विस्थापित होने की स्थिति में नहीं हैं। उनको इस वीसा के साथ ठहरने की अनुमति दी जाए। कायदे आजम जिन्ना ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। लेकिन नेहरू सरकार ने एक निरर्थक चीज के लिए जिद पकड़ ली थी जिसे बाद में 'सेक्युलरवाद' कहा जाने लगा। इस प्रकार यह झूठ फैलाया गया कि विभाजन एक 'क्षेत्रीय' बंटवारा था, धार्मिक नहीं। इस समझ के दुष्परिणाम भारत आज भी झेल रहा है।

## आप की बात

### अफ़गानिस्तान में तालिबान

**अ**फगानिस्तान में तालिबान की दूसरी बार देखते ही देखते आमद हो गई। नागरिकों को दहशत में डालता हुआ तालिबान काबुल पर काबिज हो गया। आज हमारा ऐसा मानना है कि अगर अमेरिका अफगान से इतनी जल्दी नहीं जाता तो कम से कम इस साल तो अफगानीयों को तालिबान से राहत मिल सकती थी फिर अमेरिका एवं अफगानी संयुक्त राष्ट्र से शांति सेना की भी मांग कर सकते थे कि तालिबानियों को रोका जा सके। मगर अमेरिका का यूं दामन छुड़ाकर भाग जाना अफगानीओं के लिए दुखदाई हो गया है। भारत के लिए भी यह आज किसी बड़ी परेशानी से कम नहीं है कारण हमारा अफगान पर इन्वेस्टमेंट 3 अरब डालर का है जो 222 73 करोड़ है। अत: जरूरत इस बात की है कि अब तालिबान का रुख भारत की परियोजनाओं के प्रति कैसा रहता है यह देखने की बात है। हमारा आयात निर्यात पिछले 20 सालों से अफगानिस्तान से बना हुआ था जो अब संकट में पड़ता नजर आ रहा है। फिर अब देश में भारतीय मूल के अफगानी शरणार्थियों की संख्या भी बढ़ने से हम परेशानी में आ सकते हैं क्योंकि हमारे देश में पहले ही कोरोना काल के करोड़ों बेरोजगार मौजूद हैं। जरूरत इस बात की है कि सरकार बेरोजगारों के लिए कोई काम धंधे संबंधी योजना लेकर आए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### दोस्ती के बदलते मायने

**समाचार** पत्रों में नाम बदलकर दोस्ती करना व शादी के झांसे में लेना, दुष्कर्म व अपराधों को जन्म देने की फितरतों पर व असमाजिक तत्वों पर अंकुश बेहद जरूरी है। दोस्ती करके विश्वास का गला घोंटने की घटनाओं से सबक लेने की जरूरत है। आखिर क्यों लोग व लड़कियां इन दानवों का शिकार हो जाती है। क्यों अंजान लोगों को अपनी ज़िंदगी मे शामिल कर के अच्छी भली जिंदगी को मुसीबत में डालती है। दोस्ती करना कोई गुनाह नहीं, परन्तु दोस्ती में भरोसे का गला घोटना कहां तक उचित है? समय सतर्कता का है, चौकन्ना रहने का है। अच्छा तो यही होना चाहिए कि हम जबतक किसी व्यक्ति विशेष को पूर्ण जान न ले जब तक वाट्सअप, फेसबुक पर दोस्ती नही करना चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि दोस्ती का अंत स्वार्थ ही रहा। छल कपट रंजिश , हत्याएं ,दुष्कर्म , छेड़छाड़ इत्यादि अपराध दोस्ती के अंतर्गत होते आ रहे है। समाज मे बुद्धिजीवी वर्ग की खामोशी, विरोध के आभाव में दोस्ती बदनाम हुई है। पौराणिक ग्रन्थों में दोस्ती की मिसाल हमे सकारात्मक दोस्ती का भाव सिखाती है। परन्तु उसका प्रतिशत नही के बराबर है। दोस्ती व दोस्त सुख दुख के वो पहलू है जो निस्वार्थ होकर आत्मीयता को लंबे समय तक जीवित रखते हैं।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### चुनौती के लिए तैयार रहें

**यह** पत्र अफगानिस्तान की स्थिति के संदर्भ मे है। यह अच्छी बात है की सरकार ने पहल करके विपक्ष दलों के वरिष्ट नेताओं को अफ़गानिस्तान मे अचानक से बदली हुई स्थिति के बारे मे अवगत कराएगी। चीन और पाकिस्तान ने तो तालिबान का समर्थन करने का निर्णय लिया है और कुछ दिनों मे भारत को भी अपना रुख़ साफ करना ही पड़ेगा तो ऐसे मे सभी दलों को साथ लेकर चलना एक व्यावहारिक कदम है। वैसे तो तालिबानी नेताओं ने प्रेस सममेलन के जरिए अपना एक नया रूप दिखाने की कोशिश की है लेकिन जैसा हम सभी ने ने 20 वर्षो पहले तालिबान का क्रूर और भयावह रूप देखा है तो हमें जल्दबाजी में किसी गलतफहमी मे नहीं रहना चाहिए। विशेषकर तब जबकि तालिबान ने 31 अगस्त की डेडलाइन को आगे बढ़ने से साफ साफ माना कर दिया है और अमेरिका समेत अन्य कई देश अपने लोगों को अफगानिस्तान से निकालने के लिए संघर्ष करते दिख रहे हैं। बल्कि हमारी सरकार को किसी भी चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**कोविड-19** के संबंध में डेटा को गुप्त रखा जा रहा है और अब तक केरल में लगभग 13,000 कोविड-19 मौतों को प्राकृतिक मृत्यु घोषित किया गया है।

– **वीडी सतीशन**
केरल में विपक्ष के नेता

**अमेरिका** के पास विमान हैं और काबुल हवाई अड्डे का नियंत्रण अब उनके पास है। उसे समय सीमा से पहले अपने सभी सैनिकों, लोगों या ठेकेदारों को वापस लेना चाहिए।

– **ज़बीहुल्लाह मुजाहिदी**
तालिबान प्रवक्ता





**परामर्श** के बाद, हमने गन्ने के लिए 360 रुपये प्रति क्विंटल के एसएपी को मंजूरी दी है। मेरी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।


– **प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस महासचिव"

# दूसरी पर नियंत्रण संग तीसरी लहर से निपटने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दूसरे** प्रदेशों में बढ़ते मामलों के बीच यूपी में कोरोना के हालात बेहतर हैं। प्रदेश में आज सक्रिय मामलें तेजी से घट रहे हैं और नए केस में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के 18 जनपदों में एक्टिव केस की संख्या शून्य रही। अलीगढ़, बागपत, बांदा, बिजनौर, एटा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, कानपुर देहात, महोबा, मऊ, मुजफ्फनगर, रामपुर, संतकबीरनगर, शाहजहांपुर और उन्नाव में आज कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं।

सक्रिय केस हो या फिर टेस्टिंग और वैक्सीनेशन की बात सरकार द्वारा समय पर लिए गए निर्णयों का ही परिणाम है कि आज सर्वाधिक जनसंख्या वाला यूपी दूसरे प्रदेशों से कोरोना पर लगाम लगाने में



● प्रदेश के 18 जिले कोरोना से पूरी तरह मुक्त

अव्वल है। सक्रिय केसों के मामलों में यूपी के हालात दूसरे राज्यों से बेहतर हैं। प्रदेश में जहां सक्रिय केसों की संख्या अब 329 हैं वहीं आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश से काफी कम आबादी वाले अन्य राज्यों में अब भी संक्रमण पर काबू नहीं पाया जा सका है।

यूपी में कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के संबंध में योगी सरकार प्रो.एक्टिव नीति अपना रही है। सभी मेडिकल कॉलेजों में पीआईसीयू और एनआईसीयू की स्थापना को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकारी मेडिकल कॉलेज और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज मे आइसोलेशन और आइसीयू 6,700 बेड स्थापित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही प्रदेश सरकार डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफको संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें 5,000 से अधिक डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैए जिसके तहत 8700 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## अपहरण के मुकदमे में 7 साल से वांछित अपराधी हरिद्वार से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ**की बरेली फील्ड इकाई ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में दर्ज वर्ष 2014 के अपहरण के मुकदमे में वांछित व 25000 रुपए के इनामिया अपराधी वालिस्टर को हरिद्वारए उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त वालिस्टर ने बताया कि 24 मई 2014 को लोक बिहार कालोनी से मदन पाल यादव के छह वर्षीय पुत्र राजू का फिरौती के लिए उसके भाई अरविन्द उर्फनेता उसका साढ़ू पप्पू गुर्जर और गांव के सत्यवीर ने अपहरण किया था। अपहरण करने के बाद यह तीनों राजू को लेकर वालिस्टर के रिश्तेदार राजीव के घर रसूलपुर बदायूं पहुंच गए थ। यहां वालिस्टर को बच्चे की हिफाजत और सुरक्षा करने का काम दिया गया था। इसी बीच मामले की भनक पुलिस को लग गई। पुलिस ने 30 मई को राजीव के घर पर छापेमारी कर अपहृणकर्ताओं के चंगुल से राजू को मुक्त करा लिया था। इस दौरान वालिस्टर और उसके साथी मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने बाद में अरविंद व पप्पू को कुछ दिनों बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसने बताया कि फरारी के दौरान वह दिल्लीए हरियाणा में मजदूरी कर अपना पेट पाल रहा था। मुखबिर से शातिर की सूचना मिलने के बाद एसटीएफकी टीम ने शुक्रवार को शिवालिक नगर टी कलस्टर के सामने रानीपुरए हरिद्वार में छापेमारी कर वालिस्टर को गिरफ्तार कर लिया।

## चिकित्सा इकाइयों का भ्रमण कर सर्टीफिकेशन प्रक्रिया में सहयोग करें डीएमः अमित मोहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिवए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे जनपद एवं विकास खण्ड स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चिकित्सा इकाईयों का भ्रमण कर गैप.क्लोजर एवं सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में चिकित्सा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा चिकित्सा इकाईयों की स्थिति में गुणात्मक सुधार किया जा सकता है।

शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत राजकीय चिकित्सालयों में गुणवत्ता सुधार हेतु नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड एवं सर्टिफिकेशन विषय पर सभी जिलाधिकारियो एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों का वीडियों कान्सफ्रेंसिंग के माध्यम से अभिमुखीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि राजकीय चिकित्सा इकाईयों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशनए लक्ष्य सर्टिफिकेशन तथा कायाकल्प.अवार्ड स्कीम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय चिकित्सा इकाईयों में क्वॉलिटी सर्टिफिकेशन से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी तथा मरीजों की संतुष्टि का स्तर एवं जन.अनुभूति में सकारात्मक बदलाव आयेगा। क्वालिटी सर्टिफिकेशन से चिकित्सालयों की स्थिति भी बदलेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने कहा कि जिलाधिकारी क्वालिटी एश्योरेंस समिति की नियमित बैठक करें। क्लीनिंग एवं गार्डिनिगए बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण एवं लाण्ड्री सेवाओं हेतु अनुबंधित सेवा.प्रदाताओं का नियमित अनुश्रवण करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने बताया कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेस सर्टिफिकेशन में प्रदेश की देश में 7वीं रैंक है।

राज्य स्तर पर क्वालिटी एश्योरेंस अनुभाग महाप्रबंधक डा अर्चना वर्मा ने बताया कि वर्ष 2014 से प्रारम्भ हुए क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशनए लक्ष्य सर्टिफिकेशन एवं कायाकल्प अवार्ड. स्कीम के अर्न्तगत उपलब्धि में निरन्तर वृद्वि हुई है। प्रदेश की 44 चिकित्सा इकाईयां नेशनल क्वालिटी एश्योरेस सर्टिफिकेशन तथा 20 चिकित्सा इकाईयां लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्राप्त कर चुकी हैं। साथ ही 2020.21 में कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत 800 चिकित्सा इकाईयां अवार्ड की अर्हता प्राप्त कर चुकी हैं।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 31 अगस्त से 4 सितम्बर तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** स्थित सभी राजकीयए अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2021-22 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली आनलाइन/सीबीटी प्रवेश परीक्षा 31 अगस्त से 4 सितम्बर के बीच तीन पालियों में सम्पन्न होगी। पहली पाली प्रातः 8 से 10:30 बजे तकए दूसरी पाली दोपहर 12 से 3 बजे तक तथा सांय 4 से 6:30 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा परिषद, के प्रभारी सचिव राम रतन ने बताया कि अभ्यर्थियों हेतु आनलाइनध्सीबीटी प्रवेश परीक्षाओं से सम्बन्धित विस्तृत विवरण, अभ्यर्थियों हेतु आनलाइन मॉक टेस्ट की सुविधाध्प्रक्रिया के साथ ही अभ्यर्थियों के प्रवेश.पत्र भी परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैए जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी उपलब्ध मॉक टेस्ट में अपनी सुविधानुसार कई बार शामिल हो सकता है। मॉक टेस्ट में आने वाली परेशानियों हेतु अभ्यर्थी हेल्पलाइन नम्बर. 7829207426, 7829207346 पर सम्पर्क कर अपनी परेशानियों एवं जिज्ञासाओं का निवारण कर सकते हैं। परीक्षार्थी को अपने आवंटित केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 1:30 घण्टे पहले पहुँचना होगा। साथ ही अभ्यर्थी को अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर फेस मास्कए प्रवेश.पत्र और एक फोटोयुक्त आईडी मूल रूप में लाना होगा।

## एकेटीयू ने घोषित की यूपीसीईटी 2021 काउंसिलिंग की संभावित तिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● काउंसलिंग का पहला चरण 16 सितम्बर से

**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को विवि से सम्बद्ध संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यूपीसीईटी 2021 की काउन्सलिंग की संभावित समय सारणी जारी कर दी गयी है। इसके अंतर्गत बीटेक, बीआर्क, बीफार्म, बीडेस, बीएचएमसीटी, बीएफए, बीएफएडी, बीवाक, एमटेक इंट्रीग्रेटेड, एमबीए, एमसीए, बीटेक लेटरल एवं बीफार्म लेटरल इत्यादि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग प्रक्रिया की संभावित समय सारणी जारी की गयी है। काउंसलिंग का पहला चरण 16 सितम्बर से शुरू होगा।

विवि के मीडिया प्रभारी आशीष मिश्र के अनुसार काउन्सलिंग सात चरणों में सम्पन्न करवाया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसमें चार चरण सामान्य काउन्सलिंग केए पांचवां चरण राजकीय एवं घटक संस्थानों में इंटरनल स्लाइडिंग का तथा छठा एवं सातवाँ चरण राजकीय एवं घटक संस्थानों की रिक्त बची हुयी हेतु स्पेशल चरण आयोजित करवाया जाना प्रस्तावित किया गया है। काउन्सलिंग का प्रथम चरण 16 सितम्बर को प्रारम्भ होकर 28 सितम्बर तक द्वितीय चरण 29 सितम्बर से प्रारंभ होकर 7 अक्टूबर तक सम्पन्न करवाया जाना प्रस्तावित किया गया है। तृतीय चरण 8 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 20 अक्टूबर तक चलेगा। जबकि चतुर्थ चरण चार 22 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 26 अक्टूबर तक सम्पन्न होना प्रस्तावित है। पांचवा चरण 27 अक्टूबर को होना प्रस्तावित है। साथ ही स्पेशल चरण छह 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर के मध्य एवं स्पेशल चरण सात 3 नवम्बर से 10 नवम्बर के मध्य आयोजित किये जाने प्रस्तावित हैं। छठे एवं सातवें चरण के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 11 नवम्बर प्रस्तावित की गयी है।

## हाईकोर्ट से एसआई, एएसआई भर्ती परीक्षा के सैकड़ों अभ्यर्थियों को झटका

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एसआई** व एएसआई के 609 पदों पर भर्ती के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि इसकी परीक्षा में वही अभ्यर्थी बैठने के योग्य थेए जिनके पास डुएकध्एनआईईएलआईटी का ष्ओष् लेवल सर्टिफिक्रेट था। पीठ ने इस कथन के साथ ही बीटेकए बीएससी ;कम्प्यूटर साइंसद्ध व बीसीए करने वाले अभ्यर्थियों को भी मौका देने के एकल पीठ के आदेश को खारिज कर दिया है। 26 मार्चए 2021 को एकल पीठ ने एसआई व एएसआई के 609 पदों पर भर्ती के संदर्भ में सैकड़ों अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर एक आदेश दिया था। कहा था कि अभ्यर्थियों ने जो कोर्स किए हैंए ष्ओष् लेवल उनका एक भाग है। लिहाजा इनके मामले में पुनर्विचार किया जाए। एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफराज्य सरकार की ओर से विशेष अपील दाखिल कर चुनौती दी गई थी।

जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दाखिल विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। पीठ ने उक्त आदेश को खारिज करते हुए कहा है कि वर्ष 2016 के तत्कालीन नियम के मुताबिक ओ लेवल सर्टिफिक्रेट प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही उक्त परीक्षा में भाग लेने के लिए योग्य थे।

## आर्थिक व सामाजिक अपराध के मुल्जिमों को जमानत मिलने पर देश छोड़ कर भागने का खतराः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने एक अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में अहम टिप्पणी की है। पीठ ने कहा है कि सामाजिक.आर्थिक अपराधों में लिप्त मुल्जिम आर्थिक तौर पर मजबूत होते हैं। उन्हें जमानत अथवा अग्रिम जमानत पर छोड़ने से उनके देश छोड़कर भागने का खतरा होता है। एक बार देश से भाग जाने पर उन्हें वापस लाना व आपराधिक प्रक्रिया का सामना कराना बड़ा मुश्किल हो जाता है। ऐसे अपराध के मुल्जिम समाज में आदरणीय व प्रभावशाली होते हैं। वे हमेशा ऐसी स्थिति में होते हैं कि विवेचनाए साक्ष्य व गवाहों को प्रभावित कर सकें।

जस्टिस चंद्रधारी सिंह की एकल पीठ ने यह टिप्पणी पंकज ग्रोवर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए किया है। याचिकाकर्ता पर एनआरएचएम फंड में घोटाला करने का आरोप है। याचिकाकर्ता के साथ ही सर्जिकॉन मेडीक्विप प्राइवेट लिमिटेडए नरेश ग्रोवर व अभय कुमार वाजपेई के खिलाफ मनी लॉंड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एकल पीठ ने अग्रिम जमानत देने से इंकार करते हुए कहा कि इस प्रकार के अपराधी और ज्यादा अमीर होने के लिए पूरे समाज को और लोगों की जिन्दगी को असुरक्षा मे डाल देते हैं। उनके द्वारा सरकारी खजाने में सेंध लगाकर अंततोगत्वा समाज को ही क्षति पहुंचाई जाती है। इस प्रकार के अपराध न्याय तंत्र के लिए चुनौती बन चुके हैं। पहले तो यह पता लगाना मुश्किल होता है कि अपराध वास्तव में हुआ है। जब तक यह पता लगता हैए तब तक साक्ष्य मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे अपराधों के साक्ष्य साधारण विवेचना से मिल भी नहीं पाते और साधारण सजा ऐसे अपराध और अपराधियों से डील करने में प्रभावी नहीं होतीं।

## सरकार की पनाह में प्रदेश में फल-फूल रहा है जहरीली शराब का कारोबारः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में जहरीली शराब के सेवन से हो रही मौतों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवैध जहरीली शराब से 29 जनपदों में अब तक लगभग 1000 मौतें हो चुकी है और पिछले साढ़े चार साल में जहरीली शराब का कारोबार पूरे उत्तर प्रदेश में सरकार की पनाह में फल-फूल रहा है। साल 2017 में आजगढ़ के रौनापुर थाना क्षेत्र के केवटिया, ओड़रा, सलेमपुर में जहरीली शराब से 27 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2018 में कानपुर देहात के रूरा में 9 लोगों की मौत, कानपुर नगर के सचेण्डी में 7 लोगों की मौत, बाराबंकी में 9 लोगों की मौत, साल 2019 में सहारनपुर में 38, मेरठ में 18, कुशीनगर में 8 लोगों की मौत, साल 2020 में प्रयागराज मे 13 लोगों की मौत, फिरोजाबाद में 2 लोगों की मौत, मथुरा 3 लोगों की मौत, लखनऊ में 6 लोगों की मौत, साल 2021 में प्रयागराज में 9 लोगों की मौत, प्रतापगढ़ में 4 लोगों की मौत, बुलंदशहर में 5 लोगों की मौत, महोबा में 2 लोगों की मौते, अलीगढ़ 22 मौते, बिगत दिनों में आगरा में 14 मौतें हुई है। उत्तर प्रदेश में पिछले साढे चार सालों से अवैध शराब का कारोबार सरकार और अधिकारियों की मिलीभगत से पूरे प्रदेश में चल रहा हैए राजस्व के लालच में आये दिन लोगों की जाने राज्य सरकार की गलत रणनीति के कारण जा रही हैए अवैध जहरीली शराब का कारोबार आबकारी बिभाग द्वारा अनुज्ञापित शराब दुकानों से मौत का सामान बेचा जा रहा है, सरकार के राजस्व में कोई कमी नही आ रही है और सरकार इसी बात से प्रसन्न होकर अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही से लगातार बच रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आबकारी मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि अवैध जहरीली शराब पीने से हो रही मौतों का जिम्मेदार कौन है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि आपने कहा था कि जहरीली शराब की जिस जनपद में विक्री होगी या उसके सेवन से मौतें होगी उसके लिए सीधे.सीधे जिले जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी दोषी माने जायेगें।

## ईसाई संगठनों के खिलाफ भाजपा सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसितः शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जंगल के अथाह विस्तार में जहां ठीक से रोशनी भी नहीं पहुंच पाती हैए सरकारी योजनाओं और सुविधा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ऐसी जगहों पर मसीही समाज और मिशनरी संस्थाएं कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अपने सेवा कार्यों से मसीही समाज ने भारत में एक विशिष्ट मुकाम हासिल किया है।

उक्त बातें शिवपाल सिंह यादव ने शुक्रवार को प्रसपा कैम्प कार्यालय में आयोजित विशाल मसीही समागम में कहीं। शिवपाल यादव ने पूरे प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों से आए इसाई धर्म गुरुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मसीही समाज ने भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में शानदार कार्य किया है। शिवपाल यादव ने कहा कि ईसाई संगठनों के खिलाफभाजपा की सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर दमनकारी और पक्षपात पूर्ण रवैया अपना रही है। ईसाईयों को उनकी आस्था को लेकर निशाने पर



लिया जा रहा है। शिवपाल यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ ए झारखंड, उड़ीसा जैसे राज्यों में बहुत से बच्चों के जीवन में स्कूल शिक्षा मसीही समाज की बदौलत ही हो पाई है। उत्तर प्रदेश में भी कुशीनगरए गोरखपुर और सुदूर नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में जो अत्यंत रिमोट और पिछड़े क्षेत्र में हैंए वहां भी आप कार्य कर रहे हैं। करुणा ए दया और सेवा ईसाई समाज के महत्वपूर्ण गुण हैं। भारतीय मसीही समाज को एक खास बात यह है कि यह समाज अपनी विशिष्ट आस्था के बावजूद सांस्कृतिक रूप से शुद्ध भारतीय है।

कार्यक्रम को संयोजक डॉ दीप्ति भटनागर मैसी, अमेरिका से आए आचार्य विकास मैसी, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंडित अश्विनी मुद्गल, प्रसपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुंदर लाल लोधी भारतीय मसीही समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पास्टर देवेंद्र शर्मा, भारतीय मसीही समाज के राष्ट्रीय संयोजक थामसन थामसए भारतीय मसीही समाज के सचिव पास्टर शरद श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया।

## रैलियों में दिहाड़ी पर लोगों को लेकर आती है कांग्रेसः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपनी रैलियों में लोगों को दिहाड़ी पर लेकर आती है। इसके साथ ही मायावती ने यह भी साफकर दिया है कि बसपा में उनका उत्तराधिकारी दलित वर्ग से ही होगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जिस दिन कांग्रेस की रैली होती हैए दिहाड़ी में काम करने वाले मजदूर बहुत खुश होते हैं और कहते हैं कि आज हमें काम नहीं करना पड़ेगा। यह कांग्रेस का भीड़ जुटाने का कल्चर है। देश के साथ राज्यों में भी कांग्रेस की बहुत बुरी हालत है। उसे चुनावी मैदान में उतारने के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिलते हैं। अब कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं बचा है। इस दौरान कांग्रेस की बुकलेट पर हमला बोलते



● मायावती ने कहा, अभी मैं फिट, मेरा उत्तराधिकारी दलित वर्ग से होगा

हुए उन्होंने कहा कि अपनी दुर्दशा के लिए कांग्रेस खुद जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले अपना घर ठीक करे। मायावती ने कहा कि कांग्रेस एक नही दो चार जितनी चाहे बुकलेट जारी करेए कांग्रेस की झूठी बातों में जनता नही आने वाली है। पंजाब में अकाली दल के साथ मिलकर बसपा तो कांग्रेस को बाहर करने के बड़े अभियान में लगी है।मायावती ने कहा कि बसपा कांग्रेस और अन्य पार्टियों की तरह पूंजीपतियों की पार्टी नहीं हैए बल्कि गरीबों और मजदूरों की पार्टी है। उन्हीं की आर्थिक मदद से पार्टी चलती है। बसपा के खिलाफ गलत प्रचार करने से दूसरी पार्टियों को कुछ हासिल होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मेरा जन्मदिन होता थाए तब मना करने के बावजूद भी महंगे कपड़े और गहने आदि मुझे दिए जाते थे। इसे ध्यान में रखकर हमने फैसला किया कि लोग बीएसपी सदस्यता की किताब ले जाएं और जो मुझे देना चाहते हैंए उतने अपने क्षेत्र में बीएसपी का सदस्य बनाकर पार्टी को आर्थिक मदद कर सकते हैं।इस दौरान अपने उत्तराधिकारी के सवाल पर मायावती ने कहा कि फिलहाल तो मैं मैं बिल्कुल फिट हूं। मुझे अभी किसी उत्तराधिकारी की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि मेरा स्वास्थ्य अभी ठीक है। इसी कारण मुझे अभी किसी को अपना उत्ताराधिकारी बनाने की जरूरत नहीं है। आगे आने वाले समय में जब स्वास्थ्य सही नहीं रहेगा तब उत्तराधिकारी जरूर बनाउंगी।

## मुख्यमंत्री के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत महोत्सव सेनेटरी अभियान का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नोएडा** सेक्टर-51 होशियारपर स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग और इंसिनरेटर मशीन भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीतू डबास का रहना हुआ जिन्होंने माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा चलाए जा रहे महिला शसक्तिकरण के संदर्भ में किए जा रहे तमाम लाभकारी योजनाओं व कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए लगातार विभिन्न प्रकार से महती योजनाएं बना रही है एवं बालिकाओं के लिए लगातार सम्मानए सुरक्षा और स्वावलंबन के सापेक्ष अनेकों कार्यक्रमों का संचालन कर रही है।



सरकार प्रत्येक स्तर पर महिलाओं के सामाजिक स्तर को बढ़ाने के लिए अग्रसर है।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा महिलामोर्चा पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती वर्षा कौशिक जी के देखरेख में क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मोनिका श्रीवास्तव जी तथा नोएडा जिलाध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम द्वारा बताया गया की ष्मिशन शक्ति के अमृत महोत्सव सैनिटरी नैपकिन अभियानष् के अंतर्गत इस योजना का शुभारंभ 15 अगस्त 2021 को लखनऊ में किया गया था जो नारी के प्रति आदर एवं सम्मान को प्रदर्शित करता है। समाज को महिलाओं के लिए भेद भाव को खत्म करने का संदेश देते हुए सरकार प्रत्येक जिले में मशीन लगवा रही है। देश की आधी आबादी को मिशन शक्ति से जोड़ने के लिए आदरणीय मुख्यमंत्री जी का समस्त नारी समाज की ओर से हार्दिक आभार। जब नारी का सम्मान होगा तभी राष्ट्र का सम्मान संभव है। इसी क्रम में नोएडा महिलमोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी जी ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी बहनों का आभार व्यक्त किया तथा विस्तार से मशीन के उपयोग को समझाया।

## सत्ता के संरक्षण में हो रहा अवैध खनन, बिक रही जहरीली शराब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में अपराधियों का बोलबाला है। अवैध खनन हो या जहरीली शराब की बिक्री, ये सभी धंधे सत्ता के संरक्षण में चल रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में जनसामान्य के प्रति भाजपा का व्यवहार पूर्णतया संवेदनहीन रहा है। चाहे कोरोना संक्रमण से हजारों मौतों का मसला हो या जहरीली शराब पीने से हुई सैकड़ों मौतों की बातए भाजपा सरकार इनको कोई महत्व नहीं देती है जबकि हकीकत यह है कि प्रदेश में भाजपा सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश हत्या प्रदेश बन गया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के आजमगढ़, बदायूं, एटा और प्रयागराज सहित अन्य कई जनपदों में सैकड़ों लोग जहरीली शराब पीकर मर चुके हैं। सहारनपुर में तो 74 मौतें भी हो चुकी हैं। साढ़े चार साल में



भाजपा की सरकार में जहरीली शराब का धंधा बेरोकटोक चला है। चूंकि शराब माफियाओं को सत्ता का संरक्षण मिलता रहा हैं इस वजह से अब तक शराब के अवैध धंधे पर रोक नहीं लग पाई है। खुद सरकारी ठेकों से जहरीली शराब बिकने की शिकायतें मिलती रही हैं। किंतु भाजपा सरकार का इस सब पर कोई नियंत्रण नहीं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा राज में मौतों का सिलसिला लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों की स्थिति सर्वाधिक चिंतनीय है। आए दिन उनके साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटती हैं। पिता की पिटाई का वीडियो बनाती बच्ची को गोली मार दी जाती है। पीड़िताएं कहीं सुनवाई न होने पर आग लगाकर जान देने को मजबूर हो रही हैं। व्यापारियों के अपहरणए लूट और हत्या की घटनाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। भाजपा राज में समाज का हर वर्ग पीड़ित और प्रताड़ित है। अब उसने तय कर लिया है कि अपमान और उत्पीड़न को और ज्यादा वह बर्दाश्त नहीं करेगा। सन् 2022 में वह भाजपा को हटाने को संकल्पित है।

### जांच के लिए आगरा जाएगा सपा प्रतिनिधि मंडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 6 सदस्यीय समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल जनपद आगरा के थाना डोकी और ताजगंज के अन्तर्गत लगभग 11 लोगों की जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की जांच एवं पीड़ित परिवार से मिलने के लिए 29 अगस्त 2021 को जनपद आगरा पहुंचेगा।

समाजवादी प्रतिनिधि मण्डल में डा. दिलीप यादव सदस्य विधान परिषद, मधु सूदन शर्मा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, वाजिद निसार महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, रामसहाय यादव पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, ममता टपलू पूर्व प्रत्याशी तथा सौरभ शर्मा विधानसभा अध्यक्ष फतेहाबाद शामिल है।

# कोविड-19 पर सरकार की छवि बिगाड़ने की कोशिश: विजयन

## ● मुख्यमंत्री ने महामारी की चुनौती से निपटने को लेकर हुई आलोचना को किया खारिज

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य में कोविड-19 की चुनौती से निपटने में सरकार की कथित विफलता को लेकर हो रही आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें आशंका है कि यह निंदा महामारी के खिलाफ जारी लड़ाई में लोगों के सहयोग को कमतर करने के लिए है। केरल में कोरोना वायरस संक्रमण की बढ़ती हुई दर और नए मामलों में वृद्धि को लेकर राज्य सरकार चौतरफा आलोचना का सामना कर रही है।

सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के मुखपत्रों में से एक साप्ताहिक पत्रिका चिंता के नवीनतम संस्करण में प्रकाशित एक लेख में विजयन ने कहा कि समाज का एक वर्ग जानबूझकर महामारी के प्रबंधन संबंधी राज्य की रणनीतियों की आलोचना कर लोगों में भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहा है। विजयन ने कहा कि कुछ लोग आम जनता के बीच सरकार के प्रति रोष पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं, जिससे महामारी के खिलाफ जारी लड़ाई कमजोर हो जाए।

केरल में कोविड-19 के दैनिक मामलों की संख्या 30 हजार पार करने के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के अलावा भारतीय जनता पार्टी राज्य की वामपंथी सरकार की आलोचना कर रही है। विजयन ने कहा, केरल में ऑक्सीजन की कमी के कारण एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई थी। किसी को भी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं किया गया है अथवा किसी को भी आपात स्थिति के दौरान अस्पताल में बिस्तर नहीं मिलने जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केरल ने कोविड-19 रोधी टीके की एक भी बूंद बर्बाद किए बिना देश के सामने एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। केरल में कोविड-19 के कारण मृत्यु दर 0.5 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा, सरकार की आलोचना कर रहे लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि देश के अन्य हिस्सों की अपेक्षा केरल में महामारी की दूसरी लहर की शुरुआत देर से हुई थी और राज्य में ऐसे लोगों की संख्या अधिक है, जिनके संक्रमित होने का खतरा अधिक है।

## स्टालिन ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों के लिए 317 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की

**चेन्नई।** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को तमिलनाडु में रह रहे श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों के लिए 317 करोड़ रुपए के कल्याणकारी पैकेज की घोषणा की, जिसमें घरों का पुनर्निर्माण भी शामिल है। स्टालिन ने कहा कि श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों के कल्याण के लिए जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा, जो नागरिकता और श्रीलंका लौटने वालों के लिए व्यवस्था करने जैसे मामलों के अलावा अन्य चीजों पर दीर्घकालिक समाधान की दिशा में काम करेगी। विधानसभा में बयान देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 261.54 करोड़ रुपए शिविरों में रहने वालों के लिए घरों के पुनर्निर्माण व बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए खर्च किए जाएंगे जबकि 12.25 करोड़ रुपए शिक्षा एवं नौकरी के अवसर सुनिश्चित करने के लिए और 43.61 करोड़ रुपए उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए खर्च किए जाएंगे।

## किसान आंदोलन के समर्थन में राहुल बोले, कृषि विरोधी कानून वापस लिए जाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन के नौ महीने पूरे होने की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को कहा कि इन कृषि विरोधी कानूनों को वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने फार्मर्स प्रोटेस्ट हैशटैग से ट्वीट किया, खेत को रेत नहीं होने देंगे, मित्रों को भेंट नहीं देने देंगे।

## हथियारों और गोला-बारूद के साथ चार गिरफ्तार

**दीफू।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में शुक्रवार को चार लोगों को भारी संख्या में हथियार और गोला-बारूद के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने बोकाजान थाना क्षेत्र के घड़ियालडूबी में एक अभियान शुरू किया था।

# महाराष्ट्र सरकार ओबीसी आरक्षण के लिए आंकड़ा जुटाने पर ध्यान दे

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र सरकार** को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आंकड़े जुटाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि समुदाय के लिए राजनीतिक आरक्षण को बहाल किया जा सके। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने कही। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा ओबीसी आरक्षण संकट के समाधान के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के बाद राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

फडणवीस ने कहा, उच्चतम न्यायालय ने ओबीसी आरक्षण को खारिज नहीं किया है बल्कि केवल एक प्रावधान को बताया है। इसका मतलब है कि अगर महाराष्ट्र सरकार तीन प्रावधानों को पूरा कर लेती है तो राजनीतिक आरक्षण बहाल कर दिया जाएगा। राज्य सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। फडणवीस ने कहा कि तीन प्रावधानों को पूरा करने के लिए जरूरी पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन राज्य सरकार कर चुकी है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार के पिछड़ा वर्ग आयोग को आंकड़ा जुटाना चाहिए ताकि हम ओबीसी के लिए राजनीतिक आरक्षण हासिल कर सकें। राज्य को ओबीसी के राजनीतिक पिछड़ेपन का अध्ययन कराने की भी जरूरत है। फडणवीस ने कहा कि पूरे समुदाय की गणना की जरूरत नहीं है और आंकड़े नमूना आधार पर जुटाए जा सकते हैं।

# तालिबान वाली टिप्पणी को लेकर महबूबा पर बरसे चुग

**जम्मू।** भाजपा के महासचिव तरुण चुग ने, जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा वापस दिए जाने की मांग को लेकर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती द्वारा अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण का संदर्भ दिए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह दिन में सपने देख रही हैं और उनके ए सपने कभी पूरे नहीं होंगे। चुग ने बृहस्पतिवार को महबूबा की टिप्पणी को राष्ट्र-विरोधी करार देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर ने उनकी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और गुपकर गिरोह को पूरी तरह नकार दिया है। गुपकर गिरोह से उनका तात्पर्य जम्मू-कश्मीर के कुछ प्रमुख राजनीतिक दलों के गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन) से था।

चुग ने मशहूर टीवी धारावाहिक मुंगेरीलाल के हसीन सपने का जिक्र करते हुए कहा, मुंगेरीलाल रात में सपने देखते थे, लेकिन महबूबा मुफ्ती दिन में सपने देख रही हैं। वे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। महबूबा ने इस महीने के शुरू में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधन के दौरान केन्द्र को अफगानिस्तान से सबक लेने की हिदायत दी थी, जहां तालिबान ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है। महबूबा मुफ्ती ने साथ ही सरकार से जम्मू-कश्मीर में बातचीत करने और 2019 में रद्द किए गए उसके विशेष दर्जे को वापस करने का आग्रह भी किया था। अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि केन्द्र को हमारी परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने सरकार से कहा था कि वह अपने तौर-तरीके सुधारे, स्थिति को समझे और देखे कि पड़ोस में क्या हो रहा है।

भाजपा नेता चुग ने उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया में कहा, यह जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य था कि इन वंशों (पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने यहां विकास नहीं होने दिया और जब भी जनता ने जवाब मांगा तो वे चीन तथा पाकिस्तान की भाषा बोलने लगे। अब वे तालिबान की बात कर रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित देश है। जो कोई भी दुस्साहस करेगा, उसे सबक सिखाया जाएगा। पाकिस्तान को पहले ही सबक सिखाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के भाई-भतीजावाद ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर तेजी से आतंकवाद की राजधानी से पर्यटन राजधानी में बदल रहा है। चुग ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर तेजी आतंकवाद की राजधानी से पर्यटन राजधानी में बदल रहा है।

## ढाका जा रहे विमान के पायलट को दिल का दौरा पड़ा, नागपुर में विमान आपात स्थिति में उतरा

**नागपुर।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के मस्कट से ढाका जा रहे एक विमान के पायलट को शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद आपात स्थिति में विमान को नागपुर में उतारना पड़ा। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस बोइंग विमान में 126 यात्री सवार थे। विमान को पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर आपात स्थिति में उतारा गया और विमान चालक को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि जब विमान को आपात स्थिति में उतारने के लिए कोलकाता एटीसी से संपर्क किया गया, उस समय वह रायपुर के पास था, जिसके बाद उसे निकटतम नागपुर हवाईअड्डे पर उतरने की सलाह दी गई। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने हाल में भारत के लिए उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू किया है। कोरोनो वायरस वैश्विक महामारी के कारण दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा सेवा निलंबित थी।



पुणे में एक कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और आर्मी चीफ एम.एम. नरवणे ओलंपिक में स्वर्ण पदक पाने वाले नीरज चोपड़ा को सम्मानित करते हुए।

# वायुसेना प्रमुख ने पूर्वी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर संतोष जताया



शिलांग में एअर चीफ मार्शल भदौरिया ने पूर्वी वायु कमान के कमांडरों के साथ की बैठक

**कोलकाता।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सीएएस) आरकेएस भदौरिया ने शुक्रवार को देश के समग्र रक्षा तंत्र में पूर्वी वायु कमान के महत्व को रेखांकित करते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण और तैयारियों पर संतोष जताया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि एक सम्मेलन के सिलसिले में पूर्वी वायु कमान (ईएसी) मुख्यालय शिलांग के दो दिवसीय दौरे पर आए एयर चीफ मार्शल भदौरिया ने कमांडरों से युवा वायु सैनिकों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया ताकि वे अपने प्रशिक्षण और कौशल का पूर्ण उपयोग कर सकें। अधिकारी ने कहा कि कमांडरों को संबोधित करते हुए सीएएस ने समग्र सामरिक परिप्रेक्ष्य में पूर्वी वायु कमान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। अधिकारी ने कहा,"उन्होंने पूर्वी सेक्टर में एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) सहित विभिन्न स्टेशनों पर क्षमता और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन शुक्रवार को समाप्त हुआ और इसमें कमान के लिए तय परिचालन लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

# भाजपा में शामिल होने वाले नए नेताओं ने शिवसेना से उसके रिश्ते बिगाड़े : राउत

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले कुछ नए चेहरों ने 25 साल तक साथ काम कर चुके दोनों दलों के रिश्तों को बिगाड़ दिया। उन्होंने ऐसे तत्वों की तुलना बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठियों से की, जो भारत का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ते हैं। साल 2019 में भाजपा में शामिल होने वाले राणे को पिछले महीने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। इस सप्ताह के शुरु में उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को थप्पड़ मारने की बात कह कर विवाद खड़ा कर दिया था। उनके बयान के बाद राज्य में प्रदर्शन हुए, जिसके चलते मंगलवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरी से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा और शिवसेना के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद जरूर थे, लेकिन हमारे रिश्ते कभी भी कटु नहीं हुए। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं ने दोनों दलों के बीच संबंध खराब कर दिए हैं। वे बांग्लादेशियों और पाकिस्तानी घुसपैठियों के समान कुख्यात हैं, जो यहां (भारत में) हमारे सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं। राउत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, हमने (शिवसेना और भाजपा ने) कभी एक-दूसरे पर हमला नहीं किया या ऐसे कटु संबंध नहीं थे। नारायण राणे जिस तरह से काम कर रहे हैं...., वह दुश्मनी दिखा रहे हैं। भाजपा ने हमारे रिश्ते को सुधारने के लिए किस तरह के व्यक्ति को नियुक्त किया है? उन्होंने कहा कि शिवसेना ने 25 साल तक भाजपा के साथ काम किया।

शिवसेना के राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, हम जानते हैं कि दिवंगत (शिवसेना संस्थापक) बालासाहेब ठाकरे के अटलजी और आडवाणीजी के साथ संबंध सौहार्दपूर्ण थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बीच भी संबंध सौहार्दपूर्ण हैं। शिवसेना के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले राणे 1999 में भाजपा-शिवसेना सरकार के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। जुलाई 2005 में शिवसेना ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया था। इसके बाद राणे कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस छोड़ कर अक्टूबर 2017 में उन्होंने महाराष्ट्र स्वाभिमान पक्ष की स्थापना की।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank ltd hasorganized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK LEYLAND ECOMET 1212- REG. NO. HR74A1718- YOM -2012
2) AI3118- REG. NO. HR55U5098- YOM -2014
3) CB_ESCORTS JCB 3DX EXCAVATOR LOADER REG. NO. NL01AA9406-YOM
4)EICHER 1110 REG.NO.HR69C9588-YOM-2016
5) CB_ALECOMET1214 REG. NO.UP25CT6923 YOM-2018
6) CB_ASHOK_LEYLAND REG. NO. HR55AE3874- YOM -2018
7) ASHOK LEYLAND LIMITED - CB_ASHOK_ LEYLAND REG. NO. HR55AE6553-YOM-2018
8) ASHOK LEYLAND LIMITED- CB_ASHOK_ LEYLAND REG. NO. HR55AE7828-YOM-2018
9) ASHOK LEYLAND LIMITED- CB_ASHOK_ LEYLAND REG. NO.HR55AE6713-YOM-2018
10) ASHOK_LEY AL_V451 REG. NO. HR55AE7903-YOM-2018
11)ASHOK LEYLAND LIMITED- CB_ALPSV 4_ 56 VIKING REG. NO.HR55AE8750-YOM-2018
12) ASHOK LEYLAND LIMITED- CB_ASHOK_ LEYLAND REG.NO.HR55AE2219-YOM-2018
13) ASHOK LEYLAND LIMITED- CB_ASHOK_ LEYLAND REG.NO.HR55AE3113-YOM-2018
14) EICHR_VECVVE1075FB REG. NO. UP45T2205- YOM- 2012
15) ASHOK LEYLAND 1616 REG. NO. HR38T9918-YOM -2014
16) FORCETTFB FORCE REG. NO. DL1VC2104 -YOM-2019
17)FORCETTFB REG.NO.DL1VC2247-YOM-2015
18) FORCETTFB REG.NO.HR58B7576-YOM-2015
19) EICHR_VECVVE1059FB REG. NO. DL1MA2627- YOM -2019
20) FORCE TTFBP FORCE REG. NO. UP16ET5742- YOM -2017
21) FORCE TTFBP FORCE REG. NO. UP16GT7962-YOM -2020
22) FORCE TTFBP FORCE REG. NO. UP16DT1585 -YOM- 2015
23) BB 914 BHARAT BENZ REG. NO. UP16FT9819- YOM -2018
24)EICHR_VECVVE1110CHTK REG. NO. HR69C2416- YOM -2018
25)TATAMOTORSTATALP709CREG. NO. DL1LAA7908-YOM-2017
26) TATAMOTORSTATALP709C REG. NO. DL1LAA7962-YOM-2017
27) EICHER 11.10 REG. NO. HR55AB9597 YOM -2017
28) VE1059CH EICHR_VECV REG. NO. HR55AD5036-YOM -2018
29)CB_MAHINDRA_FURIO_11_ FULLY_BUILT REG. NO. UP14HT8805-YOM- 2019
30)SML SARTAJ REG.NO.DL1LY0901-YOM-2017
31) SML ISUZU SARTAJ REG. NO. DL1LY4071-YOM-2017
32) TATA 709 REG. NO.HR67C3436-YOM-2018
33) TATA MOTOR 2518 REG. NO. UP14GT9565-YOM-2018
34) BOL_MT_BS4 MAH REG. NO. HR55AF4338-YOM-2019
35) VE1059FB EICHR_VECV REG. NO. DL1LY8187 - YOM 2017
36)TATAMOTORS T2518FBGD REG. NO. HR69C1197-YOM-2015
37) FORCE TRAVELLER REG. NO. HR47D4619-YOM 2017
38)TATAACE REG.NO.UP15ET8750-YOM-2020
39) VE1110FB EICHR_VECV REG. NO. HR38AA5082-YOM -2019
40) TATA MOTOR ACE REG. NO. DL1LY3711 YOM -2017
41)T_LP1512 REG.NO.HR38AA2585-YOM-2020
42)T_LP1512 REG.NO.HR38AA7498-YOM-2020
43)T_LP1512 REG.NO.HR38AA4759-YOM-2020
44)SM_SAMRAT REG.NO.UP15ET6450-YOM-2019
45)SARTAJ_XM REG.NO.UP14GT9539-YOM-2018
46)VE1114FB REG.NO.HR55AG3024-YOM-2019
47)ACE_ZIP_GD REG.NO.DL1LAB5528-YOM-2018
48)T_INTRAV20-REG. NO.UP15ET8656-YOM-2020
49)ALECOM1214 REG.NO.HR38X4650-YOM-2017
50)MAH_JAYO REG.NO.HR55AJ6040-YOM-2021
51)SM_SARTAJ-REG.NO.HR55AK0140 -YOM-2021
52)FORCETTFBP REG. NO.DL1VB9239-YOM-2016
53)CB_FORCE TEMPO TRAVELLER FULLY BUILT PASSENGER `REG. NO. DL1VC2802-YOM -2015
54)BOLERO_MUV-REG.NO.UP14JT5634-YOM-2020
55)SML SARTAJ-REG.NO.DL1LAB8491-YOM-2006
56)SM_SARTAJ-REG.NO.UP15DT9747-YOM-2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 07 DAYS AT
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT: 9711173320



**प्रपत्र – 'जी'**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**खदिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन,**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | नेचर इंडिया कम्युनिके लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 30-11-1981 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | आरओसी – दिल्ली |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | L74120DL1981PLC012743 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | आर-815, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060, भारत 03-05-2021 |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | अधोहस्ताक्षरी माननीय एनसीएलटी के आदेश दिनांकित 06-07-2021 द्वारा आईआरपी नियुक्त किया गया। |
| 7 | अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 28-08-2021 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | ग्राह्यता मानदंड : क) वित्तीय वर्ष 2019-20 अथवा उसके पश्चात के लिए नवीनतम लेखापरीक्षित विवरणों के अनुसार न्यूनतम शुद्ध मूल्य भारतीय रूपए 10,00,000 (दस लाख) ; ख) आस्ति पुनर्गठन कम्पनी के मामले में, वित्तीय वर्ष 2019-20 अथवा उसके पश्चात के लिए नवीनतम लेखापरीक्षित विवरणों के अनुसार प्रबंधन के अधीन न्यूनतम आस्ति भारतीय रूपए 100,00,00,000/– (रूपए एक सौ करोड़ मात्र) ; ग) यदि किसी कम्पनी, जिसमें होल्डिंग कम्पनी, अनुषंगी कम्पनी अथवा समूह कम्पनी शामिल हैं, की राशि एनपीए के रूप में 12 माह से कम हेतु रही है, उक्त कम्पनी, जिसमें होल्डिंग कम्पनी, अनुषंगी कम्पनी अथवा समूह कम्पनी शामिल हैं, समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अग्राह्य होगी। घ) वित्तीय वर्ष 2019-2020 हेतु अथवा उसके पश्चात नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण तथा/अथवा आय कर रिटर्न तथा/अथवा जीएसटी रिटर्न (यदि लागू है) दाखिल करने में कम्पनी की ओर से कोई चूक नहीं है। अतिरिक्त विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेज कर प्राप्त किया जा सकता है – tiuttamsingh@gmail.com, irpnatureindia@gmail.com, |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php (आईबीबीआई की आधिकारिक वेबसाइट-लीगल फ्रेमवर्क-अद्यतित कोड) |
| 10 | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 12-09-2021 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 22-09-2021 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 27-09-2021 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 07-10-2021 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 27-09-2021 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेज कर प्राप्त किया जा सकता है – atiuttamsingh@gmail.com, irpnatureindia@gmail.com, |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 27-10-2021 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा ई-मेल के जरिये tiuttamsingh@gmail.com, irpnatureindia@gmail.com, |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 26-11-2021 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | नाम : अतिउत्तम प्रसाद सिंह रजिस्ट्रेशन नंबर IBBI/IPA-001/IP-P01914/2019-20/12914 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | नाम : अतिउत्तम प्रसाद सिंह पता : ए-97 एवं 98, अपर ग्राउंड फ्लोर, स्ट्रीट नंबर 6, मधु विहार, दिल्ली-110092 ई-मेल : atiuttamsingh@gmail.com, irpnatureindia@gmail.com, |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | पता : ए-97 एवं 98, अपर ग्राउंड फ्लोर, स्ट्रीट नंबर 6, मधु विहार, दिल्ली-110092 ई-मेल : atiuttamsingh@gmail.com, |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेज कर प्राप्त किया जा सकता है –atiuttamsingh@gmail.com, |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 28-08-2021 |

हस्ता./–
श्री अतिउत्तम प्रसाद सिंह
अंतरिम समाधान प्रोफेशनल
नेचर इंडिया कम्युनिके लिमिटेड
तिथि : 27-08-2021
स्थान : दिल्ली
आईबीबीआई रजि. नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P01914/2019-20/12914



AXIS BANK

खुदरा आस्ति केन्द्र, : ऐक्सिस बैंक लि., 7वां तल, विपुल स्क्वायर, सुशांत लोक फेज-1, गुरूग्राम। ऐक्सिस बैंक लि., सी-3/21, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, कार्यालय – ऐक्सिस बैंक लि.,ऐक्सिस हाउस, टावर टी-2, द्वितीय तल, आई-14, सेक्टर-128, नोएडा एक्सप्रेवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)-201301 कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक-बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025 पंजीकृत कार्यालय : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

**मांग सूचना**

जबकि यहां नीचे वर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं ने ऐक्सिस बैंक लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं ने ब्याज और मूलधन का प्रतिभुगतान, देय तिथि के अनुसार, करने में अनेक चूक की हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों/मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार उक्त खाता यहां नीचे वर्णित संबंधित तिथियों को अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो ऐक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यहां नीचे वर्णित संबंधित तिथियों को जारी की गई सूचनाओं का परिणाम था, जिनमें निम्नलिखित कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं से मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान, भुगतान की तिथि तक, सूचना में वर्णित संविदात्मक दर पर आगे ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
उनको, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर भेजी गई सूचनाएं अ-वितरित के रूप में वापस प्राप्त की जा चुकी हैं और इसलिए उनको, उस बारे में, एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचना दी जा रही है।

| कर्जदार का नाम /पता/सह-कर्जदार एवं गारंटर का नाम | 1. एनपीए तिथि 2. मांग सूचना की तिथि 3. सूचना की तिथि तक बकाया राशि (रू.) 4. ऋण राशि (रू. | प्रत्याभूत आस्तियों का सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| 1. श्री नकुल शौकीन पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह, निवासी मकान नंबर 2991-ए, सेक्टर-23, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 अन्य पता : श्री नकुल शौकीन पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह, पार्टनर एम ऐंड वी हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज शॉप नंबर 5, 6 एवं 7, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 2. श्रीमती कृष्णा शौकीन, नकुल शौकीन की माताजी, निवासी मकान नंबर 2991-ए, सेक्टर-23, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 अन्य पता : श्रीमती कृष्णा शौकीन, नकुल शौकीन की माताजी, पार्टनर एम ऐंड वी हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज शॉप नंबर 5, 6 एवं 7, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 | 1. 31-12-2020 2. 07-05-2021 3. रू. 2,50,31,611.45 4.रू. 2,59,54,627/– | आवासीय प्लॉट नंबर 3948-बी, परिमाप 286 वर्ग मीटर (342.056 वर्ग गज), सेक्टर-23-23ए, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम, तहसील एवं जिला गुरूग्राम, हरियाणा चौहद्दी – उत्तर – सेल डीड के अनुसार पश्चिम – सेल डीड के अनुसार दक्षिण – सेल डीड के अनुसार पूरब – सेल डीड के अनुसार |
| 1. श्री संजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी चंद शर्मा, निवासी फ्लैट नबर 1903, 9वां तल, निशात सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 05, सेक्टर-19 बी, द्वारका, नई दिल्ली-110075 अन्य पता : श्री संजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी चंद शर्मा, निवासी आरजैड-11, मेन रोड, पूरन नगर, पालम कालोनी, निकट जैन पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली-110045 अन्य पता : श्री संजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी चंद शर्मा, कंसल्टैंट प्राइमस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, 2 चंद्रगुप्त मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021 2. श्री लक्ष्मी चंद शर्मा, श्री संजीव कुमार शर्मा के पिताजी, निवासी फ्लैट नबर 1903, 9वां तल, निशात सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 05, सेक्टर-19 बी, द्वारका, नई दिल्ली-110075 अन्य पता : श्री लक्ष्मी चंद शर्मा, श्री संजीव कुमार शर्मा के पिताजी, आरजैड-11, मेन रोड, पूरन नगर, पालम कालोनी, निकट जैन पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली-110045 | 1. 08-09-2020 2. 07-05-2021 3. रू. 68,78,714.00 4. रू. 66,00,000/– | फ्रीहोल्ड सोसायटी बिल्ड-अप फ्लैट नंबर 16 सी, भू तल, श्री राधा कोआपरेटिव ग्रुप हाउस सोसायटी लिमिटेड के लेआउट प्लान में स्थित, प्लॉट नंबर 03, सेक्टर-19 बी, द्वारका, नई दिल्ली-110075 चौहद्दी – उत्तर – सेल डीड के अनुसार पश्चिम – सेल डीड के अनुसार दक्षिण – सेल डीड के अनुसार पूरब – सेल डीड के अनुसार |
| 1. श्रीमती सोनल चंडोक, पुत्री श्री जसबिन्दर सिंह पुथी, पत्नी श्री अमरदीप चंडोक, निवासी मकान नंबर 1203, टावर-ए, सेंट्रल पार्क-1, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर-42, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 अन्य पता : श्रीमती सोनल चंडोक, पुत्री श्री जसबिन्दर सिंह पुथी, पत्नी श्री अमरदीप चंडोक, स्वामी जीबीपी इम्पेक्स, बी-39, ग्रेटर कैलाश पार्ट-1, नई दिल्ली-110048 2. श्री अमरदीप चंडोक पति श्रीमती सोनल चंडोक, निवासी मकान नंबर 1203, टावर-ए, सेंट्रल पार्क-1, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर-42, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 | 1. 09-10-2020 2. 07-05-2021 3. रू. 4,33,53,626/– 4. रू. 4,14,68,473/– | सम्पूर्ण पेंट हाउस परिसर सं. ए-पीएच-03, परिमाप 4489 वर्ग फीट (417.19 वर्ग मीटर) सुपर एरिया बिल्डिंग ए ड्यूपलेक्स पेंट हाउस 12/13वां तल, अपार्टमेंट -03, बिल्डिंग टावर नंबर ए, फेज नंबर -1, ग्रुप हाउसिंग कालोनी, राजस्व सम्पदा ग्राम चक्करपुर एवं वजीराबाद, जिला गुरूग्राम, अब सेंट्रल पार्क के नाम से मशहूर, मेन सेक्टर रोड, सेक्टर-42, (निकट डीएलएफ गोल्फ कोर्स) जिला गुरूग्राम, हरियाणा चौहद्दी – उत्तर – सेल डीड के अनुसार पश्चिम – सेल डीड के अनुसार दक्षिण – सेल डीड के अनुसार पूरब – सेल डीड के अनुसार |

उपरोक्तानुसार परिस्थितियों में, एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां लागू है) को इस सूचना के माध्यम से प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर उपरिवर्णित बकाया राशि का भुगतान भावी ब्याज और लागू प्रभारों सहित करने हेतु सूचना दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर इस सूचना की तिथि के पश्चात 60 दिन की अवधि समाप्त होने पर प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में आगे कदम उठाए जाएंगे, जिनमें वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और उनके तहत लागू नियमों के अनुसार कर्जदारों तथा बंधकदाताओं की प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है।
आपका ध्यान सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत आप बैंक की पूर्ण बकाया राशि बैंक द्वारा वहन किए गए सभी खर्चों, लागतों एवं प्रभारों सहित, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रित करने द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की इस सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही चुका सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि आप बैंक की पूर्ण बकाया राशि बैंक द्वारा वहन किए गए सभी खर्चों, लागतों एवं प्रभारों सहित, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रित करने द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की इस सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं चुकाते हैं, तो आप प्रत्याभूत आस्तियां छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे।
कृपया नोट करें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत, कोई भी कर्जदार, प्रत्याभूत क्रेडिटर की पूर्व लिखित सहमति के बिना, इस सूचना में संदर्भित उसकी कोई भी प्रतिभूत आस्ति बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से हस्तांतरित नहीं कर सकता है।

हस्ता./–,
प्राधिकृत अधिकारी
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
दिनांक : 28-08-2021
स्थान : दिल्ली एवं दिल्ली एनसीआर

# सेंसेक्स पहली बार 56,000 के पार

**भाषा।** मुंबइ



**वैश्विक बाजारों** से कमजोर संकेत के बावजूद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 175 अंक से अधिक चढ़कर पहली बार 56,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। बुनियादी ढांचा, वित्त और दवा कंपनियों के शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में 53 पैसे की जोरदार बढ़त से भी धारणा को मजबूती मिली। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला। लेकिन बाद में अच्छी तेजी आई और यह 175.62 अंक यानी 0.31 प्रतिशत मजबूत होकर रिकार्ड 56,124.72 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 68.30 अंक यानी 0.41 प्रतिशत मजबूत होकर अब तक के उच्चतम स्तर 16,705.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 3.64 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में अल्ट्राटेक सीमेंट रहा। इसके अलावा एल एंड टी, डा. रेड्डीज, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, टीसीएस और कोटक बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ गिरावट वाले प्रमुख शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा शामिल हैं। इनमें 1.07 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बावजूद घरेलू बाजार में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख का कारण निवेशकों को जैक्सन होल आर्थिक संगोष्ठि में होने वाली घोषणा का इंतजार है। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा जबकि धातु और दवा क्षेत्र में सुधार देखने को मिला। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर बाजार को अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर फेडरल रिजर्व के चेयरमैन की टिप्पणी और भविष्य में नीतियों में बदलाव के बारे में स्पष्टता की प्रतीक्षा है। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 795.40 अंक यानी 1.43 प्रतिशत चढ़ा जबकि निफ्टी में 254.70 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की तेजी आई। पूंजीगत सामान (2.14 प्रतिशत), मूल सामग्री (1.69 प्रतिशत), औद्योगिक (1.58 प्रतिशत) और बिजली (1.46 प्रतिशत) की अगुवाई में बीएसई के सभी खंडवार सूचकांक शुक्रवार को लाभ में रहे। बीएसई मझोली और छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों में 1.04 प्रतिशत की तेजी रही। वैश्विक स्तर पर एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और सियोल लाभ में रहें जबकि हांगकांग और तोक्यो में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.94 प्रतिशत मजबूत होकर 71.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 53 पैसे उछलकर 71.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार में उपलब्ध अस्थाई आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को।,974.48 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## राज्यों का राजकोषीय घाटा 2021 22 में कम होकर 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमानः इंडिया रेटिंग

**मुंबइ।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने शुक्रवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि देश में राज्यों का राजकोषीय घाटा कम होकर चालू वित्त वर्ष में 4.1 प्रतिशत पर रह सकता है। इससे पहले इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। वित्त वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटे के अपने पूर्वानुमान में मामूली कमी के साथ ही रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण-जीडीपी अनुपात 34 प्रतिशत के पिछले अनुमान के मुकाबले कम होकर 32.4 प्रतिशत रह सकता है। रेटिंग एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में राज्यों का कुल राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले होकर 4.1 प्रतिशत रह जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आर्थिक सुधार और टीकाकरण में तेजी के कारण राज्य सरकारों की राजस्व प्राप्तियों में सुधार की उम्मीद है। एजेंसी ने कहा कि इससे राज्यों में व्यापार तथा वाणिज्यिक गतिविधियों पर प्रतिबंधों में और ढील मिलेगी। इंडिया रेटिंग्स ने कहा, अब हम उम्मीद करते हैं कि राज्यों का कुल राजस्व घाटा वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत रहेगा, जबकि पहले इसके 1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। एजेंसी ने 14 राज्यों के पहली तिमाही के आंकड़ों के विश्लेषण में पाया कि इस दौरान राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियां 30.8 प्रतिशत बढ़कर 3.95 लाख करोड़ रुपए हो गईं। हालांकि, उसका कहना है कि यह वृद्धि पिछले वर्ष के निम्न तुलनात्मक आधार के ऊपर हासिल की गई है। एजेंसी ने इससे आगे कहा कि 14 राज्यों की खुद की कर प्राप्ति और गैर- कर राजस्व प्राप्ति चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर क्रमशः 77 प्रतिशत और 46 प्रतिशत की वृद्धि रही है।

## क्विक न्यूज

### मूडीज ने एजीईएल के प्रस्तावित डॉलर पत्र को बीए3 रेटिंग दी

**नई दिल्ली।** मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने अडाणी ग्रीन एनर्जी के प्रस्तावित अमेरिकी डॉलर प्रवर प्रत्याभूत पत्र को बीए3 रेटिंग दी है। मूडीज की रेटिंग के पैमाने के अनुसार बीए रेटिंग को पर्याप्त जोखिम के अधीन माना जाता है। मूडीज ने एक बयान में कहा कि उसने अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा जारी किए जाने वाले प्रस्तावित अमेरिकी डॉलर प्रवर प्रत्याभूत पत्र को बीए3 रेटिंग दी है। एजीईएल मुख्य रूप से यूएसडी पत्रों से मिली धनराशि का इस्तेमाल अपनी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहायक कंपनियों द्वारा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए करेगी। मूडीज के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ साख अधिकारी अभिषेक त्यागी ने कहा कि एजीईएल के प्रस्तावित पत्रों को दी गई बीए3 रेटिंग कंपनी के पूर्वानुमानित नकदी प्रवाह को दर्शाती है, जो दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) द्वारा समर्थित है। एजीईएल के ऋण प्रोफाइल को इसके शेयरधारकों - अडाणी समूह और टोटल एनर्जी का समर्थन प्राप्त है।

### भारत, ऑस्ट्रेलिया ने अधिकारियों को दिए एफटीए पर बातचीत तेज करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि दोनों देशों ने आपसी व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए दिसंबर 2021 तक एक समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष डैन तेहान के बीच बृहस्पतिवार को हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। दोनों मंत्रियों ने अपने अधिकारियों को बातचीत में तेजी लाने का निर्देश दिया है और द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द किसी मुकाम तक पहुंचाने पर चर्चा की। बयान में कहा गया, इस संबंध में मंत्रियों ने अधिकारियों को बातचीत में तेजी लाने और वस्तुओं तथा सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को उदार बनाने के लिए दिसंबर 2021 तक एक अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए जितनी बार जरूरी हो, बैठक करने का निर्देश दिया। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने एक पूर्ण सीईसीए की दिशा में एक अंतरिम समझौते के संभावित अवसरों और प्रभावों पर विचार-विमर्श करने का फैसला भी किया।

## पिछले दो महीने जीएसटी रिटर्न नहीं भरने वाले कारोबारी एक सितंबर से नहीं भर पाएंगे जीएसटीआर-1

**नई दिल्ली।** जीएसटीएन ने कहा है कि जिन कारोबारियों ने पिछले दो महीनों में जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल नहीं किया है, वे एक सितंबर से बाहर भेजी जाने वाली आपूर्ति का ब्यौरा जीएसटीआर-1 में नहीं भर पाएंगे। जहां व्यापार इकाइयां किसी महीने का जीएसटीआर-1 उसके अगले महीने के 11 वें दिन तक दाखिल करती हैं, जीएसटीआर-3बी को अगले महीने के 20-24 वें दिन के बीच क्रमबद्ध तरीके से दाखिल किया जाता है। व्यावसायिक इकाइयां जीएसटीआर-3बी के जरिए कर भुगतान करती हैं। माल और सेवा कर (जीएसटी) के लिए प्रौद्योगिकी सुविधाओं का प्रबंधन करने वाले जीएसटीएन ने करदाताओं के लिए जारी एक परामर्श में कहा है कि केंद्रीय जीएसटी नियमों के तहत नियम-59 (6), एक सितंबर 2021 से अमल में आ जाएगा। यह नियम जीएसटीआर-1 दाखिल करने में प्रतिबंध का प्रावधान करता है। नियम के अनुसार, यदि किसी पंजीकृत कारोबारी ने पिछले दो महीने के दौरान फार्म जीएसटीआर-3बी में रिटर्न नहीं भरी है तो ऐसे पंजीकृत व्यक्ति को माल या सेवाओं या दोनों की दी गई आपूर्ति का विवरण फॉर्म जीएसटीआर-1 में दाखिल करने की मंजूरी नहीं मिलेगी।

## सरकार ने किया यूबीआई, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशकों के कार्यकाल का विस्तार

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने उनके कार्यकारी निदेशकों का कार्यकाल बढ़ा दिया है। यूबीआई ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि 26 अगस्त की एक अधिसूचना के माध्यम से उसके कार्यकारी निदेशकों – मानस रंजन बिस्वाल और गोपाल सिंह गुसैन का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। बैंक ने कहा कि बिस्वाल का कार्यकाल उनके वर्तमान अधिसूचित कार्यकाल से आगे बढ़ा दिया गया है, जो 28 फरवरी, 2022 को समाप्त हो रहा था। उनका कार्यकाल अब उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख (30 अप्रैल, 2022) तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है। इसी तरह, गुसैन का कार्यकाल उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख (31 जनवरी, 2022) तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है। उनका कार्यकाल इस साल 19 सितंबर को समाप्त हो रहा था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने एक अलग नियामकीय सूचना में कहा कि वित्तीय सेवा विभाग ने 26 अगस्त की एक अधिसूचना के माध्यम से उसके कार्यकारी निदेशक अशोक श्रीवास्तव का कार्यकाल बढ़ा दिया है। बैंक ने बताया कि श्रीवास्तव का कार्यकाल 22 जनवरी, 2022 से आगे उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख (30 नवंबर, 2022) तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.47 से घट कर 616.895 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 अगस्त, 2021 को समाप्त सप्ताह में 2.47 अरब डॉलर घटकर 616.895 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को अपने ताजा आंकड़े में बताया कि इस गिरावट की वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में आई कमी है। इससे पहले, 13 अगस्त, 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.099 अरब डॉलर घटकर 619.365 अरब डॉलर रह गया था। छह अगस्त, 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 621.464 अरब डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आने की वजह विदेशी मुद्रा संपत्तियों में कमी है जो समग्र भंडार का प्रमुख घटक है। इस दौरान एफसीए 3.365 अरब डॉलर घटकर 573.009 अरब डॉलर रह गया। डॉलर के लिहाज से बताई जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और एन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार 91.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 37.249 अरब डॉलर हो गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास मौजूद विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 30 लाख डॉलर घटकर 1.541 अरब डॉलर रह गया।

## कच्चे तेल का आयात महंगा होने से बढ़ रहे हैं पेट्रोल, डीजल के दामः राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने शुक्रवार को कहा कि कच्चे तेल का आयात महंगा होने की वजह से ही पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में, ईंधन की बढ़ती कीमतों के इस साल रिकॉर्ड स्तर को छूने से जुड़े सवालों के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि कुछ चीजें सरकार के हाथ में नहीं हैं। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ने कहा, कच्चे तेल की आयात लागत बढ़ गई है। इसलिए, हमें (केंद्र सरकार को) पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की खुदरा कीमतों में वृद्धि करनी पड़ रही है। चूंकि हम इसका आयात करते हैं, कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या आम आदमी को ईंधन की बढ़ती कीमतों से कोई राहत मिलेगी, उन्होंने कहा, मैं सही लोगों के सामने यह मुद्दा उठाऊंगा। एक अनुमान के मुताबिक भारत में उसकी कुल जरूरत के 80 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया जाता है। वहीं कुल जरूरत के 50 प्रतिशत गैस का भी आयात किया जाता है।

## समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति के मुहाने पर है भारतःसोनोवाल

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक बड़ी समुद्री क्षेत्र क्रांति के मुहाने पर है और उसे आर्थिक एवं रणनीतिक दोनों कारणों से एक गतिशील तथा मजबूत समुद्री उद्योग की जरूरत है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में बंदरगाहों का विकास प्रमुख सागरमाला कार्यक्रम और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 द्वारा निर्देशित है। उन्होंने कहा कि मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत निर्धारित लक्ष्य इस क्षेत्र के विकास में तेजी लाने में मदद करेंगे और अगले 10 वर्षों में भारतीय समुद्री उद्योग को शीर्ष वैश्विक मानदंडों के बराबर लाने की कोशिश करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने देश में साजोसामान पहुंचाने की लागत को कम करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हाल ही में पारित अंतर्देशीय पोत अधिनियम, 2021 अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार घरेलू जहाज निर्माण और जहाजों की मरम्मत के बाजार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सोनोवाल ने कहा, घरेलू जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय शिपयार्ड के वास्मं जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति को मंजूरी दी गई है।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर यात्री यातायात में क्रमिक वृद्धिः रिपोर्ट

**मुंबई।** जीएमआर द्वारा शुक्रवार को जारी एक श्वेत पत्र के मुताबिक हवाई यात्रा की मांग में सुधार के साथ दिल्ली हवाईअड्डे में यात्रियों की संख्या में क्रमिक वृद्धि देखी गई है। श्वेत पत्र के अनुसार इस महीने के पहले 10 दिन के दौरान प्रतिदिन लगभग 90,000 यात्रियों ने हवाईअड्डे से यात्रा की है। यह आंकड़ा मई के मध्य में यात्रियों की संख्या से पांच गुना अधिक है, जब दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रतिदिन लगभग 18,000 यात्रियों की आवाजाही होती थी। श्वेत पत्र में कहा गया है कि जून 2021 के अंत तक यह संख्या बढ़कर लगभग 62,000 यात्री प्रतिदिन हो गई। जीएमआर के अनुसार कोविड की स्थिति में सुधार और टीकाकरण की रफ्तार तेज होने के साथ ही घरेलू यातायात के वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक कोविड से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। जीएमआर ने कहा कि देश भर में टीकाकरण में वृद्धि के साथ यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ी है, लेकिन आगामी परिदृश्य निश्चित रूप से कोविड-19 की तीसरी लहर के उभरने पर निर्भर है।

## भारत की हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में दुनिया भर में सबसे आगे निकलने की योजनाः सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिजली मंत्री** आर के सिंह ने कहा है कि भारत की हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे आगे निकलने की योजना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत उर्वरक और परिशोधन कार्यों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग की अनुमति देने का भी प्रस्ताव कर रहा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के जलवायु मामलों के विशेष दूत जॉन केरी से बातचीत में यह बात कही।

बिजली मंत्रालय के शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार सिंह ने बृहस्पतिवार शाम को टेलीफोन पर केरी के साथ बातचीत में कहा कि भारत ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर अगले 3-4 महीनों में हरित हाइड्रोजन के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियां आयोजित करेगा। भारत 4,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर (हाइड्रोजन पैदा करने के लिए) क्षमता के लिए बोली मंगाने पर विचार कर रहा है। बयान के अनुसार केरी ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भारत को बधाई दी। देश में 63 हजार मेगावाट क्षमता निर्माणधीन है, जबकि 25 हजार मेगावाट क्षमता बोलियों के अधीन है। इसको मिलाकर कुल नवीकणीय ऊर्जा क्षमता।,46,000 मेगावाट पहुंच गई है। बयान में कहा गया है, केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने केरी को हरित हाइड्रोजन में वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख देश के रूप में उभरने की भारत की योजना के बारे में जानकारी दी। भारत उर्वरक और परिशोधन क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग की अनुमति देने का प्रस्ताव कर रहा है। यह धूसर (ग्रे) हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन से बदलने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। सिंह ने अमेरिकी दूत से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण को सबसे अधिक महत्व देते हैं। उन्होंने केरी को सुझाव दिया कि भारत और अमेरीका विद्युत और प्रौद्योगिकी के लिए नवप्रवर्तन के क्षेत्र में मिलकर काम कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा के भंडारण की लागत को कम करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। मंत्री ने केरी को हाल में सौर और पवन ऊर्जा की स्थापित क्षमता एक लाख मेगावाट पहुंचने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम जल विद्युत क्षमता को भी इसमें जोड़ दें तो नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता।,47,000 मेगावाट हो जाएगी। इसके अलावा 63 हजार नवीकरणीय क्षमता निर्माणाधीन है। सिंह ने केरी को यह भी बताया कि लागत प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के व्यावहारिक उपयोग को लेकर अगले 3-4 महीनों में हरित हाइड्रोजन के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियां आयोजित करेगा।

## आईओसी रिफाइनिंग क्षमता बढ़ाने को एक लाख करोड़ रुपए का करेगी निवेशः अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** की शीर्ष तेल कंपनी, इंडियन ऑयल कॉर्प (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले 4-5 वर्षों में अपनी परिशोधन क्षमता में लगभग एक तिहाई की वृद्धि करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए तक निवेश करेगी। कंपनी को निकट भविष्य में ईंधन की मांग लगातार बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी की वार्षिक बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए, आईओसी के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा कि पेट्रोल की मांग पहले से ही कोविड से पहले के स्तर पर वापस पहुंच चुकी है और डीजल की मांग भी दिवाली तक सामान्य स्तर पर पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने कहा, विभिन्न एजेंसियों के पूर्वानुमानों में भारत में ईंधन की मांग वर्ष 2040 तक मौजूदा 25 करोड़ टन से बढ़कर 40-45 करोड़ टन तक पहुंच जाने का अनुमान लगाया गया है। यह ऊर्जा के अन्य सभी प्रारूपों के साथ पेट्रोल-डीजल के लिए भी बेहतर गुंजाइश रखता है। वैद्य ने कहा मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए, आईओसी आक्रामक रूप से नई परियोजनाएं शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप (सहायक कंपनी) सीपीसीएल सहित प्रति वर्ष 2.5 करोड़ टन से अधिक की रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार करना होगा और अगले इसके लिए 4 से 5 वर्ष में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश जरूरी होगा। आईओसी 11 रिफाइनरियों का संचालन करती है जो कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे मूल्यवान ईंधन में परिवर्तित करती है। इनकी कुल क्षमता 8.12 करोड़ टन की है। कंपनी ने गुजरात में अपनी कोयाली रिफाइनरी की क्षमता मौजूदा 1.37 करोड़ टन से बढ़ाकर 1.8 करोड़ टन करने की योजना बनाई है, जबकि हरियाणा स्थित पानीपत रिफाइनरी की मौजूदा 1.5 करोड़ टन की क्षमता को बढ़ाकर 2.5 करोड़ टन तक पहुंचाने की योजना है। गुवाहाटी और बरौनी रिफाइनरियों में भी विस्तार की योजना है, जबकि सहायक कंपनी, चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड (सीपीसीएल) में एक नया संयंत्र बनाया जा रहा है।

## आईबीसी लागू होने के बाद खत्म हुआ कॉरपोरेट कर्जदारों का सामंतवादः सीईए

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के वी सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि दिवाला कानून लागू होने के बाद कॉरपोरेट कर्जदारों का सामंतवाद खत्म हो गया, जहां वह कंपनियों पर अपने नियंत्रण को दैवीय अधिकार मानते थे। दिवाला एवं रिण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), जो 2016 में लागू हुआ था, तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के मुद्दे का समयबद्ध समाधान करती है। तनावग्रस्त कंपनी के आईबीसी के तहत समाधान के लिए आने के बाद रिणदाताओं की समिति (सीओसी) प्रभारी होती है और कंपनी के मामलों का प्रबंधन एक समाधान पेशेवर द्वारा किया जाता है। सुब्रमण्यन ने कहा, आईबीसी से पहले सामंतवाद हुआ करता था, जहां कॉरपोरेट कर्जदार कंपनियों पर नियंत्रण को अपना दैवीय अधिकार मानता था... अब ए एकदम साफ है कि वो दिन चले गए हैं। वह सामंतवाद अब वापस नहीं आने जा रहा... सामंतवाद कभी अच्छा नहीं होता, बल्कि पूंजीवादी व्यवस्था में सामंतवाद शायद सबसे खराब है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आईबीसी के 5 साल- 2016 और उसके आगे पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि आईबीसी या कोई भी अन्य व्यवस्था अक्षमता की स्थिति में फंस जाती है, जब उसके प्रत्एक घटक अपने कमतर काम को यह कहकर सही ठहराता है कि बाकी सब भी कमतर काम कर रहे हैं, इसलिए उसका काम भी उसी कमतर स्तर पर है।

## केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों से इलेक्टिक वाहनों को अपनाने का किया गया आग्रह

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने सभी केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों से सभी आधिकारिक कार्यों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का आग्रह किया है। बिजली मंत्रालय के एक बयान के अनुसार सिंह ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्रिमंडल के अपने सहयोगियों के साथ ही सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखे हैं। बयान के अनुसार उन्होंने पत्र में केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों से यह भी अनुरोध किया है कि वे अपने मंत्रालय या विभागों में सभी आधिकारिक कार्यों के लिए मौजूदा पेट्रोल या डीजल वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने की सलाह भी दें। बयान में आगे कहा गया कि इस तरह के प्रयास से आम जनता के सामने एक बेहतर उदाहरण पेश होगा और उन्हें भी ई-मोबिलिटी के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। यह पहल केन्द्र सरकार के गो इलेक्ट्रिक अभियान का हिस्सा है।

## पेज 1 का शेष

### हमले की...

और तुम इसकी कीमत चुकाओगे। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने तालिबान के साथ मिलीभगत की, जो अब देश को नियंत्रित करते हैं। बाइडन ने हमले में जान गंवाने वाले सैनिकों के सम्मान में कुछ पल का मौन रखने के लिए कहा और पूरे देश में अमेरिकी झंडे को आधा झुकाने का आदेश दिया। इसमें शामिल हमलावरों और बंदूकधारियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे पास यह मानने के कुछ कारण हैं कि हम जानते हैं कि वे कौन हैं ... निश्चित नहीं हैं। बाइडन ने कहा कि उन्होंने सैन्य कमांडरों को आईएस की 'संपत्ति, नेतृत्व और इकाइयों' पर हमला करने की योजना बनाने का निर्देश दिया है। अमेरिकी आक्रमण में बेदखल होने के दो दशक बाद अफगानिस्तान को फिर से नियंत्रण में लेने वाले तालिबान ने समय सीमा कायम रखने पर जोर दिया।

### हमारी मुख्य...

कि जमीनी स्थिति अनिश्चित है। हमारी मुख्य चिंता अपने लोगों की सुरक्षा से जुड़ी है। अभी काबुल में किसी इकाई के सरकार बनाने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है या स्पष्टता की कमी है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से वापसी के अभियान में उड़ानों को लेकर भारत विभिन्न पक्षों के सम्पर्क में है। प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय नागरिकों को निकालने के अलावा हम कुछ अफगान नागरिकों के साथ साथ दूसरे देशों के नागरिकों को भी वहां से निकालकर ले आए हैं। इन लोगों को ज्यादातर सिख और हिंदू हैं। हमारी प्राथमिकता भारतीय नागरिक हैं लेकिन हम उन अफगानों को भी मदद देंगे जो हमारे साथ खड़े हैं। बागची ने कहा आकलन के मुताबिक भारत आने के इच्छुक बड़ी संख्या में भारतीयों को वहां से निकाला जा चुका है। 'मेरे पास इसकी सटीक संख्या नहीं है।' अफगानिस्तान के संदर्भ में भारत के रुख पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और लोकतांत्रिक अफगास्तिान चाहता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि हालात गंभीर है और तालिबान के प्रति अपना रुख तय करने से पहले भारत को 'देखो और प्रतीक्षा करो' की नीति पर चलना और धैर्य रखना पड़ेगा। उन्होंने कल सर्वदलीय बैठक में अफगानिस्तान के ताजा हालात के बारे में जानकारी देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही थी। बागची ने बताया कि काबुल या दुशांबे से छह अलग अलग उड़ानों से 550 लोगों को लाया गया है, इसमें से 260 भारतीय हैं। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार भारतीयों को दूसरी एजेंसियों के मार्फत भी वहां निकालने में लगी है।

### एक सितंबर...

था उसी तरह से शैक्षणिक गतिविधियों को भी चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। स्कूल बंद रहने से पिछले डेढ़ साल में बच्चों की पढ़ाई का काफी नुकसान हुआ है। ऑनलाइन पढ़ाई कभी भी ऑफलाइन पढ़ाई का विकल्प नहीं बन सकती है। शिक्षाशस्त्रियों का भी मत है कि जो पढ़ाई स्कूलों में हो सकती है वो घर पर नहीं हो सकती है। इसके मद्देनजर डीडीएमए की बैठक में फैसला लिया गया है कि 1 सितम्बर से सोशल डिस्टेंसिंग और कोरोना संबंधी सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दिल्ली में शैक्षणिक गतिविधियों को शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में कक्षा 9 से 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ इस आयुवर्ग के सभी कोचिंग इंस्टिट्यूट को खोलने की मंजूरी दी गई है। साथ ही सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी भी खुल जाएंगे।

**98 फीसदी शिक्षकों को वैक्सीन की पहली डोज लगीः-** उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि स्कूलों में पढ़ाने वाले 98 फीसदी शिक्षकों समेत अन्य कर्मचारियों को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। निजी स्कूलों के भी ज्यादातर शिक्षकों और स्टाफ को वैक्सीन लग चुकी है।

### राजनीतिक खींचतान...

की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें वह कभी सफल नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में दिसंबर, 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री बघेल और स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के बीच रिश्ते सहज नहीं रहे। सिंहदेव के समर्थकों का कहना है कि ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री को लेकर सहमति बनी थी और ऐसे में अब सिंहदेव को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। पिछले दिनों बघेल गुट और सिंहदेव गुट के बीच मतभेद उस वक्त और बढ़ गया जब कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव पर आरोप लगाया था कि वह उनकी हत्या करवाकर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। बृहस्पति सिंह को मुख्यमंत्री बघेल का करीबी माना जाता है।

### सिद्धू के...

लेता हूं। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से दलितों, मानवाधिकारों, धार्मिक अल्पसंख्यकों, संघवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए पंजाब के पक्ष में संघर्ष का हिस्सा रहे हैं और वह उनके लिए लड़ना जारी रखेंगे। माली ने कहा कि कुछ राजनीतिक नेताओं द्वारा उनके विचारों के खिलाफ शुरू किए गए कथित घृणास्पद दुष्प्रचार की पृष्ठभूमि में, अगर उन्हें कोई शारीरिक नुकसान होता है तो इसके लिए ए लोग जिम्मेदार होंगे। माली ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने के मुद्दे पर बात की थी, जिसके तहत तत्कालीन राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था।

### फैसला लेने...

पहले कहा कि कांग्रेस आलाकमान को उन्हें फैसले करने की आजादी देनी चाहिए और वह सुनिश्चित करेंगे कि कांग्रेस राज्य की सत्ता में अगले 20 साल बनी रहे। उनका कहना है कि उन्होंने इसको लेकर रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने अमृतसर में एक सभा में कहा, पार्टी आलाकमान को निर्णय लेने की आजादी देनी चाहिए, अन्यथा मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उनकी इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर रावत ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं देखूंगा कि सिद्धू ने किस संदर्भ में यह टिप्पणी की है। वह पंजाब कांग्रेस के सम्मानीय अध्यक्ष हैं। अगर प्रदेश अध्यक्ष फैसले नहीं करेंगे तो कौन करेगा।

### पंजाब प्रभारी...

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग की है तो उन्होंने बृहस्पतिवार को देहरादून में संवाददाताओं से कहा, हां। यही कारण है। साथ ही, उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी फैसला करेगी, उसका वह पालन करेंगे। रावत ने कहा, अगर मेरी पार्टी कहती हैं आप इसे (पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी) जारी रखें तो मैं इस जिम्मेदारी का निवर्हन करता रहूंगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब और उत्तराखंड में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होना है।

### खुदकुशी के...

ने दारोगा को थप्पड़ भी मार दिया। किसी तरह उन्हें गाड़ी में बैठाकर हजरतगंज थाने लाया गया। उनकी पत्नी और सामाजिक कार्यकर्ता नूतन ठाकुर भी हजरतगंज थाने पहुंच गईं। हजरतगंज पुलिस ने अमिताभ ठाकुर का मेडिकल कराने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया और फिर जेल भेज दिया। मऊ से बसपा सांसद अतुल राय पर वर्ष 2019 में यूपी कॉलेज की पूर्व छात्रा ने दुराचार का मुकदमा लंका थाने में दर्ज कराया था। इस मुकदमे के बाद सांसद ने रेप पीड़िता के खिलाफ भी कई मुकदमे दर्ज कराये और उसे प्रताड़ित किया। इसी से तंग आकर रेप पीड़िता और उसके मामले में गवाह सत्यम ने बीती 16 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह कर लिया था। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पहले गवाह सत्यम राय और फिर दुष्कर्म पीड़िता की मौत हो गई। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें उसने अतुल राय पर कई आरोप लगाये थे। साथ ही अमिताभ ठाकुर पर सांसद का सहयोग करने के लिये झूठे साक्ष्य तैयार करने का आरोप भी लगाया था। इसके बाद ही शासन ने एसआईटी गठित कर दी थी। इसमें पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एवं डीजीपी ईओडब्ल्यू आरके विश्वकर्मा तथा एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नीरा रावत को सदस्य बनाया गया। इस समिति ने कुछ दिन पहले ही अमिताभ ठाकुर व तत्कालीन वाराणसी एसएसपी अमित पाठकए निलम्बित सीओ अमरेश सिंह बघेल के बयान भी दर्ज किये थे।

### सीएम अशोक...

की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने सभी जांचों के लिए सहमति व्यक्त की और कहा कि मैं समस्त उपचार एसएमएस अस्पताल में करवाना चाहूंगा क्योंकि एसएमएस के डॉक्टरों और चिकित्सा व्यवस्था में उनका अत्यधिक विश्वास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) में आम नागरिक की तरह पंजीकरण करवाया। उनकी सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई जिसमें मुख्य धमनियों में से एक धमनी में 90 प्रतिशत अवरुद्ध पाए जाने पर एंजियोप्लास्टी की गई और एक धमनी में स्टेंट लगा।

# चेतेश्वर पुजारा ने दिखाई दृढ़ता

## भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 215 रन बनाए

**भाषा**। लीड्स

**पिछले** लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली की पूरे दृढ़ संकल्प के साथ की गई बल्लेबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में पहली पारी में 354 से पिछड़ने के बावजूद शुक्रवार को तीसरे दिन दमदार वापसी की उम्मीद जगाई।

भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 215 रन बनाए हैं और वह अभी इंग्लैंड से 139 रन पीछे है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 432 रन बनाकर विशाल बढ़त हासिल की थी। भारत पहली पारी में 78 रन पर आउट हो गया था। पुजारा 181 गेंदों पर 91 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनका पिछली 36 पारियों में सर्वाधिक स्कोर है। कोहली ने 94 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए हैं। इन दोनों ने अब तक तीसरे विकेट के लिए 99 रन जोड़े हैं। पुजारा ने इससे पहले रोहित शर्मा (156 गेंदों पर 59 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटके से उबारा था। भारत ने बेहद सतर्क और सुलझी शुरुआत करने के बाद लंच से पहले आखिरी गेंद पर केएल राहुल (54 गेंदों पर आठ रन) का विकेट गंवा दिया था। भारत ने दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गवाया लेकिन चाय के विश्राम के तुरंत बाद रोहित पवेलियन लौट गए। ओली रोबिन्सन (40 रन देकर एक विकेट) ने उन्हें पगबाधा आउट किया और रिव्यू भी उनके पक्ष में नहीं गया। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद हालांकि पुजारा और कोहली ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया जिसकी निराशा उसके कप्तान जो रूट के चेहरे पर साफ दिख रही थी।



अर्धशतक पूरा करने के बाद चेतेश्वर पुजारा



शमी ने चार विकेट चटकाए

**स्कोर बोर्ड**

भारत पहली पारी: 78 रन

इंग्लैंड पहली पारी: रोनी बर्न्स बोल्ड शमी 61, हसीब हमीद बोल्ड जडेजा 68, डेविड मलान का पंत बो सिराज 70, जो रूट बो बुमराह 121, जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो शमी 29, जोस बटलर का इशांत बो शमी 07, मोईन अली का अक्षर पटेल बो जडेजा 08, सैम करन का मयंक अग्रवाल बो शमी 15, क्रेग ओवरटन पगबाधा शमी 32, ओली रोबिनसन बो बुमराह 00, जेम्स एंडरसन नाबाद 00

अतिरिक्त: (बाई 8, लेग बाई 4, नो बॉल 8, वाइड 1) 21

कुल: 132.2 ओवर में सभी आउट : 432 रन

विकेट पतन : 1-135, 2-159, 3-298, 4-350, 5-360, 6-363, 7-363, 8-418, 9-431

गेंदबाजी: इशांत 22-0-92-0, बुमराह 27.2-10-59-2, शमी 28-8-95-4, सिराज 23-3-86-2, जडेजा 32-8-88-2

भारत दूसरी पारी: रोहित शर्मा पगबाधा बो रॉबिन्सन 59, केएल राहुल का बेयरस्टॉ बो ओवरटन 08, चेतेश्वर पुजारा खेल रहे 91, विराट कोहली खेल रहे हैं 45

अतिरिक्त (बाई 04, लेग बाई 02, नोबॉल 04, वाइड 02) 12

कुल (80 ओवर में, दो विकेट पर) 215

विकेट पतन : 1-34, 2-116,

गेंदबाजी: एंडरसन 19-8-51-0, रॉबिन्सन 18-4-40-1, ओवरटन 17-6-35-1, करेन 9-1-40-0, मोईन अली 11-1-28-0, रूट 6-1-15-0

# अंपायर का पंत को स्टांस बदलने के लिए कहना आश्चर्यजनक : गावस्कर

**भाषा**। लीड्स

**पूर्व** दिग्गज सुनील गावस्कर इस बात से हैरान हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट के दौरान ऋषभ पंत के क्रीज से बाहर खड़े होने के स्टांस पर इंग्लैंड के अंपायरों ने आपत्ति क्यों जताई क्योंकि उनका मानना है कि नियम बल्लेबाजों को ऐसा करने से नहीं रोकते हैं। पंत ने खुलासा किया कि उन्हें अंपायर के कहने पर अपना स्टांस बदलना पड़ा क्योंकि स्विंग से निपटने के लिए क्रीज के बाहर खड़े होने से पिच के डेंजर एरिया (स्टंप के सीध में पिच का क्षेत्र) में पांवों के निशान बन रहे थे। गावस्कर ने हालांकि कहा कि पिच पर जूते से बनने वाले निशान किसी बल्लेबाज के स्टांस का निर्धारण नहीं करते। इस पूर्व महान बल्लेबाज ने मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को कमेंट्री के दौरान कहा कि अगर यह सच है तो मैं सोच रहा था कि उसे अपना स्टांस बदलने के लिए क्यों कहा गया। मैंने इस बारे में केवल पढ़ा है। बल्लेबाज पिच पर कहीं भी खड़ा हो सकता है, यहां तक कि पिच के बीच में भी। बल्लेबाज कई बार स्पिनरों के खिलाफ आगे निकल कर खेलते है (पैरों के निशान तब भी बन सकते हैं)। उनके साथी कमेंटेटर और भारत के पूर्व खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने इसे बेतुका करार दिया। मैच के पहले दिन भारतीय पारी 78 रन पर सिमट गई थी। पंत ने दिन के खेल के बाद इस वाकए का जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि मैं क्रीज के बाहर खड़ा था और मेरा अगला पांव डेंजर एरिया में आ रहा था इसलिए उन्होंने (अंपायर) मुझसे कहा कि मैं यहां पर खड़ा नहीं हो सकता हूं।



बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, इसलिए मुझे अपना स्टांस बदलना पड़ा लेकिन एक क्रिकेटर होने के नाते मैं इस बारे में अधिक नहीं सोचता क्योंकि जो भी ऐसा करता।

# भाविनाबेन पटेल ने टेबल टेनिस में पदक पक्का किया

**भाषा**। टोक्यो

**भाविनाबेन** पटेल ने शुक्रवार को यहां टोक्यो पैरालम्पिक के पदक पक्का करने पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया जिससे इन खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध भारतीय दल के लिए अच्छी शुरूआत हुई। भाविनाबेन ने महिला एकल क्लास चार वर्ग में पदक पक्का किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में विश्व की पांचवी रैंकिंग की खिलाड़ी बोरिस्लावा पेरिच रांकोविच पर प्रभावशाली जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 34 साल की भारतीय खिलाड़ी ने सर्बिया की खिलाड़ी को 18 मिनट तक चले मैच में 11-5 11-6 11-7 शिकस्त दी। सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की झांग मियाओ से होगा, लेकिन अंतिम चार में पहुंचते ही उनका पदक पक्का हो गया।

टोक्यो पैरालंपिक टेबल टेनिस में कांस्य पदक प्ले-ऑफ मुकाबला नहीं होगा और सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलेगा। दिन की अन्य स्पर्धाओं में भारतीय पावरलिफ्टर सकीना खातून महिलाओं के 50 किग्रा में पांचवें स्थान पर रही जबकि हमवतन जयदीप पुरुषों की 65 किलोवर्ग स्पर्धा में एक भी वैध प्रयास नहीं कर सके। राष्ट्रमंडल खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता खातून का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 93 किलो रहा। चीन की डेंडान हू ने 120 किलो उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि मिस्र की रेहाब अहमद ने रजत और ब्रिटेन की ओलिविया ब्रूम ने कांस्य पदक जीता। 32 वर्ष की खातून ने पहले प्रयास में 90 किलो वजन उठाया। दूसरे प्रयास में उन्होंने 93 किलो की कोशिश की लेकिन नाकाम रही। तीसरे प्रयास में उन्होंने 93 किलो वजन उठाया। वहीं पुरुष 65 किग्रा वर्ग में एक अन्य भारतीय पावरलिफ्टर जयदीप सभी तीनों प्रयासों में विफल रहे। तीरंदाजी में भारतीय कंपाउंड तीरंदाज राकेश कुमार ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 720 में से 699 अंक बनाए।

## विश्व चैम्पियनशिप के लिए टीम में नए चेहरे शामिल होंगे: निएवा

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** मुक्केबाजी टीम के हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा ने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप के लिए भारतीय पुरुष टीम अगले महीने होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में मुक्केबाजों के प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। निएवा इस समय अवकाश पर हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रायल्स कराने के लिए समय बहुत कम है तो 15 सितंबर से शुरू होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर ही टीम का चयन होगा।

अगले कुछ महीने भारतीय मुक्केबाजों के लिए काफी व्यस्त होंगे। निएवा ने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप एक बड़ी प्रतियोगिता है। तैयारी के लिए समय बहुत कम है।

**RAMPUR FERTILIZERS LIMITED**
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.
CIN: L15136UP1988PLC010084, Email id- info@rampurfert.com

**NOTICE**

In view of the continuing Covid-19 Pandemic, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has vide its circular dated May 5, 2020 (read with circulars dated April 8, 2020 & circular dated April, 13th 2020, followed by Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020 and Circular No. 02/2021 dated January 13, 2021 and all other relevant circulars issued from time to time) permitted the holding of AGM through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with these Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the upcoming AGM of the Company will be held on 26/09/2021 at 11.30 a.m. through VC/OAVM.

As per aforesaid circulars, the Notice of AGM along with the Annual Report for FY 2020-2021 has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id are already registered with the Company/ Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its Members similar to earlier practices.

If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of AGM along with annual report for FY 2020-21 and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2020-2021 and login details for e-voting.

| | |
|---|---|
| Physical Holding | Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN( Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34 2nd Floor, Okhla industrial area phse-II, New Delhi 10020 alongwith letter mentioning folio no. if not registered already.) PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 02.09.2021 |
| Demat Holding | Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company. PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 02.09.2021 |

The Notice of AGM and Annual Report for FY 2020-21 will also be available on Company's website www.rampurfert.com and website of MSE Limited at www.msei.in. Members attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

For Rampur Fertilizers Limited
Sd/-
Anshuman Khaitan
Managing Director

Place: Rampur
Date: 24.08.2021

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक रायपुर वृत्त, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

फोनः(0771) 2523769,2888509, Fax:- 2886152 - E-mail- cfraipurtp@gmail.com

क्रमांक/1141 दिनांक/26/08/2021

**"लघु वनोपज से संबंधित योजनाओं एवं हर्बल उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग की स्थापना बाबत् निविदा आमंत्रण सूचना"**

रायपुर वृत्त के अंतर्गत अधिनस्थ जिला युनियनों में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण एवं विपणन कार्य के प्रचार-प्रसार बाबत् होर्डिंग की स्थापना किये जाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का आवेदन शुल्क रूपये 500.00 (पांच सौ) एवं ई.एम.डी. की राशि रूपये 50000.00 (पचास हजार) निर्धारित है, जो एफ.डी.आर/डी.डी (जिसकी समयावधि एक वर्ष से अधिक हो ) में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के नाम से देय हो स्वीकार्य होगा, जिसे निविदा के साथ सलंग्न किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण विभागीय वबेसाईट www.cgmfpfed.org से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में दिनांक 02.09.2021 से 29.09.2021 तक अपरान्ह 1:00 बजे तक प्राप्त की जा सकेगी। निविदा चक्र निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा तिथि प्रथम/द्वितिय/तृतीय | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा खोले जाने की तिथि/समय | निविदा आवेदन पत्र प्राप्ति एवं खोले जाने का स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 29.09.2021 | 29.09.2021/03.00 pm | 29.09.2021/04.00 pm | कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक रायपुर वृत्त, ए-25 व्ह.आई.पी. स्टेट खम्हारडीह, शंकर नगर रायपुर |
| 2. | 05.10.2021 | 05.10.2021/03.00 pm | 05.10.2021/04.00 pm | |
| 3 | 08.10.2021 | 08.10.2021/03.00 pm | 08.10.2021/04.00 pm | |

टीपः- उपोक्तानुसार प्रथम निविदा असफल होने पर द्वितिय एवं द्वितिय निविदा असफल होने पर तृतीय निविदा की जावेगी।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक
रायपुर वृत्त, रायपुर (छ.ग.)

संवाद- 29713/4

## भारतीय ग्रैंडमास्टर सेतुरमन ने बार्सीलोना ओपन जीता

**बार्सीलोना**। भारतीय ग्रैंडमास्टर एस पी सेतुरमन ने बार्सीलोना ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया जबकि कार्तिकेयन मुरली तीसरे स्थान पर रहे। सेतुरमन ने नौ दौर में 7.5 अंक बनाए और वह रूस के दानिल युफा की तुलना में बेहतर टाइब्रेकर स्कोर के आधार पर विजयी रहे। युफा और सेतुरमन के समान अंक थे। नौवें और आखिरी दौर में सेतुरमन ने अराम हाकोबयान को हराया।शीर्ष वरीयता प्राप्त सेतुरमन पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहे और छह बाजियां जीतने के अलावा तीन ड्रॉ खेली। आखिरी तीनों दौर में उन्होंने जीत दर्ज की और भारत के एन आर विसाख तथा आर्मेनिया के अराम हाकोबयान को हराया। उन्हें इस जीत से 8.5 ईएलओ अंक मिले जबकि मुरली को 6.4 अंक मिले। सेतुरमन और मुरली ने पांचवें दौर में ड्रॉ खेला था। मुरली ने छह मुकाबले जीते, दो ड्रॉ खेले।

# राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप आठ सितम्बर से

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**44वीं** राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप आठ सितम्बर से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुरू हो रही है। 12 सितम्बर तक होने वाली प्रतियोगिता की मेजबानी हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने लखनऊ को दी है।

इस बारे में आयोजित प्रेस वार्ता में हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैंपियनशिप में मेजबान यूपी सहित 32 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद पहली बार लखनऊ में राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल चैंपियनशिप हो रही है। लीग कम नाकआउट आधार पर होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए तैयारियां तेज गति से चल रही हैं और इसके मैच सुबह और शाम खेले जाएंगे। श्री पाण्डेय ने कहा कि चैंपियनशिप कोरोना प्रोटोकॉल के सख्त दायरे में होगी, जिसमें वैक्सीशन की दोनों डोज लेने का प्रमाणपत्र या आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट लाना अनिवार्य होगा। कानपुर में गत अप्रैल में हुए चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में आर्यावर्त स्पोर्ट्स अकादमी, हिमाचल प्रदेश की टीम विजेता व हरियाणा की टीम उपविजेता रही थी।





## युवेंटस को छोड़ना चाहते हैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**तूरिन**। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा है कि वह इटली के शीर्ष क्लब युवेंटस को छोड़ना चाहते हैं। युवेंटस के कोच मासिमिलियानो अलेग्री ने शुक्रवार को कहा कि क्रिस्टियानो ने कल मुझसे कहा कि उनकी आगे युवेंटस की तरफ से खेलने की योजना नहीं है। अलेग्री ने कहा कि इसी कारण रोनाल्डो एम्पोली के खिलाफ सेरी ए (इटालियन फुटबॉल लीग) मैच में नहीं खेलेंगे। मैनचेस्टर सिटी पुर्तगाल के इस स्टार फारवर्ड को खरीदने पर विचार कर रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री गोविंद गुप्ता पुत्र श्री लाल चंद गुप्ता संपति नंबर -बी -1/78,ब्लॉक-1, यमुना विहार, दिल्ली के स्वामी है। उनके द्वारा उपरोक्त संपति से संबंधित मूल Perpetual Lease दिनांक 04.12.1979, Mutation letter दिनांक 08.12.1997 और Conveyance Deed दिनांक 01.5.1998 कही खो गया है, जिसके लिए FIR दिनांक 24.8.2021 को किया गया है। उपरोक्त संपति से संबंधित किसी व्यक्ति को कोई दावा है तो वह व्यक्ति अपना दावा नोटिस प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर पेश कर सकता है। उसके उपरांत मेरे मुव्वकिल पर किसी भी प्रकार का कोई दावा बाध्यकारी नही होगा।

C.K. Jha (Advocate), E-524,Karkardooma Courts, Delhi-110032, (M) - 9811295674

# सुशील कुमार अब भी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवान: पूनिया

● सुशील ने पहचान के लिए जूझते खेल को नया जीवन दिया



**भाषा**। नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान बजरंग पुनिया ने शुक्रवार को कहा कि वह जेल में बंद पहलवान सुशील कुमार को अब भी कुश्ती में देश का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मानते हैं क्योंकि उन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक के 56 साल के इंतजार को खत्म कर पहचान के लिए जूझते इस खेल को नया जीवन दिया था। बजरंग यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की दिल्ली मेट्रो सुरक्षा इकाई द्वारा आयोजित उनके सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने समारोह के प्रेरणा सत्र के दौरान कहा कि मैं भारत में सुशील कुमार से बेहतर पहलवान किसी को नहीं मानता हूं। उन्होंने 2008 में ओलंपिक पदक जीतकर कुश्ती को जीवित किया था और वह पदक 56 साल बाद आया था। बजरंग से सुशील से जुड़े हालिया हत्या मामले पर भी टिप्पणी करने के लिए कहा गया। उन्होंने इस पर कहा कि वह केवल उनके खेल करियर के बारे में राय दे रहे थे। सुशील ने बीजिंग ओलंपिक (2008) में कांस्य पदक जीता था और चार साल बाद लंदन में अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए रजत पदक हासिल किया था।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Vijay Kumar Ratra alias V.K. Ratra S/o Late M.C. Ratra R/o D-1/214-215, 2nd Floor, Sector-11, Rohini, Delhi-110085 have changed my name to Vijay Ratrafor all purposes.
PD(9061)A

## दिल के दौरे के बाद सर्जरी के दौरान केर्न्स के पैरों में लकवा

**भाषा**। मेलबर्न

**न्यूजीलैंड** के पूर्व हरफनमौला क्रिस केर्न्स को बचाने के लिए उनके दिल के आपरेशन के दौरान स्पाइनल स्ट्रोक के कारण उनके पैरों में लकवा मार गया है। अपने जमाने के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में से एक केर्न्स ने न्यूजीलैंड के लिए 62 टेस्ट, 215 वनडे और दो टी-20 मैच खेले हैं। केर्न्स कैनबरा लौट गए हैं लेकिन उनकी हालत गंभीर है। सिडनी में उनके दिल के आपरेशन के दौरान कई पेचीदगियां सामने आई। केन्स के वकील आरोन लॉयड ने कहा कि केन्स की जिंदगी बचाने के लिए दिल का आपरेशन किया गया जिसके दौरान वह स्पाइनल स्ट्रोक का शिकार हुए। इससे उनके पैरों में लकवा मार गया है। उन्होंने कहा कि अब वह आस्ट्रेलिया में रीढ की हड्डी के विशेष अस्पताल में इलाज कराएंगे।

**PUBLIC NOTICE**

Since **Mrs. Poonam Thakur wife of Mr. Mukesh Kumar** seeking a term loan from of M/S HINDUJA HOUSING FINANCE LTD. and the owner of the such property i.e. **Property area measuring 57.50 sqyds situated at A-36, First Floor, Jhilmil Colony, Shadhara, Delhi** and Mr. Mukesh Kumar and Mrs. Poonam Thakur has made us to understand that they had lost or misplaced earlier **Sale Deed No 10675 dated 29/08/2005** somewhere, which are not traceable or cannot be found. Now, I would like to announce to general public that any person who is having any right, title or interest against that property/share or documents may come to our Office situated at #27/13, Bhargava Complex, Bawal Chowk, Circular Road, Rewari-123401 (HR) within seven days and render their claim with documentary valid evidence. If any, else the same would be treated as unclaimed and unrebutted and moved forth accordingly.

**M/S PASS & ASSOCIATES**
27/13, Bhargava Complex, Bawal Chowk, Circular Road, Rewari-123401(Haryana)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **मातृभूमि सेवा पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय का पता : **ए-118, दुर्गा बिहार नजदीक देवली, नई दिल्ली- 110062** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है-पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :-

अध्यक्ष : सुधीर नेगी
महासचिव : महावीर सिंह फरस्वाण
कोषाध्यक्ष : दयाल सिंह

यदि किसी को **मातृभूमि सेवा पार्टी** (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 **दिनों** के भीतर भेजें।

**हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
सीआईएन : L70102DL1992PLC047399 वेबसाइट : www.himalayafoodcompany.com
ई-मेल आईडी : cs@himalyainternational.com फोन : 011-45108609

**सार्वजनिक सूचना – 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड ("कम्पनी") की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बृहस्पतिवार, 30 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 9.30 बजे, एजीएम की सूचना, जो यथासमय भेजी जाएगी, में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) सर्कुलर 14/2020, 17/2020, 20/2020 तथा 02/2021 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 क्रमानुसार ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा सेबी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 12 मई, 2020 तथा 15 जनवरी, 2021 क्रमानुसार के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

सदसगण आगे नोट करें कि उपरिवर्णित सर्कुलर्स के अनुसरण में तथा सरकार की हरित पहल को आगे बढ़ाने के क्रम में, 30वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जाएंगी, जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट ("आरटीए") के पास पंजीबद्ध है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित सदस्यों की गणना अधिनियसम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी। कम्पनी अपने सभी सदस्यों को पूर्व की भांति ई-वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।

30वीं एजीएम की सूचना की ई-कॉपी वित्तीय वर्ष हेतु 2020-21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.himalayafoodcompany.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

सदस्यगण एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं, एजीएम से जुड़ने हेतु विस्तृत अनुदेश 30वीं एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए जाएंगे। तदनुसार, कृपया नोट करें कि कोविड-19 के संबंध में सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कम्पनी की एजीएम में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने हेतु कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यदि ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/आरटीए के पास पंजीबद्ध नहीं है, कृपया उसके पंजीकरण हेतु निम्नवर्णित प्रक्रिया का पालन करें :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | कृपया, ई-मेल पता पंजीकृत करवाने हेतु, कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट्स, बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. को इममजंसतजं/हउंपसण्बवउ पर एक अनुरोध पत्र, फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम के उल्लेख, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) के साथ भेजें। कृपया अपना बैंक विवरण एक मूल निरस्त चैक के साथ हमारे आरटीए (नामतः बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली-110062) को फोलियो नंबर के उल्लेखयुक्त पत्र के साथ भेजें, यदि पहले से पंजीकृत नहीं हैं। |
| अभौतिक धारण | कृपया हमारे डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) से सम्पर्क करें और अपना ई-मेल पता डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। कृपया अपना बैंक विवरण भी अपने डीपी के पास एनएसीएच द्वारा लाभांश, यदि कम्पनी द्वारा घोषित किया जाता है, के भुगतान हेतु अद्यतन करवाएं। |

सदस्यगण यह भी नोट करें कि यदि आपकी ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/आरटीए के पास पंजीकृत है, रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के लिए लॉगइन क्रेडेन्शियल्स पंजीकृत ई-मेल पर 30वीं एजीएम की सूचना के साथ भेजे जाएंगे। तथापि, जिन सदस्यों ने अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवाई है, वे ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिए उपरिवर्णित प्रक्रिया का पालन करें। सदस्यगण यह भी नोट करें कि रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम के दौरान ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में भी वर्णित की गई है।

उपरोक्त सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और हितार्थ जारी की जा रही है तथा एमसीए सर्कुलर(सर्कुलर्स) तथा सेबी सर्कुलर के अनुपालनार्थ है।

वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./-
सुरभि माहेश्वरी
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 27-08-2021
स्थान : दिल्ली

# काबुल से सभी अमेरिकी नागरिकों को निकालेंगे

## ● अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेंगे

वाशिंगटन (एपी)

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने काबुल हवाई अड्डे के पास घातक आत्मघाती हमले के बावजूद अफगानिस्तान से अमेरिकी नागरिकों और अन्य लोगों को निकालने का काम पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है। बाइडन ने हमले में मारे गए 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की प्रतिबद्धता जताई और इसके लिए जिम्मेदार आतंकवादियों से कहा कि हम तुम्हें मार गिराएंगे और तुम इसकी कीमत चुकाओगे।

बाइडन ने भावुक होते हुए व्हाइट हाउस से कहा कि इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े अफगानिस्तानी संगठन को बृहस्पतिवार के हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है जिसमें अमेरिका नागरिकों के साथ ही कई अफगान नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने तालिबान के साथ मिलीभगत की, जो अब देश को नियंत्रित करते हैं।

बाइडन ने हमले में जान गंवाने वाले सैनिकों के सम्मान में कुछ पल का मौन रखने के लिए कहा और पूरे देश में अमेरिकी झंडे को आधा झुकाने का आदेश दिया। इसमें शामिल हमलावरों और बंदूकधारियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे पास यह मानने के कुछ कारण हैं कि हम जानते हैं कि वे कौन हैं। निश्चित नहीं हैं। बाइडन ने कहा कि उन्होंने सैन्य कमांडरों को आईएस की संपत्ति, नेतृत्व और इकाइयों पर हमला करने की योजना बनाने का निर्देश दिया है।

अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रमुख जनरल फ्रैंक मैकेंजी ने कहा कि और अधिक हमलों के प्रयास किए जाने की आशंका है। अफगानिस्तान में आईएस से संबद्ध संगठन ने हाल के वर्षों में देश में नागरिक ठिकानों पर कई हमले किए हैं। यह तालिबान से कहीं अधिक कट्टरपंथी है, जिसने दो हफ्ते से भी कम समय पहले देश में सत्ता पर कब्जा किया था। समूह पर सबसे भीषण अमेरिकी हमला अप्रैल 2017 में किया गया गया था जब अमेरिका ने आईएस की एक गुफा और सुरंग परिसर पर अपने शस्त्रागार में सबसे बड़ा पारंपरिक बम गिराया था। माना जाता है कि समूह ने हाल ही में शहरी क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित किया है, जो नागरिकों को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें लक्षित करने के अमेरिका के प्रयासों को जटिल बना सकता है। बाइडन ने कहा कि हम अपने चुने हुए समय पर, अपनी पसंद के स्थान पर ताकत और सटीकता के साथ जवाब देंगे। उन्होंने कहा, ए आईएसआईएस आतंकवादी नहीं जीतेंगे। हम अमेरिकियों को बचाएंगे, हम अपने अफगान सहयोगियों को बाहर निकालेंगे और हमारा अभियान जारी रहेगा। अमेरिका भयभीत नहीं होगा। बाइडन ने कहा कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य कमांडरों ने उन्हें बताया था कि निकासी अभियान को पूरा करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि और हम करेंगे, हम आतंकवादियों से नहीं डरेंगे। दरअसल फ्लोरिडा स्थित मुख्यालय से निकासी अभियान की देखरेख कर रहे जनरल मैकेंजी ने बाइडन के बोलने से कुछ समय पहले पेंटागन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम अमेरिका और अफगान दोनों के नागरिकों के जीवन की हानि से दुखी हैं, लेकिन हम अभियान को अंजाम देना जारी रखे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को एयरफील्ड में करीब 5,000 लोग उड़ान के इंतजार में थे। कम से कम 1,000 अमेरिकी और कई अन्य अफगान अभी भी काबुल से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मैकेंजी ने कहा कि 12 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। बाद में उनके प्रवक्ता कैप्टन विलियम अर्बन ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और 18 घायल हैं। अर्बन ने कहा कि सर्जिकल इकाइयों से लैस वायुसेना के सी-17 परिवहन विमानों में घायलों को अफगानिस्तान से निकाला जा रहा है। मरीन कोर ने कहा कि मारे गए लोगों में 10 मरीन भी शामिल हैं। मध्य कमान ने मृतकों की पहचान नहीं की। यह अगस्त 2011 के बाद से अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना के लिए यह सबसे घातक दिन था, जब विद्रोहियों द्वारा एक रॉकेट चालित ग्रेनेड द्वारा एक हेलीकॉप्टर को मार गिराया गया था, जिसमें 30 अमेरिकी सैनिक और आठ अफगान मारे गए थे। बाइडन ने अमेरिकी सेना की प्रशंसा की और सम्मान में कुछ पल मौन रहने के लिए कहा। बाद में आगे की कार्वाई के बारे में पूछे जाने पर, प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बाइडन डेलवेयर स्थित डोवर वायुसेना बेस जा सकते हैं जहां जान गंवाने वाले सैनिकों के पार्थिव शरीर लाए जाएंगे। बृहस्पतिवार के हमले के बाद बाइडन पर सभी ओर से राजनीतिक दबाव बढ़ना निश्चित था। अफगानिस्तान से निकासी की समय सीमा बढ़ाने को लेकर दबाव के बावजूद, बाइडन अपनी योजना पर अड़ें हुए हैं और उन्होंने इसके लिए नागरिकों और अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ आतंकवादी हमलों के खतरे का हवाला दिया है। अफगानिस्तान में अमेरिकी राजदूत रॉस विल्सन ने



## भारत ने काबुल में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र**। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा है कि हमले आतंकवाद और आतंकवादियों को पनाहगाह मुहैया कराने वालों के खिलाफ विश्व के एकजुट होकर खड़े होने की आवश्यकता को प्रबल करते हैं। दो आत्मघाती हमलावरों और बंदूकधारियों ने काबुल के हवाईअड्डे पर अफगानों की भीड़ पर बृहस्पतिवार को हमला किया, जिसमें कम से कम 60 अफगान और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि एवं सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने बृहस्पतिवार को कहा, मैं काबुल में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम इस आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। इथियोपिया पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ब्रीफिंग में तिरुमूर्ति ने कहा कि काबुल में हुए हमले आतंकवाद और आतंकवादियों को शरण देने वाले सभी लोगों के खिलाफ एकजुट होने की विश्व की आवश्यकता को मजबूत करते हैं।

## चीन ने कहा, आतंकी खतरों से निपटने को सहयोग करते रहेंगे

**बीजिंग**। चीन ने काबुल हवाई अड्डे पर हुए हमलों पर हैरानी जताते हुए शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति जटिल और गंभीर बनी हुई है और बीजिंग आतंकवादी खतरों से निपटने व युद्ध से तबाह देश को आतंकवाद का अड्डा बनने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने यहां मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि काबुल स्थित चीनी दूतावास ने बताया है कि आत्मघाती हमलों में कोई चीनी हताहत नहीं हुआ। झाओ ने कहा कि चीन काबुल हवाई अड्डे के पास हुए विस्फोटों से स्तब्ध है, जिसमें बड़े पैमाने पर लोग हताहत हुए हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। गौरतलब है कि काबुल के हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को हुए दो आत्मघाती हमलों और बंदूकधारियों द्वारा अफगान नागरिकों पर किए गए हमले में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 13 अमेरिकी सैनिक शामिल हैं। इस्लामिक स्टेट खुरासान अथवा आईएसआईएस-के ने हमले की जिम्मेदारी ली है। झाओ ने कहा कि इस घटना से पता चला है कि अफगानिस्तान में सुरक्षा की स्थिति जटिल और गंभीर बनी हुई है। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष वहां की स्थिति को सही ढंग से बदलने और अफगान लोगों व विदेशी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करेंगे और अफगानिस्तान को फिर से आतंकवाद का अड्डा बनने से रोकेंगे।

## तालिबान चाहता है काबुल हवाईअड्डे का संचालन तुर्की करे : एर्दोआन

**इस्तांबुल**। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने शुक्रवार को कहा कि तालिबान ने उनके देश से काबुल हवाई अड्डे को संचालित करने का आग्रह किया है लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ने बोस्निया रवाना होने से पहले इस्तांबुल के अतातुर्क हवाई अड्डे पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, तालिबान ने हमसे काबुल हवाई अड्डे का संचालन करने का आग्रह किया है। लेकिन हमने अभी तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। हम अफगानिस्तान में के स्पष्ट होने के बाद निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि काबुल में तुर्की दूतावास में तालिबान के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक बैठक हुई।

एबीसी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा, उन अमेरिकियों के लिए हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए सुरक्षित तरीके हैं जो अभी भी छोड़ना चाहते हैं। निश्चित रूप से जोखिम वाले कुछ अफगान होंगे जो बाइडन की समय सीमा से पहले बाहर नहीं निकल पाएंगे।

# अमेरिकी अफसरों ने तालिबान को दी सहायता करने वाले अफगानों की सूची

भाषा। वॉशिंगटन

**अफगानिस्तान** में अमेरिका के अधिकारियों ने तालिबान को उन अफगान नागरिकों को निशाना बनाने के लिए हत्या सूची सौंप दी जिन्होंने देश में अमेरिकी बलों की सहायता की थी। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। पोलिटिको के मुताबिक इस महीने की शुरुआत में तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा कर लेने के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने आतंकवादी समूह को अमेरिकी नागरिकों, ग्रीन कार्ड धारकों और अफगान सहयोगियों के नामों की सूची सौंप दी ताकि उन्हें काबुल में हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास तालिबान नियंत्रित इलाके में प्रवेश की अनुमति दी जाए। 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमले के बाद युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना और अन्य पश्चिमी बलों का सहयोग करने वाले अफगानों की तालिबान द्वारा बर्बरता से हत्या किए जाने के बावजूद यह निर्णय किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि तालिबान द्वारा देश पर कब्जा करने के बाद अफगानिस्तान की राजधानी में मची अफरा-तफरी के बीच हजारों नागरिकों को बाहर निकालने के बीच यह कदम उठाया गया। हवाई अड्डे के बाहर बाइडन प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिए तालिबान पर भरोसे के कारण भी यह कदम उठाया गया।

काबुल पर तालिबान के कब्जा करने के बाद करीब एक लाख लोगों को देश से बाहर निकाला गया है जिनमें से अधिकतर को तालिबान की कई जांच चौकियों से गुजरना पड़ा। लेकिन चुनिंदा नामों को तालिबान को मुहैया कराने से सांसद एवं सेना के अधिकारी क्षुब्ध हैं। एक रक्षा अधिकारी ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, मूलत: वे उन सभी अफगानों को हत्या की सूची में रखना चाहते हैं। यह निराशाजनक एवं दुखदाई है। रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि इस तरह की कोई सूची है लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया कि अमेरिका कभी-कभी तालिबान को ऐसे नामों की सूची देता है।

**पड़ोसी देशों को सरकार के गठन में सहयोग देना चाहिए: रईसी**

**तेहरान**। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों को काबुल में समावेशी सरकार के गठन में सहयोग देना चाहिए। रईसी ने तेहरान आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि अन्य देशों को सभी नागरिकों और समूहों के समर्थन वाली एक समावेशी सरकार के गठन में सहायक की भूमिका निभानी चाहिए।

रईसी की वेबसाइट पर उनके इस बयान को पोस्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने बीते चार दशक में लगभग 40 लाख अफगानों को अपने यहां शरण दी है और वह अफगानिस्तान की जनता का समर्थन करता है।



इंग्लैंड के लीएमिंगटन स्पा क्षेत्र में एक औद्योगिक प्रतिष्ठान में लगी आग को देखते स्थानीय निवासी

# पाक में रसायन कारखाने में आग लगने से 15 श्रमिकों की मौत

## ● शार्ट सर्किट की वजह से लगी आग

भाषा। कराची

**पाकिस्तान** की आर्थिक राजधानी कराची में शुक्रवार को एक रसायन कारखाने में भीषण आग लग जाने से कम से कम 15 श्रमिकों की मौत हो गई। मीडिया खबरों में यह जानकारी दी गई है। जियो टीवी की खबर के अनुसार अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब शहर के मेहरान इलाके में रसायन के एक ड्रम में आग लग गई और फैक्टरी में फैल गई।

एक बचाव अधिकारी फैसल एदी ने कहा कि 15 शव निकाले गए हैं और जाहिर तौर पर किसी शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

जियो टीवी से कारखाना के एक कर्मचारी शाहिद ने कहा, हम इमारत के अंदर थे और हमने काम करना शुरू कर दिया था, तभी आग लगी और तेजी से फैल गई। हम मदद के लिए चिल्लाए लेकिन किसी ने हमारी नहीं सुनी। उन्होंने बताया कि मरने वालों में चार भाई भी शामिल हैं। कराची के प्रशासक मुर्तजा वहाब ने कहा कि दमकल विभाग को सुबह 10:09 बजे आग लगने की सूचना मिली और एक मिनट बाद ही गाड़ियां भेज दी गईं। उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया कि आग बुझाने के लिए दमकल विभाग ने देरी की। उन्होंने पुष्टि की कि आग बुझा दी गई है और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने के कारण हुई।

पुलिस ने बताया कि अब तक 15 श्रमिकों के शव बरामद किए गए हैं और अब भी कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। आग बुझाने की कोशिश में दो दमकलकर्मी घायल हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुबीन अहमद के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आग पर काबू पा लिया गया है। मुबीन ने कहा कि कारखाने की छत पर ताला लगा हुआ था और कारखाने में प्रवेश करने का एक ही रास्ता था, जिससे कामगारों का बचना मुश्किल हो गया।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने कराची के आयुक्त और श्रम विभाग से घटना के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

## नाइजीरिया: बंदूकधारियों ने तीन महीने बाद कुछ छात्रों को मुक्त किया

लागोस (**नाइजीरिया**)। उत्तरी नाइजीरिया के एक स्कूल से मई में अगवा किए गए कुछ बच्चों को बंदूकधारियों ने मुक्त कर दिया है। इनमें से कुछ की उम्र पांच साल के आसपास है। स्कूल के प्रधानाध्यापक अबुबकर गरबा अलहसन ने बृहस्पतिवार की रात बताया कि मुक्त हुए छात्र राज्य की राजधानी मिन्ना के रास्ते में हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि वह मुक्त किए गए छात्रों की सटीक संख्या की पुष्टि नहीं कर सकते।

अधिकारियों ने कहा है कि नाइजर राज्य में सालिहू टांको इस्लामिक स्कूल पर मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने हमला किया था, जिसमें कई शिक्षकों और 136 बच्चों का अपहरण कर लिया गया था। अलहसन ने उनकी रिहाई का ब्योरा नहीं दिया। नाइजर के गवर्नर कार्यालय की पुलिस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

इससे पहले खबरें थीं कि अपहरणकर्ताओं ने बच्चों की रिहाई के लिए फिरौती मांगी है और अभिभावक इसका इंतजाम कर रहे हैं।

# जर्मनी ने काबुल से निकासी का अभियान खत्म किया

एपी। बर्लिन

**जर्मनी** की रक्षा मंत्री ने कहा कि उनके देश ने अफगानिस्तान में लोगों को सुरक्षित निकालने का अपना अभियान समाप्त कर दिया है। रक्षा मंत्री एनीग्रेट क्रेंप-कैरेनबाउर ने कहा कि जर्मन सेना का अंतिम विमान सैनिकों को लेकर बृहस्पतिवार शाम उज्बेकिस्तान में ताशकंद पहुंचा। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर जर्मनी ने कम से 45 राष्ट्रों के 5,347 लोगों को निकाला, जिनमें 4,000 से ज्यादा अफगान शामिल हैं।

जर्मनी ने सार्वजनिक रूप से समय से पहले यह निर्दिष्ट नहीं किया था कि वास्तव में इसकी उड़ानें कब समाप्त होंगी, लेकिन अन्य यूरोपीय राष्ट्र भी अमेरिकी सैनिकों की वापसी के लिए 31 अगस्त की समय-सीमा से पहले अपने निकासी प्रयासों को पूरा कर रहे हैं। क्रेंप-कैरेनबाउर ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों के समय हवाई अड्डे के ठीक बाहर अंतिम उड़ानों में लोग भरे जा रहे थे और जर्मन कमांडर ने आपातकालीन प्रस्थान के लिए योजनाओं को गति देने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि आज दोपहर हमने जो हमले देखे, उनसे यह स्पष्ट हो गया कि काबुल में अभियान का विस्तार संभव नहीं है।

## हमले के बावजूद जापान निकासी अभियान चलाएगा

**टोक्यो**। जापान ने शुक्रवार को कहा कि वह काबुल हवाई अड्डे पर घातक आत्मघाती बम हमले के बावजूद अपने नागरिकों और उन स्थानीय कर्मचारियों को निकालने के प्रयास कर रहा है, जिन्होंने जापानी दूतावास और विकास एजेंसियों के लिए काम किया था। मुख्य कैबिनेट सचिव कात्सुनोबु काटो ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि जापान चिंतित है और घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, स्थिति अस्थिर और अप्रत्याशित है, लेकिन हम जापानी नागरिकों और स्थानीय कर्मचारियों की सुरक्षित निकासी को पूरा करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने की योजना बना रहे हैं। निकासी के लिए बहुत कम समय बचा है। विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ पार्टी की बैठक में कहा कि समय सीमा को देखते हुए ऑपरेशन को शुक्रवार तक पूरा करना होगा। जापान ने अपने नागरिकों के साथ-साथ चयनित अफगान लोगों को निकालने के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में काबुल और एक नजदीकी देश में चार सैन्य और सरकारी विमान भेजे। जिन लोगों को जापान निकाल रहा है उनमें जापानी दूतावास और जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) सहित विकास एजेंसियों में काम करने वाले स्थानीय कर्मचारी शामिल हैं।

## स्पेन ने काबुल से निकासी अभियान समाप्त किया

**मैड्रिड**। स्पेन की सरकार ने कहा कि तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान से स्पेनिश लोगों और अफगानों को लेकर दो सैन्य विमानों के शुक्रवार तड़के दुबई पहुंचने के साथ ही उसने इस देश (अफगानिस्तान) से अपना निकासी अभियान समाप्त कर दिया है। स्पेन की सरकार ने एक बयान में कहा है कि आखिरी उड़ानें स्पेनिश सहायता कर्मियों, अफगान सहयोगियों और उनके रिश्तेदारों के साथ-साथ अंतिम 81 सैनिकों और राजनयिकों को लेकर आईं। इन्हें स्पेन ने काबुल हवाई अड्डे पर रखा था और सभी के शुक्रवार शाम को मैड्रिड पहुंचने की उम्मीद है।

# हैरिस ने वियतनाम से राजनीतिक असंतुष्टों को रिहा करने की अपील की

एपी। हनोई

**अमेरिका** की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस सप्ताह वियतनामी नेताओं के साथ बातचीत के दौरान मानवाधिकारों के हनन और राजनीतिक सक्रियता पर प्रतिबंधों के मुद्दे उठाए तथा वियतनाम से राजनीतिक असंतुष्टों को रिहा करने की अपील की। हैरिस ने हनोई में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम कठिन बातचीत से पीछे नहीं हटने वाले हैं। कठिन वार्ता अकसर उन लोगों के साथ होनी चाहिए, जिनके साथ आपकी साझेदारी हो सकती है।

हैरिस ने कहा कि उन्होंने वियतनाम के नेताओं से राजनीतिक असंतुष्टों को रिहा करने को लेकर बात की है। हालांकि उन्होंने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी कि बातचीत कितनी कारगर रही।

वियतनाम को अभिव्यक्ति एवं प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, देश में महिलाओं के खिलाफ व्यापक हिंसा और राजनीतिक असंतुष्टों के खिलाफ कार्वाई के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

ऐसे में, हैरिस ने उस सवाल का जवाब नहीं दिया कि अमेरिका ऐसी गतिविधियों के लिए चीन की आलोचना क्यों करता है, जबकि वह वियतनाम के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही दक्षिण-पूर्व एशिया की हैरिस की यात्रा का समापन हुआ।

# अफगानिस्तान से आने वाले लोगों के ठहरने की व्यवस्था कर रहा है पाक

## ● चार हजार से ज्यादा लोग पहुंचेंगे

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** अफगानिस्तान से आने वाले करीब 4,000 लोगों के ठहरने का इंतजाम कर रहा है, जिनमें ज्यादातर अफगान नागरिक हैं। लोग एक सीमित अवधि के लिए पाकिस्तान में रुकेंगे। अमेरिकी दूतावास ने पाकिस्तान सरकार से अफगानिस्तान से पूरी तरह से उनके सैनिकों की वापसी के लिए तय 31 अगस्त की समय सीमा से पहले निकासी के प्रयासों में मदद करने अनुरोध किया था।

अधिकारियों ने कहा कि दूतावास ने तीन श्रेणियों के तहत यात्रियों को ठहराने या स्थानांतरित करने की अनुमति मांगी, जो अमेरिकी राजनयिकानागरिक, अफगान नागरिक और अन्य देशों के लोग हैं। युद्ध के दौरान नाटो के सैन्य बलों की सहायता करने वाले अफगानों सहित लगभग 4,000 लोगों को अमेरिका ले जाने से पहले कुछ समय के लिए कराची और इस्लामाबाद लाया जाएगा।

इस्लामाबाद प्रशासन आने वाले लोगों के ठहरने के लिए उपाय कर रहा है और उसने राजधानी और पड़ोसी रावलपिंडी में 150 से अधिक होटलों को विदेशियों को लगभग तीन सप्ताह तक रखने के लिए स्थानीय मेहमानों की बुकिंग बंद करने का आदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि हवाईअड्डा और राजधानी से हवाईअड्डा को जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सिंध प्रांत की सरकार भी कराची में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में शनिवार को कराची में पांच विशेष उड़ानों के पहुंचने की उम्मीद है, इसके बाद इस्लामाबाद और मुल्तान, फैसलाबाद और पेशावर जैसे अन्य शहरों के लिए उड़ानें होंगी।

यात्रियों को निर्दिष्ट होटलों और अतिथि गृहों में ले जाया जाएगा और आगे की उड़ानों की उपलब्धता तक वे वहीं रुकेंगे।

कराची प्रमुख गंतव्य होगा जहां लगभग 2,000 यात्रियों को काबुल से लाया जाएगा। पाकिस्तान काबुल से विदेशियों को सुरक्षित रूप से उनके देशों की यात्रा में मदद करने के लिए उन्हें लाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# बाइडन पर ईरान के साथ परमाणु समझौते पर आगे नही बढ़ने का दबाव डालेंगे इजराइली प्रधानमंत्री

एपी। वाशिंगटन

**इजराइल** के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ होने वाली बैठक में उन पर ईरान के साथ परमाणु समझौते पर आगे नहीं बढ़ने का दबाव डालेंगे।

पहले यह बैठक बृहस्पतिवार को होनी थी, लेकिन अफगानिस्तान के काबुल हवाई अड्डे पर हुए आत्मघाती बम हमले में 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया। बेनेट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, इजराइल की जनता की ओर से, मैं काबुल में अमेरिकियों की मौत पर शोक व्यक्त करता हूं। इजराइल इस मुश्किल समय में अमेरिका के साथ वैसे ही खड़ा है, जैसे अमेरिका सदैव हमारे साथ खड़ा रहा है। बेनेट ने वाशिंगटन पहुंचने से पहले स्पष्ट कर दिया था कि ईरान के साथ परमाणु करार को आगे नहीं बढ़ाने को लेकर बाइडन पर दबाव बनाना उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ईरान पहले ही काफी यूरेनियम संवर्धन कर चुका है और प्रतिबंधों में ढील ईरान को क्षेत्र में इजराइल के दुश्मनों का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त संसाधन प्रदान करेगी। इजराइल के प्रधानमंत्री ने बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से अलग-अलग मुलाकात कर ईरान तथा अन्य मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली अमेरिकी यात्रा है।

# अफगानिस्तान से नॉर्वे की अंतिम निकासी उड़ान ओस्लो पहुंची

कोपेनहेगन (डेनमार्क)। नॉर्वे की विदेश मंत्री इने एरिक्सन सोरेइड ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें खेद है कि इस बार हर किसी की मदद करना संभव नहीं हो सका क्योंकि अफगानिस्तान से निकाले गए लोगों को लेकर विमान ओस्लो पहुंच गया है। एरिक्सन सोरेइड ने नॉर्वे की समाचार एजेंसी एनटीबी को बताया कि विमान में 128 लोग सवार थे, जिनमें नॉर्वे के नागरिक और अन्य लोग, जिन्हें प्रवेश की अनुमति है और सुरक्षा की आवश्यकता वाले अफगान लोग शामिल हैं। नॉर्वे ने अब तक 1,098 लोगों को निकाला है।

एक अन्य विमान के शुक्रवार को बाद में पहुंचने की उम्मीद है, जो निकासी अभियान का अंतिम विमान होगा। उन्होंने कहा कि अभियान कल के भयानक आतंकवादी हमले के बाद समाप्त हो गया जिसमें कई लोगों की जान चली गई।

## श्रीलंका में लॉकडाउन छह सितंबर तक बढ़ाया गया

**कोलंबो**। श्रीलंका में कोविड-19 से मौत के मामलों में वृद्धि और स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन को छह सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। सरकार ने शुक्रवार को शीर्ष स्तरीय बैठक के बाद यह फैसला लिया। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 20 अगस्त को 10 दिन के लॉकडाउन का आदेश दिया था। स्वास्थ्य मंत्री के रामबुकवेला ने संवाददाताओं को बताया कि कर्फ्यू सोमवार छह सितंबर को तड़के चार बजे तक जारी रहेगा।

# साहस और दृढ़ संकल्प की जीत

**'नीरज शेट्टी' राजू केंद्रे की कहानी साझा करते हैं, जिन्होंने उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए व्यवस्था पर काबू पा लिया और अन्य हाशिए के छात्रों के लिए भी ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं**






यह भारतीय समाज के सबसे हाशिए के वर्गों में से एक के दृढ़ संकल्प वाले युवाओं की कहानी है, जो उनके पीछे कई लोगों के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। यह इस बात की भी कहानी है कि कैसे सामाजिक व्यवस्था खुद कई लोगों के लिए बाधाएं पैदा करती है जिनके पास अवसरों तक पहुंचने का विशेषाधिकार नहीं है। इसकी शुरुआत 10 साल पहले, 2011 में हुई थी। राजू केंद्रे, जो उस समय 18 साल का लड़का था, स्नातक की पढ़ाई में प्रवेश के लिए पुणे में था। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें मौका छोड़ना पड़ा। आज, वह आदिवासी और हाशिए के समुदायों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने में मदद करके महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा परिदृश्य को बदल रहे हैं। इतना ही नहीं, राजू के अपने आप में दृढ़ संकल्प और विश्वास और अपरंपरागत रास्ते पर चलने के साहस ने उन्हें अपनी उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय, यूनाइटेड किंगडम (यूके) सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रतिष्ठित शेवनिंग स्कॉलरशिप जीती है।

"मैं इस छात्रवृत्ति को पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को समर्पित करता हूं," राजू ने चेवेनिंग सचिवालय में अपने कार्यक्रम अधिकारी को लिखा क्योंकि उन्होंने अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए यूके में अध्ययन करने के अपने अवसर की पुष्टि की। वह एक महत्वपूर्ण जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए अपने प्रेस साक्षात्कारों और अपने सोशल मीडिया पोस्ट में इस बात पर जोर देते रहे हैं। राजू ने कहा, "मेरे जैसे बहुत से लोग हैं जिनके पास साख है लेकिन हमारे सिस्टम में अवसरों तक पहुंचने के लिए मेंटरशिप की कमी है।" 29 जून को जैसे ही प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति के परिणाम घोषित किए गए, राजू की कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। राजू का जन्म महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के विदर्भ क्षेत्र के एक छोटे से गांव पिंपरी-खंडारे में एक किसान परिवार में हुआ था। यह क्षेत्र राज्य के बाकी हिस्सों की तुलना में विकास संकेतकों पर खराब प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। उन्होंने आठवीं कक्षा तक स्थानीय जिला परिषद स्कूल में अध्ययन किया, लगातार अच्छे ग्रेड प्राप्त किए। जब वे 14 वर्ष के हुए, तो वे भारत विद्यालय, बुलढाणा के लिए रवाना हुए। स्कूल आगे की शिक्षा के लिए आस-पास के मेधावी छात्रों को प्रवेश देने के लिए जाना जाता है।

पुणे से लौटने के बाद राजू ने महाराष्ट्र के मुक्त विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। "मेरे पास ठीक से मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं था। पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी के रूप में, आपके मार्ग को चलाने के लिए सही गुरु का होना महत्वपूर्ण है", उन्होंने साझा किया। इसने एकलव्य के लिए बीज बोया, जो आदिवासी और अन्य हाशिए के समुदायों के पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए एक जमीनी स्तर पर परामर्श मंच है।

अपनी स्नातक शिक्षा का पीछा करते हुए, वह मध्य प्रदेश की सीमा से लगे अमरावती जिले में सतपुड़ा पहाड़ियों की तलहटी के दूर के क्षेत्र मेलघाट में काम करने वाली एक संस्था मैत्री में शामिल हो गए। यह क्षेत्र कुपोषण और पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल की कमी के कारण बच्चों में उच्च मृत्यु दर से ग्रस्त है। मैत्री मानसून के दौरान एक स्वयंसेवी शिविर का आयोजन करता है जहां राज्य भर के सामाजिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवक उस स्थान पर आते हैं और स्थानीय आबादी की स्थिति में सुधार करने की दिशा में काम करते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि यह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण था जब उन्होंने इस कारण को आगे बढ़ाने का फैसला किया।

मेलघाट ने राजू के करियर की राह बदल दी। "मेरे अनुभवों ने मेरे निर्णयों को आकार दिया है। और जब मैंने मेलघाट में बिताया तो मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्याएं एक बड़े प्रणालीगत मुद्दे का हिस्सा थीं। भारत के ग्रामीण इलाकों से हम में से कई लोग अभी भी हमारे संविधान द्वारा वादा की गई सबसे बुनियादी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं" उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत का वर्णन करते हुए कहा। 2014 में, उन्होंने विकास अध्ययन के लिए देश के प्रमुख संस्थानों में से एक, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस) में प्रवेश दिया। वह ग्रामीण विकास में मास्टर कार्यक्रम में शामिल हुए। संस्थान के तुलजापुर परिसर में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, उन्होंने खुलासा किया, "टीआईएसएस ने मुझे अपने विचारों को संरचित करने में मदद की। इसने मुझे सिद्धांत से कार्य की योजना तैयार करने में मदद की।"

उनकी योजना ने आकार लेना शुरू किया जब उन्होंने अपने गांव में ग्राम पंचायत चुनाव लड़ने के लिए 2015 में पाठ्यक्रम से ब्रेक लिया। एक स्थानीय युवा गठबंधन का गठन किया गया था जहां समूह ने गांव की विकास संबंधी चिंताओं को संबोधित किया - शिक्षा से लेकर पानी तक। कारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित करने के लिए, राजू ने उल्लेख किया कि उनके पैनल ने बांड के कागजात पर अपना घोषणापत्र छापा और इसे पूरे गांव में वितरित किया। "लोगों को अपने नेताओं को जवाबदेह ठहराने का अधिकार है। हम इस प्रतिबद्धता को केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कार्यों से साबित करना चाहते थे", उन्होंने टिप्पणी की। वे चुनाव हार गए लेकिन 21 वर्षीय राजू ने एक प्रगतिशील मिसाल कायम की। "आज, स्थानीय युवाओं ने खुद को सक्रिय रूप से संगठित किया है। वे स्वतंत्र पैनल बना रहे हैं और कुछ ने ये चुनाव भी जीते हैं" उन्होंने आज की राजनीतिक स्थिति का वर्णन करते हुए कहा। टीआईएसएस से स्नातक होने के बाद, राजू को महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम में चुना गया था। फेलोशिप के दौरान, उन्होंने सिस्टम के कामकाज को भीतर से देखा। "महाराष्ट्र प्रगतिशील आंदोलन में सबसे आगे था। लेकिन ऐसे उदाहरण थे जिन्होंने मुझे महसूस किया कि सामाजिक न्याय उपायों को लागू करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता काफी धीमी थी, खासकर भौगोलिक दृष्टि से दूर क्षेत्रों के लिए जो आमतौर पर अनुसूचित जातियों और जनजातियों द्वारा आबादी वाले थे", उन्होंने कार्यक्रम से एक सीख का हवाला देते हुए कहा। राजू का दृढ़ विश्वास है कि दलित, बहुजन और आदिवासी छात्रों को अपने उत्थान के लिए औपचारिक शिक्षा प्राप्त करनी होगी। विदर्भ के दूर-दराज के गांवों में स्थानीय पुस्तकालय स्थापित करने की मंशा से उन्होंने फेलोशिप के बाद पुस्तक संग्रह अभियान शुरू किया। वह अधिक से अधिक छात्रों को पढ़ने और सोचने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

"मेरा मानना है कि एक अच्छा गुरु आपको सफलता की ओर ले जा सकता है। छात्रों को प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कई संगठन और सरकारी पहल हैं। लेकिन इन छात्रों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने में सहायता करने के लिए बहुत कम पहल हैं। निम्न वर्ग-निम्न जाति और आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को समान विशेषाधिकार प्राप्त नहीं होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हम में से कई लोगों को सीमित पहुंच और एक गंभीर डिजिटल विभाजन के साथ कठिन समय का सामना करना पड़ता है", राजू ने एकलव्य के दर्शन पर विस्तार से बताते हुए कहा। इस आंदोलन ने महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों के 130 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति और प्लेसमेंट जैसे अवसरों तक पहुंचने में मदद की है। एकलव्य के परामर्श कार्यक्रम में पंजीकृत छात्रों को टीआईएसएस, जेएनयू, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क और आईआईटी के विकास अध्ययन कार्यक्रमों जैसे प्रमुख संस्थानों में रखा गया है।

यहां अपनी सफलता के बाद, उन्होंने छात्रों को पारंपरिक विकल्पों से परे लक्ष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विदेशों में अवसरों की तैयारी शुरू कर दी। राजू को अकेले ब्रिटेन में 18 विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव मिले लेकिन धन की भारी कमी थी। शेवनिंग स्कॉलरशिप दुनिया भर के 166 से अधिक देशों के संभावित नेताओं के चयन के लिए जानी जाने वाली सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी स्कॉलरशिप में से एक है। 2021-22 शैक्षणिक कैलेंडर के लिए, उन्हें विश्व स्तर पर 63,000 से अधिक आवेदक मिले, जो एक अभूतपूर्व आंकड़ा है। इनमें से 5,000 से अधिक उम्मीदवारों को मार्च-अप्रैल में साक्षात्कार के दौर के लिए चुना गया था। जबकि सटीक संख्या अभी तक अज्ञात है, भारत के दल में 35-40 सदस्य हैं। राजू उनमें से एक है और वह विकास अध्ययन में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज, लंदन विश्वविद्यालय में शामिल होगा।

शेवनिंग के बाद अपने लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए, राजू ने साझा किया, "मैं पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए एक समर्पित संस्थान - भारत का पहला आदिवासी विश्वविद्यालय - स्थापित करना चाहता हूं। मैं अपने अनुभव का उपयोग अगली पीढ़ी के लिए चीजों को बेहतर बनाने के लिए करना चाहता हूं। एकलव्य अगले कुछ वर्षों में एक आंदोलन के रूप में 2000 ऐसे नेता तैयार करेगा।" राजू की कहानी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के हमारे दृष्टिकोण में एक अंतराल का प्रमाण है। यदि मेंटरशिप के अवसर नहीं हैं तो हाशिये के छात्रों को मुख्यधारा में प्रवेश करने में मदद करने के लिए केवल पहुंच ही पर्याप्त नहीं है।



# हमारे पूर्वजों के बलिदानों को याद करें

**राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी महसूस करते हैं कि भारत की आजादी के लिए लड़ने वाले हमारे पूर्वजों की दृष्टि को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका हमारे दोषों पर विजय प्राप्त करना है।**

महात्मा गांधी, सरदार पटेल, पंडित नेहरू, मौलाना आजाद जैसे नेताओं और हजारों अन्य लोगों द्वारा किए गए बलिदानों के परिणामस्वरूप, 75 साल पहले 15 अगस्त को भारत को ब्रिटिश राज से आजादी मिली, जिन्होंने अंग्रेजों के हाथों गंभीर रूप से पीड़ित हुए। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भारत के कई बेटे और बेटियों ने अपनी जान भी गंवाई। जिन लोगों ने इस संघर्ष में भाग लिया, जिन्होंने असंख्य जीवन और अपार धन को खा लिया, उन्होंने अपना बलिदान दिया क्योंकि उन्हें लगा था कि स्वतंत्रता के बाद भारत शांति और समृद्धि प्राप्त करेगा। हमारे पूर्वजों के पास एक अखंड भारत की एक सुंदर दृष्टि थी जो गरीबी, सांप्रदायिक घृणा, विदेशी आदतों और सामानों की गुलामी से मुक्त था और भविष्य के निर्माण की पूरी स्वतंत्रता थी, जिसे महात्मा गांधी ने राम राज्य के रूप में शैलीबद्ध किया था। उनकी आंखों में एक सपना और उनके दिल में उत्साह के साथ, उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक हमारी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमें उनका सामना न करना पड़े। लेकिन आज, जब हम अपने प्यारे देश की वर्तमान स्थिति को देखते हैं, तो हम उस दृष्टि से मेल नहीं खा पाते हैं जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी।

आज हम गर्व से कहते हैं कि हम आजाद देश हैं, लेकिन हमारा व्यवहार बताता है कि हम अभी भी आजाद नहीं हैं। कैसे? क्योंकि हम दूसरे धर्मों, परंपराओं के प्रति कटुता से भरे होते हैं और हमेशा दूसरों के विकास को दबाने की कोशिश करते हैं। हम आतंकवाद, झूठी विचारधाराओं, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक हिंसा, जाति भेद आदि की बेड़ियों में बंधे हैं। हम यह भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता न केवल स्वतंत्र रूप से जीना है बल्कि दूसरों को भी स्वतंत्र रूप से जीने देना है। यह सब सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वाकई स्वतंत्र हैं? क्या हम किसी प्रशंसा के पात्र हैं? हम में से अधिकांश इस बात से सहमत होंगे कि इस समय हमारे पास राम राज्य नहीं है, जिसे एक ऐसे स्थान या काल के रूप में वर्णित किया गया है, जहां हर कोई - राजा से लेकर सबसे सामान्य विषय तक - धर्मी और शुद्ध है, जो कि सच्चे धर्म का सार, हर जगह दिखाई देता है।

लेकिन वर्तमान भारत में चरित्र नहीं चरित्र, गरीबी नहीं शुद्धता, हिंसा और बर्बरता है, न कि सद्गुण जो स्पष्ट रूप से फलते-फूलते हैं। ऐसी स्थिति में, यदि हमें वास्तविक स्वतंत्रता प्राप्त करनी है, तो हमें काम, क्रोध, लोभ, अहंकार और मोह के पांच विकारों की जंजीरों से खुद को मुक्त करना होगा। जब तक हम इन पांच प्रसिद्ध शत्रुओं से मुक्ति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक हम स्वयं को वास्तव में स्वतंत्र नहीं कह सकते।

# अपने बाथरूम की जगह को करें डिकोड



**गौरव मल्होत्रा विस्तार से बता रहे हैं कि कैसे आप अपने वॉशरूम को कुछ न्यूनतम बदलावों के जरिए लक्जरी का स्पर्श दे सकते हैं**

जैसा कि कोविड-19 के प्रकोप में हमनें अपना अधिकांश समय घर पर बिताया है, यानी वो पवित्र स्थान, जहां हम आराम करने जाते हैं, कुछ आत्म-देखभाल करते हैं और खुद से लाड़ प्यार करते हैं, अब सैलून या स्पा नहीं बल्कि हमारे बाथरूम हैं। हमारे घर का यह कोना दिन भर के तनाव को दूर करने में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है, जिससे हम अपना सर्वोत्तम महसूस कर सकते हैं। महामारी की पृष्ठभूमि के मद्देनजर अब, पहले से कहीं अधिक, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हमारा बाथरूम सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन हो। यह आपके नहाने के स्थान को डिकोड करने का समय है। इस क्षेत्र में हर एक चीज को गिनें और उसमें विलासिता की भावना पैदा करें। यदि आप अपने अभयारण्य को शुरुआत से बना रहे हैं या इसे पुनर्निर्मित कर रहे हैं, तो यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे आप कुछ न्यूनतम परिवर्तनों के साथ इसके समग्र रूप और अनुभव को उन्नत कर सकते हैं।

**अपनी फिटिंग और जोड़ों से दें एक स्थायी रंगत** - आज के परिदृश्य में, एक आदर्श बाथरूम को न केवल आराम का अनुभव प्रदान करना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पानी की न्यूनतम खपत और न्यूनतम बर्बादी हो। सौभाग्य से, नए जमाने के, भविष्य के ब्रांड टिकाऊ उत्पादों का आविष्कार कर रहे हैं जो हर शॉवर के साथ पानी का संरक्षण करते हुए एक लक्जरी का आभास देते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ अत्याधुनिक शावरहेड शॉवर के पानी को हवा से समृद्ध करते हैं, जिससे बूंदों को खुशी से हल्का और मखमली नरम बना दिया जाता है। यह न केवल अधिक सुखद वर्षा की गारंटी देता है, बल्कि यह आपको अपने पानी की खपत को कम करने और हर दिन एक बेपरवाह स्नान का सुख पाने में सक्षम बनाता है।

इसी तरह, तकनीकी रूप से उन्नत शावर और नल आपके पानी और लागत की व्यापक बचत हेतु हर बार बहने वाले पानी की मात्रा को कम कर सकते हैं। ये अव्यवस्था-मुक्त डिजाइन और शैलियों में उपलब्ध हैं जहां आप सहज रूप से जेट मोड के बीच चुनाव कर सकते हैं और केवल उतना ही पानी का उपयोग कर सकते हैं जितना आपको संतोषजनक और उत्थानकारी शावर अनुभव प्राप्त करने की आवश्यकता है। बेशक, ये छोटे से छोटे फिटिंग आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध हैं जिन्हें आप अपने बाथरूम में प्रदर्शित करने में गर्व महसूस करेंगे।

**कम अव्यवस्था सुंदरता को बयान करती है**- अब जब आप जानते हैं कि अपने टिकाऊ और स्मार्ट फिटिंग का उपयोग करके अव्यवस्था को कैसे कम किया जाए, तो यह आपके बाथरूम में मौजूद हर चीज की खूबसूरती को बढ़ाने का समय है। आप अपने बाथरूम काऊंटरों पर प्रदर्शित होने वाले उत्पादों की संख्या घटाकर इसकी शुरुआत कर सकते हैं। अव्यवस्था जितनी कम होगी, आपकी जगह उतनी ही खूबसूरत लगेगी। आप बहुउद्देशीय उत्पादों का भी उपयोग कर सकते हैं ताकि आपके अलमारी और दराज में कम उत्पाद हों।

डीआईवाई पूरी तरह से परेशानी का सबब हो सकता है इसलिए निर्णय लें और सोच-समझकर खरीदारी करें। आप जिस माहौल को बनाना चाहते हैं, उसके अनुसार एक मुख्य रंग जैसे ग्रे, कोर, ब्लैक या व्हाइट चुनें। आज, ब्रांड अलग-अलग, आकर्षक सरफेस फिनिश डिजाइन के साथ नल और अन्य फिक्स्चर भी पेश करते हैं। चाहे आप क्रोम पसंद करें या रंग समूह, आप चुनाव कर सकते हैं, और अपने बाथरूम को खुबसूरती प्रदान कर सकते हैं।

**प्रकृति से प्रेरणा लें**- एक सच्चा न्यूनतम स्पा जैसा अनुभव आपके बाथरूम के लिए प्रकृति से प्रेरित सजावट से उभर सकता है। सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन वातावरण प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक सतहों व सामग्री जैसे पैबल फ्लोर, प्राकृतिक पत्थर की टाइलें, लकड़ी के प्लेटफॉर्म लगवाएं। शांति और शांति की छाप स्वाभाविक रूप से इन परिवर्धन से प्रवाहित होगी, आपके पूरे बाथरूम अनुभव को बदल देगी। अंत में, यह सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रंगत प्रदान करें कि आपकी आभा आपके बाथरूम द्वारा बनाई गई आभा से मेल खाती है। यह तब शांत और आरामदेह स्थान बन जाएगा जिसका कि आपका सपना है। निश्चित रूप से कह सकते हैं कि बाथरूम घर का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। वे पिछले कुछ वर्षों में एक व्यापक बदलाव से गुजरे हैं, और लोग अब अपने बाथरूम को कैसे बनाया जाए इस बारे के संबंध में बहुत सोच रहे हैं। कार्यात्मक, सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन, शानदार और कम से कम सामान होना ही एक बेहतर विकल्प है।

(लेखक जर्मन सैनिटरी, हंसग्रो इंडिया के एमडी हैं।

# आक्टोपस एक खलनायक

**एक नए मासिक, भयावह रूप से भयावह पशु शिकायत कॉलम में, इलियट कॉनर ने बताने का प्रयास किया कि ऑक्टोपस चूसने वाले क्यों हैं :**



**प्रिय एंथिया,**

ऐसा क्यों है कि फिल्मों में ऑक्टोपस हमेशा बुरे लोग होते हैं? किसी कारण से, वे ज्यादातर लोगों को डराने लगते हैं जो उनके पीआर के लिए बुरा होगा। ओह ... और ऑक्टोपस (ऑक्टोपस, ऑक्टोपस, ऑक्टोपी या ऑक्टोपस) का बहुवचन क्या है? ऐसा लगता है कि यह सवाल वास्तव में नाजियों के व्याकरण को खराब करता है।

**एलओएल- डॉ अचटबीन**

**हैलो, डॉ अर्शगिग,**

टॉयलेट पेपर की तरह समय भी एक कीमती चीज है। कुछ जमा करते हैं, बर्बाद भी करते हैं; अन्य लोग इसके मूल्य को पहचानते हैं और इसलिए इसे बुद्धिमानी से, मितव्ययिता से, संयम से खर्च करते हैं। ऑक्टोपस उत्पीड़न के बारे में अखबार के कॉलम में लिखना आपको समाज के लिए अभिशाप के रूप में पूर्व श्रेणी में मजबूती से रखता है। तो उस पू-पूइंग के पूरा होने के साथ, मैं आपकी बेतुकी टिप्पणियों को संबोधित करता हूं ...

अपने छल के लिए प्रसिद्ध, अपनी गैंगली बाहों और व्याकरणविदों के साथ अपनी नाराजगी के लिए प्रसिद्ध, ऑक्टोपस ने पीढ़ियों के दिलों और आत्माओं पर कब्जा कर लिया है - शायद यही वजह है कि अब उसके पास तीन दिल हैं। इसने सबसे खराब स्पाइडर-मैन फिल्म में मंच पर कब्जा कर लिया, समुद्री डाकू फिल्म में एक बाख-बजाने वाले अंग कट्टरपंथी के रूप में कोई भी जादू नहीं कर सकता है, और पिछले साल ऑस्कर विजेता वृत्तचित्र ऑक्टोसॉक्स में अभिनय किया गया था कि हमारे आठ पैर वाले दोस्तों ने कैसे आगे बढ़ाया महामारी में मंदी के दौरान जुर्राब उद्योग जब सभी ने अपने पर्स के तार को जिप-बंधा दिया था। यह सब यह दिखाने के लिए जाता है कि बताए गए हर दो सच में एक झूठ है।

यही बात आपके पत्र पर भी लागू होती है — हाँ, ऑक्टोपस उत्कृष्ट दुष्ट प्रतिभाएँ बनाते हैं; हाँ, वे उन लोगों को चिढ़ाते हैं जो उन्हें बहुवचन बनाने की कोशिश कर रहे हैं; लेकिन किसी भी तरह से लोगों को पीआर के लिए बुरा नहीं समझा रहा है। अमेरिका के आखिरी राष्ट्रपति को ही देख लीजिए।

सबसे पहली बात - गंदा ऑक्टोपसी क्यों डाली जाती है? खैर, मैं आपसे एक सवाल पूछना चाहता हूं। क्या आपको वाटरस्लाइड्स, मोप्स और ड्राइव-थ्रू कारवॉश से डर लगता है? बेशक तुम करते हो! और इन सभी चीजों में स्पष्ट लक्षण समान हैं

हालांकि, यह उससे आगे जाता है। ऑक्टोपस दरियाई घोड़े के साथ गाया जाता है - एक ऐसा प्राणी जो लोगों को मारने के लिए कुख्यात है, हर साल 500 मानव मृत्यु का कारण बनता है। यह निराशाजनक, अज्ञानी और ऑटोबस के साथ भी गाया जाता है - सभी शब्द बुरे संघों के साथ। इसके बारे में सोचने के लिए आओ, ऑक्टोपस ग्रीक हीरो ओडिपस से कुछ ही अक्षर है, जिसने अपने पिता को मार डाला और अपनी मां से शादी की। तो प्राणी स्पष्ट रूप से गलत भीड़ में पड़ गया है।

अन्य लक्षण शायद या तो मदद नहीं करते हैं। मकड़ी, बिच्छू, पिशाच और रानी की तरह ही ऑक्टोपस का खून नीला होता है। वहां कोई लोकप्रियता नहीं है। बहुत नाम, ऑक्टोपस स्वयं का एक विपर्यय है (ओ स्विच करें) जो निश्चित रूप से जादू टोना का प्रमाण है। और कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि वे एलियंस हैं, या बल्कि एक प्राचीन उल्कापिंड पर डीएनए द्वारा उत्परिवर्तित स्क्विड हैं। अगर आप मुझसे पूछें तो बहुत अच्छा-अच्छा।

लेकिन समय और ज्वार किसी भी आदमी की प्रतीक्षा नहीं करते हैं, इसलिए जब तक हमने ऑक्टोपस के खलनायक की साख में तल्लीन कर दिया है और यह पता लगाया है कि क्या उन्हें क्वागास के रूप में कतारबद्ध करता है, एक महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर दिया जाता है- बहुवचन करना या बहुवचन नहीं करना? मधुमक्खियों का होना या न होना? ऑक्टोपस, ऑक्टोपस, ऑक्टोपस या ऑक्टोपी?

इन सभी रूपों को विभिन्न शब्दकोशों और युद्धरत व्याकरण गिरोहों द्वारा सही माना जाता है। मैं असहमत हूं। ऑक्टोपस एकवचन और बहुवचन दोनों नहीं हो सकता क्योंकि अराजकता होगी। स्वर्ग जानता है कि हमारे पास पहले से ही बहुवचन के साथ पर्याप्त समस्याएं हैं - महिला और महिला विशेष रूप से क्रूर हैं, इसके अलावा कुछ शब्द एकवचन रूप में मौजूद होने से इनकार करते हैं। आपके पास कैंची की एक जोड़ी हो सकती है, लेकिन एक कैंची? मुझे ऐसा नहीं लगता। नहीं, एक ऑक्टोपस, दो ऑक्टोपस का सूत्रीकरण केवल परेशानी के लिए पूछ रहा है, जैसे कि नटखट बच्चा अपने पहले दिन कक्षा में नाजुक, टूटना नहीं, लेबल वाले बड़े चश्मे के साथ चल रहा है।

ऑक्टोपी के लिए, यदि ऐसा कोई शब्द मौजूद है तो इसका मतलब लगभग 25.1327412 (आठ गुना पीआई, और पूरी तरह से बेकार मूल्य) होगा। या शायद यह किसी प्रकार का प्रयोगात्मक, मिश्रित व्यंजन होगा। किसी भी तरह से, यह ऑक्टोपस का एक समूह नहीं है क्योंकि ऑक्टोपस ग्रीक से लिया गया एक शब्द है, इसलिए लैटिन बहुवचन ऑक्टोपी का उपयोग करने से आप सीज़र और हेज डेड से कम बुद्धिमान हो जाते हैं।

यह हमें केवल दो रूपों के साथ छोड़ देता है, जिनमें से आप चुनने और चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि संभावना है कि आप एक दिखावा करने वाले नाइटविट हैं, तो ऑक्टोपोड्स सही ग्रीक बहुवचन होगा और यदि आप अपना सिर शौचालय से नीचे नहीं बहाते हैं तो ऑक्टोपस सुरक्षित विकल्प है। बेहतर अभी तक, विषय से पूरी तरह से दूर रहें। ऑक्टोपोड्स आखिरकार एकान्त जानवर हैं, इसलिए जिसने भी पूरी व्यर्थ बहस शुरू की, वह अंग्रेजी व्याकरण के आविष्कारक की तरह ही दुखद और जोड़-तोड़ करने वाला था।

तो वह हमें कहां छोड़ता है? पहली गिनती में, ऑक्टोपस (या डच बोलने वालों के लिए ऑक्टोपस) को लंबे समय से किंवदंती के खलनायक के रूप में रखा गया है। कुख्यात क्रैकेन से लेकर जूल्स वर्ने के 20,000 लीग्स अंडर द सी के समुद्री राक्षस से लेकर द लिटिल मरमेड में उर्सुला और अनगिनत अन्य काल्पनिक जानवर, ऑक्टोपस लोगों को डराते हैं। कहानियों से परे भी, कुछ जीव मिनटों में 26 लोगों को गिरा सकते हैं, बस पकड़े जाने से। ऑस्ट्रेलिया का ब्लू-रिंग ऑक्टोपस कर सकता है और करता है (हालांकि अक्सर एक सत्र में 26 नहीं होता है जब तक कि पीड़ितों को डोमिनोज़ की तरह खड़ा नहीं किया जाता है)।

दूसरी ओर, ऑक्टोपस काफी अजीब होते हैं जो बिना बदमाश के उल्लेखनीय होते हैं। मेरा मतलब है, वे एमओपी प्रमुखों की तरह दिखते हैं जिन्होंने अभी-अभी मार्शमॉलो को समाप्त किया है, इसलिए आप देख सकते हैं कि उन्होंने सक्रिय छलावरण क्यों विकसित किया। हम सभी ने एक बिना सिर वाले मुर्गे के बारे में सुना है, लेकिन ऑक्टोपस के प्रत्येक हाथ में एक मस्तिष्क होता है, जिससे वे सिर काटने के बाद अपनी नाक उठा सकते हैं (यह मानते हुए कि उनके पास अभी भी एक नाक है, या यों कहें कि पहले उनकी नाक थी ... ठीक है, खराब उदाहरण)।

वे मछुआरों को लूटने के लिए जाने जाते हैं, हर्मिट केकड़ों को हथकंडाते हैं, जानबूझकर बाढ़ एक्वेरियम और इंजीनियर बिजली के आउटेज के साथ-साथ रूबिक के क्यूब्स को किसी भी इंसान की तुलना में तेजी से हल कर सकते हैं। यूके एक्वेरियम में एक ऑक्टोपस ने रात में अपने टैंक से बाहर निकलना और पास के टैंक से मछली का नाश्ता करना सीखा, इससे पहले कि कीपर के सुबह आगमन के लिए निर्दोष रूप से वापस आ गया। और जर्मन ऑक्टोपस पॉल को कौन भूल सकता है, जिसने जर्मनी के सभी सात खेलों और 2010 फीफा विश्व कप के फाइनल के परिणामों की सही भविष्यवाणी की थी?

अंत में, हमारी दुनिया अज्ञानी लोगों से भरी हुई है जो ऑक्टोपस को ऑक्टोपी कहते हैं, जो सोचते हैं कि उनके छह या 10 पैर हैं और कटलफिश, स्टारफिश, क्रेफ़िश, जेलीफ़िश और शेलफिश के साथ मछली मेनू पर उनकी सेवा करते हैं, जिनमें से कोई भी उस कुलीन वर्ग से संबंधित नहीं है।. ऑक्टोपस हमसे ज्यादा होशियार हैं, इसलिए वे हमारे घायल आत्मसम्मान को ठीक करने के लिए वास्तव में बुरे लोग बन जाते हैं। हैरी वर्मवुड के सदियों पुराने शब्दों में, "मैं स्मार्ट हूं, तुम गूंगे हो, मैं बड़ा हूं, तुम छोटे हो, मैं सही हूं, तुम गलत हो और इसके बारे में आप कुछ नहीं कर सकते।"

(लेखक एक वन्यजीव देखभालकर्ता, प्रकृतिवादी, शोधकर्ता, लेखक, वैज्ञानिक, एनिमलसेंस पॉडकास्ट के मेजबान और एक टेडएक्स स्पीकर हैं)